शर्मा हार्डवेयर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 09 | अंक : 319 | गुवाहाटी | रविवार, 18 जून, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/

बहुचर्चित जोनाली नाथ हत्याकांड का दूसरा अभियुक्त आजिबुर गिरफ्तार — पेज 3
ऑपरेशन गंगा भारत की अदम्य भावना की दर्शाता है : प्रधानमंत्री — पेज 4
सरकार और उद्यमियों के बीच सेतु की तरह कार्य करेंगे उद्यमी मित्र : आदित्य नाथ — पेज 5
एक वर्ष में दी 29 हजार सरकारी नौकरियां, आगे भर्ती जारी... — पेज 8

পূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(अ़समीया दैनिक)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path, ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

door graph Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## सुप्रभात

*अन्न के सिवाय कोई दूसरा धन नहीं है।*

– आचार्य चाणक्य

# मणिपुर हिंसा : सुरक्षा बलों और भीड़ में झड़प, दो घायल

## उपद्रवियों ने भाजपा नेताओं के घरों में की आग लगाने की कोशिश



**इंफाल ( हि.स. )।** मणिपुर के इंफाल शहर में बीती रात भीड़ और सुरक्षा बलों के बीच संघर्ष में दो नागरिक घायल हो गए। इस दौरान भाजपा नेताओं के घरों को आग लगाने का प्रयास किया गया। इसकी जानकारी अधिकारियों ने शनिवार को यहां दी। अलग-अलग घटनाओं में मणिपुर के बिष्णुपुर जिले के क्वाकटा और चुराचंदपुर जिले के कंगवई में भी बीती रात स्वचालित हथियारों से गोलीबारी की सूचनाएं मिल रही हैं। इंफाल वेस्ट के इरिंगबाम थाने से भी हथियार लूटने की कोशिश की गई। हालांकि, कोई हथियार उपद्रवी नहीं ले जा पाए। इस बीच दंगाइयों को एकत्र होने से रोकने के लिए सेना, असम राइफल्स और मणिपुर रैपिड एक्शन फोर्स ने राज्य की राजधानी में आधी रात तक संयुक्त मार्च किया। बीती रात लगभग 1,000 लोगों की भीड़ महल परिसर के पास की इमारतों को जलाने की कोशिश करने के लिए एक साथ आई थी। आरएएफ ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और रबड़ की गोलियां चलाईं। इसके अलावा उपद्रवियों की भीड़ ने विधायक बिश्वजीत के घर में आग लगाने की कोशिश की। हालांकि, आरएएफ कॉलम ने भीड़ को तितर-बितर कर भगा दिया। आधी रात के बाद सिंजेमाई में कुछ अन्य उपद्रवियों ने भाजपा कार्यालय को घेर लिया लेकिन कोई नुकसान नहीं पहुंचा सके, क्योंकि सेना के एक दस्ते ने उन्हें तितर-बितर कर दिया। इसी तरह, आधी रात के करीब इंफाल में पोरमपेट के पास भाजपा (महिला विंग) की अध्यक्ष शारदा देवी के घर में भीड़ ने तोड़फोड़ करने की कोशिश की। सुरक्षाबलों ने हिंसा फैलाने आए युवकों को खदेड़ दिया। अधिकारियों ने बताया कि इससे पहले दिन में शुक्रवार को इंफाल शहर के बीचोबीच सड़कों पर जाम लगाया गया और कुछ संपत्तियों को आग लगाई गई थी। इसके अलावा केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री आरके रंजन सिंह के एक घर पर गुरुवार रात हमला किया गया और उसे जलाने का प्रयास किया गया। इसी बीच शाही महल के पास एक सेवानिवृत्त आदिवासी आईएएस अधिकारी के एक गोदाम में शुक्रवार को आग लगा दी गई, जिसमें वह पूरी तरह से जलकर राख हो गया। गोदाम में आग लगाने के बाद शुक्रवार की शाम भीड़ आरएएफ कर्मियों से भिड़ गई। अधिकारियों ने कहा कि समूह ने वांगखेई, पोरोमपत और थंगापत इलाकों में सड़कों के बीच में टायर, लकड़ी और कचरा भी जलाया, जिससे मणिपुर की राजधानी शहर में यातायात प्रभावित हुआ। मणिपुर में एक महीने पहले भड़की मैतेई और कुकी समुदाय के लोगों के बीच जातीय हिंसा में 100 से अधिक लोगों की जान गई है। मणिपुर में जारी हिंसा को जातीय संघर्ष बताया जा -शेष पृष्ठ दो पर

## पीएम के दखल से रूक सकती है हिंसा : विपक्ष

**नई दिल्ली।** मणिपुर में जारी गंभीर हिंसा पर केंद्र सरकार के हस्तक्षेप की मांग करती रही कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से विदेश यात्रा पर रवाना होने से पूर्व सूबे की 10 विपक्षी पार्टियों नेताओं के प्रतिनिधिमंडल को मुलाकात का समय देने का आग्रह किया है। मणिपुर में हिंसा रोकने में राज्य सरकार के पूरी तरह नाकाम होने का आरोप लगाते हुए पार्टी ने हालात को नियंत्रण में लाने के लिए प्रधानमंत्री के तात्कालिक दखल को जरूरी करार देते हुए कहा कि पीएम मोदी यदि पहल करें तो मणिपुर में डेढ महीने से जारी हिंसा रूक सकती है। मणिपुर की 10 समान विचारधारा वाले दलों के नेताओं के -शेष पृष्ठ दो पर

## राज्य की नदियों का बढ़ा जलस्तर, कई तटबंध टूटे



**गुवाहाटी ( हि.स. )।** राज्य में बाढ़ के हालत लगातार गंभीर होते जा रहे हैं। लगातार हो रही बारिश की वजह से राज्य की प्राय: सभी नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। जानकारी के अनुसार बिश्वनाथ जिला के गोहपुर की ब्रह्मजान नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण तटबंध-सड़क टूट गया है, जिसकी वजह से नदी का पानी पूरे इलाके में फैल गया है। सड़क के टूटने की वजह से इस इलाके के सात गांवों का संपर्क शेष हिस्सों से टूट चुका है। वहीं, निचले असम के मंगलदै से बहने वाली नोवा नदी का तटबंध टूट जाने की वजह से कमारपारा गांव जलमग्न हो गया है। इनके साथ ही कलंग, कपिली, हरिया -शेष पृष्ठ दो पर

## मानसून से पहले स्वास्थ्य तैयारियों की मांडविया ने की समीक्षा



**गुवाहाटी।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने मानसून से पहले बाढ़ प्रबंधन के तहत असम में की जा रही स्वास्थ्य तैयारियों की समीक्षा के लिए शनिवार को आयोजित केंद्रीय और राज्य एजेंसियों की एक ऑनलाइन बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्वास्थ्य आपात स्थितियों के परिप्रेक्ष्य में बाढ़ जन स्वास्थ्य प्रतिक्रिया और कार्य योजना तैयार करने का भी निर्देश दिया। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने बाढ़ -शेष पृष्ठ दो पर

## न्यूज गैलरी

### यात्रियों से भरी बस दुर्घटनाग्रस्त

**जलपाईगुड़ी ( हि.स. )।** यात्रियों से भरी एक बस का पहिया खुल जाने से दुर्घटना का शिकार हो गया है। इस घटना में दर्जनों यात्री घायल हुए हैं। घटना सिलीगुड़ी-जलपाईगुड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग के तालमा इलाके में शनिवार दोपहर की है। सूत्रों के अनुसार आज एक यात्री बस सिलीगुड़ी से कूचबिहार की तरफ जा रही थी। तभी तालमा संलग्न इलाके में यात्री बस का आगे का पहिया खुल गया। जिससे बस सड़क किनारे जलाशय में पलट गया। घटना में दर्जनों यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें जलपाईगुड़ी सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दूसरी ओर, घटना की खबर पाकर राजगंज थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और बस को कब्जे में लिया।

### अब यूएस-कनाडा में भी जांच करेगी एनआईए

**नई दिल्ली।** अमेरिका और कनाडा में भारतीय हाई कमिशन पर हमले की जांच भी केंद्रीय जांच एजेंसी एनआईए को सौंपी जा सकती है। एनआईए पहले से ही ब्रिटेन स्थित हाई कमिशन पर हमले की जांच कर रही है। खालिस्तान समर्थकों ने अमृतपाल सिंह पर कार्रवाई के विरोध में ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा समेत कई अन्य देशों में भारतीय हाई कमिशन पर -शेष पृष्ठ दो पर

## सोनापुर में फिर से भारी भूस्खलन, सैकड़ों वाहन फंसे



**शिलांग ( हि.स. )।** गुवाहाटी को असम के सिलचर से जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर मेघालय के सोनापुर में शनिवार को फिर से भारी भूस्खलन हुआ है। सुबह सोनापुर स्थित सुरंग के मुंहाने पर भारी भूस्खलन हुआ है, जिसके परिणामस्वरूप राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों की आवाजाही बंद कर दी गई है। प्रशासन ने आपातकालीन कार्य के लिए मेघालय जाने वाले लोगों से अपने साथ खाद्य पदार्थों का स्टॉक रखने की अपील की है। भूस्खलन आज सुबह फिर से हुआ, जिसमें कई मीटर पहाड़ का एक हिस्सा खिसक कर टनल के सामने आ गया है। पहाड़ी मलबा लगातार हो रही बरसात के चलते खिसक कर राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहुंच गया है, जिसके चलते सड़क पूरी तरह से बंद हो गई है। प्रशासन सड़क को साफ करने के लिए बचाव कार्य में जुटा हुआ है। सड़क पर आए भारी मात्रा में मलबा को देखकर यह अनुमान लगाया गया है कि सड़क को खाली होने में कई घंटे -शेष पृष्ठ दो पर

## *मुख्यमंत्री ने डिलीवरी बॉय को न्याय दिलाने का कर्नाटक सरकार से किया अनुरोध*



**गुवाहाटी।** राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने डिलीवरी एजेंट की पिटाई मामले को लेकर कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया से शख्स की सुरक्षा और न्याय की अपील की है। हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि डिलीवरी एजेंट का उत्पीड़न काफी परेशान करने वाला है और ये काफी चिंताजनक है। इसके साथ ही उन्होंने डिलीवरी एजेंट को सुरक्षा देने की अपील करते हुए कहा कि मैं कर्नाटक के मुख्यमंत्री से अनुरोध करता हूं कि शख्स को पर्याप्त सुरक्षा और न्याय मिले। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कर्नाटक में एक 8 साल की बच्ची ने असम के डिलीवरी एजेंट पर खुद को किडनैप करने और जबरन छत पर ले जाने की शिकायत की थी। जिसके बाद पूरी बिल्डिंग में हड़कंप मच गया और -शेष पृष्ठ दो पर

### कार्रवाई की जाएगी : पुलिस

**बेंगलुरु।** बेंगलुरू पुलिस ने शनिवार को असम के मुख्यमंत्री के अनुरोध का जवाब दिया। मुख्यमंत्री के ट्वीट के जवाब में बेंगलुरु पुलिस ने कहा कि इस मामले में एक शिकायत दर्ज की गई है और आगे की कार्रवाई की जाएगी। मालूम हो कि इस हफ्ते की शुरुआत में, इलेक्ट्रॉनिक सिटी में एक अपार्टमेंट के सदस्यों द्वारा -शेष पृष्ठ दो पर

## बिपारजॉय के बाद कच्छ में स्थिति सामान्य हो रही



**भुज।** गुजरात के कच्छ जिले में शनिवार को दुकानों और कारोबारी प्रतिष्ठानों के शटर खोल दिए गए जो स्थिति सामान्य होने का संकेत है। वहीं, अधिकारी चक्रवात *बिपारजॉय* से प्रभावित कई शहरों ओर सैकड़ों गांवों में बिजली बहाल करने का प्रयास कर रहे हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अपनी ताजा अद्यतन जानकारी में बताया कि वीरवार शाम चक्रवात जखौ बंदरगाह पर तट से टकराया था जो गहरे दबाव के क्षेत्र में बदल गया है और आगे अब इसका असर कम होगा तथा यह दबाव के क्षेत्र में बदल -शेष पृष्ठ दो पर

## पीएम मोदी ने नौ सालों में बदला भारत का भाग्य : नड्डा



**शांतिरबाजार ( त्रिपुरा )।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के कार्यकाल के 9 साल पूरे होने पर उनकी तारीफ की। उन्होंने कहा कि देश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अभूतपूर्व विकास देखा है। पीएम मोदी ने पिछले नौ वर्षों में भारत का भाग्य बदल दिया। भाजपा प्रमुख ने बुनियादी ढांचे के निर्माण, सुशासन और सर्वांगीण विकास को मोदी सरकार के बेंचमार्क के रूप में बताया। बता दें, त्रिपुरा शांतिरबाजार स्कूल मैदान में मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने के अवसर पर एक रैली को संबोधित कर रहे थे। यहां उन्होंने पिछले नौ साल में हुए कामों पर प्रकाश डाला। बुनियादी ढांचे के निर्माण में केंद्र की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए नड्डा ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा के लिए -शेष पृष्ठ दो पर

## सेना ने उत्तरी सिक्किम में फंसे 3500 पर्यटकों को बचाया



**गंगटोक।** पूरे सिक्किम में शुक्रवार को भारी बारिश हुई। इस कारण उत्तरी सिक्किम में चुंगथांग के पास भूस्खलन और एक पुल के बह जाने के कारण लगभग 3500 पर्यटक फंस गए। भारतीय सेना की त्रिशक्ति कोर और सीमा सड़क संगठन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सभी पर्यटकों को सुरक्षित निकाल लिया है। सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने बताया कि शुक्रवार को भारी बारिश और खराब -शेष पृष्ठ दो पर

## सुभाष चंद्र बोस ने भारत की आजादी से कभी समझौता नहीं किया : डोभाल



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने शनिवार को कहा कि सुभाष चंद्र बोस चाहते थे कि भारतीय पक्षियों की तरह आजाद महसूस करें और उन्होंने देश की आजादी से कम पर कभी समझौता नहीं किया। राष्ट्रीय राजधानी में नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्मारक व्याख्यान देते हुए डोभाल ने कहा कि बोस न केवल भारत को राजनीतिक अधीनता से मुक्त करना चाहते थे बल्कि उन्होंने लोगों की राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक मानसिकता को बदलने की आवश्यकता भी महसूस की। अजीत डोभाल ने कहा कि नेताजी (सुभाष चंद्र बोस) ने कहा कि मैं पूर्ण स्वतंत्रता और स्वतंत्रता से कम किसी भी चीज के लिए समझौता नहीं करूंगा। उन्होंने कहा कि वह न केवल इस देश को राजनीतिक अधीनता से मुक्त करना चाहते हैं, बल्कि देश की राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक मानसिकता को बदलने की जरूरत है। एनएसए ने कहा कि लोगों और उन्हें आकाश में मुक्त पक्षियों की तरह महसूस करना चाहिए। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने भारतीय उद्योग जगत से महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों को लाने पर ध्यान केंद्रित करने और अपने कर्मचारियों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने का आह्वान किया ताकि देश की विकास यात्रा को आगे ले जाया जा सके। डोभाल ने वैश्विक स्तर पर कार्यबल मुहैया कराने में भारत की बढ़ती महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया और कहा कि यदि मानव संसाधन पर्याप्त कुशल है तो देश और अधिक सफलता हासिल कर सकता है। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) ने कहा कि हमारी सबसे बड़ी ताकत हमारा मानव संसाधन है जो अत्यधिक प्रेरित और प्रतिबद्ध -शेष पृष्ठ दो पर

## लहूलुहान पंचायत : केंद्रीय मंत्री पर हमला तृणमूल नेता की पीट-पीटकर हत्या



**कोलकाता ( हि.स. )।** पश्चिम बंगाल में गत आठ जून को पंचायत चुनाव की घोषणा के बाद से ही लगातार हिंसा का दौर जारी है। जिस दिन से नामांकन शुरू हो यानी 9 जून से ही हर रोज राज्य भर से हमले हंगामे की सैकड़ों घटनाएं सामने आ रही हैं। पंचायत चुनाव की हिंसा में अब तक पांच लोगों को मौत हत्या हो है जबकि माकपा, कांग्रेस और भाजपा के नामांकन दाखिल कर चुके उम्मीदवार घर छोड़कर दूसरी जगह रहने को मजबूर हैं। शनिवार को भी सुबह से ही वही दृश्य सामने आने लगे। सबसे पहले समय केंद्रीय गृह राज्यमंत्री निशिथ प्रमाणिक को निशाना बनाकर उनके काफिले पर हमला किया गया। इस हमले के आरोप राज्य के मंत्री उदयन गुहा और उनके समर्थकों पर लगे हैं। उसके बाद दोपहर के समय मालदा जिले में तृणमूल कांग्रेस के एक -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# हमें अपनी समृद्ध और विविध संस्कृति पर गर्व है : प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी सरकार के 9 साल पूरे होने पर इस दौरान सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण, राष्ट्र निर्माताओं की विरासत को सम्मान देने, देश भर में आध्यात्मिक स्थलों का पुनर्विकास और कायाकल्प से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों के बारे में एक विस्तृत जानकारी साझा की है। www.narendramodi.in/vikasyatra पर कन्वर्सिंग कल्चरल हेरिटेज के अंतर्गत लेख, ग्राफिक्स और वीडियो आदि के माध्यम से पिछले 9 सालों में इस दिशा में किए गए प्रयासों को प्रस्तुत किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने यह लिंक साझा करते हुए शनिवार को ट्वीट किया कि हमें अपनी समृद्ध और विविध संस्कृति पर गर्व है। भारत की गौरवशाली विरासत को पुनर्जीवित करने और सम्मान देने की दिशा में कई प्रयास किए गए हैं, जिन्होंने हमारे युवाओं और हमारी संस्कृति के बीच के बंधन को और गहरा किया है।



कन्वसिंग कल्चरल हेरिटेज में गुजरात में सरदार पटेल की विशाल प्रतिमा- स्टेच्यू ऑफ यूनिटी, तेलंगाना में रामानुजाचार्य स्वामी की विशाल प्रतिमा- स्टेच्यू ऑफ इक्वालिटी, कर्नाटक में नादप्रभु केम्पेगौड़ा की- स्टेच्यू ऑफ प्रास्पेरिटी, केदारनाथ धाम में आदि शंकराचार्य की प्रतिमा, नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर नेताजी सुभाष बोस की प्रतिमा, नई दिल्ली के ही अम्बेडकर इंटरनेशल सेंटर में बाबासाहेब आम्बेडकर की प्रतिमा, जेएनयू में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा, रांची में बिरसा मुंडा की प्रतिमा और पुणे में छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा का विशेष रूप से उल्लेख किया गया है। इसके साथ ही अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर के निर्माण को भी विशेष महत्व के साथ प्रस्तुत किया गया है। मोदी सरकार में देश की संस्कृति, सभ्यता और ऐतिहासिक महत्व की धरोहरों को सहेजने व लोगों तक उनकी जानकारी पहुंचाने के साथ ही, आजादी के 75वे साल में देश के लिए कुर्बानी देने वाले गुमनाम स्वतंत्रता सेनानियों की बलिदान गाथा को सामने लाने के लिए किए गए प्रयासों की जानकारी भी यहां मिलेगी।

# उत्कृष्ट जल प्रबंधन के लिए मध्य प्रदेश को मिला सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार

**भोपाल ( हि.स. )।** मध्य प्रदेश को जल संसाधन के संरक्षण, संवर्धन और प्रबंधन में उत्कृष्ट कार्यों के लिए सर्वश्रेष्ठ राज्य श्रेणी का प्रथम राष्ट्रीय जल पुरयूएसकार प्राप्त हुआ है। यह देश का चौथा राष्ट्रीय जल पुरयूएसकार-2022 है। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मध्य प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट और अपर मुख्य सचिव एसएन मिश्र को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में शनिवार को आयोजित समारोह में प्रथम पुरयूएसकार के प्रशस्ति-पत्र और ट्रॉफी से सम्मानित किया। इस अवसर पर केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, जलशक्ति राज्यमंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल और बिश्वेश्वर टुडु भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में 11 विभिन्न श्रेणी में 41 विजेताओं को सम्मानित किया गया। जनसंपर्क अधिकारी जकिया रूही ने बताया कि इंदौर नगर निगम को जल आपूर्ति तथा वितरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ शहरी स्थानीय निकाय श्रेणी के द्वितीय पुरयूएसकार से सम्मानित किया गया। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव और अपर आयुक्त सिद्धार्थ जैन को प्रशस्ति-पत्र, ट्रॉफी और एक लाख 50 हजार रुपए नकद पुरयूएसकार से सम्मानित किया। जल संसाधन मंत्री सिलावट ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में कृषि और किसानों के लिए ऐतिहासिक काम हुए हैं। विगत 18 वर्ष में प्रदेश में सिंचाई का रकबा बढ़कर 45 लाख हेक्टेयर हो गया है, जिसे वर्ष 2025 तक 65 लाख हेक्टेयर किए जाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। जल प्रबंधन के हर क्षेत्र में मध्य प्रदेश ने उत्कृष्ट कार्य किया है। प्रदेश में बांध से सीधे खेतों तक भूमिगत पाइप लाइन से जल पहुंचाने का नवाचार हुआ है। प्रदेश की मोहनपुरा एवं कुंडालिया परियोजना, जिसकी सिंचाई क्षमता 2 लाख 25 हजार हेक्टेयर है, जल उपयोग दक्षता उन्नयन के क्षेत्र में अनुकरणीय सिंचाई परियोजना के रूप में स्थापित हो चुकी है। मुख्यमंत्री चौहान ने मध्य प्रदेश को *राष्ट्रीय जल पुरयूएसकार- 2022* मिलने पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह सम्मान प्रत्येक प्रदेशवासी के लिए गर्व का विषय है। ऐसे प्रयासों से न केवल हमारी धरती बचेगी, बल्कि इस धरा पर जीवन भी समृद्ध होगा। उप राष्ट्रपति धनखड़ ने शनिवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में केंद्रीय जलशक्ति मंत्रालय के चौथे राष्ट्रीय जल पुरयूएसकार समारोह में मध्य प्रदेश को जल-संरक्षण, प्रबंधन एवं उपयोग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सर्वश्रेष्ठ राज्य श्रेणी में प्रथम पुरयूएसकार से सम्मानित किया है।

## मुख्यमंत्री से मिला मंत्रालयिक कर्मचारियों का प्रतिनिधिमंडल

**जयपुर ( हि.स. )।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से शनिवार को मंत्रालयिक कर्मचारियों के प्रतिनिधिमण्डल ने उनके निवास पर मुलाकात की। प्रतिनिधिमण्डल के सदस्यों ने गहलोत को अपनी छह सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कर्मचारियों को उनकी मांगो का कार्मिक और वित्त विभाग से परीक्षण करवाकर निएमानुसार उचित निर्णय लेने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री के आश्वासन के बाद मंत्रालयिक एकता मंच ने अपना क्रमिक अनशन समाप्त करने का फैसला किया। इस अवसर पर कार्मिक विभाग के प्रमुख शासन सचिव हेमंत गेरा, मंत्रालयिक एकता मंच कोर कमेटी के सदस्य गजेन्द्र सिंह राठौड़, सुरेश धाभाई एवं राजेश पारीक सहित मंत्रालयिक एकता मंच के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## *असम में बाढ़ के हालत गंभीर*
# 11 जिले बाढ़ की चपेट में

**गुवाहाटी ( हिंस )।** पूर्वोत्तर के राज्यों के साथ ही पड़ोसी देश भूटान में कई दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण ब्रह्मपुत्र नद समेत राज्य की सभी नदियों का जलस्तर काफी बढ़ गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य के 11 जिले अब तक बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं। भूटान से निकलने वाली नदियों का जलस्तर बढ़ जाने की वजह से निचले असम में भीषण बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। ज्ञात हो कि निचले असम के तामुलपुर का कलझार गांव भीषण बाढ़ की चपेट में आ गया है। भूटान से बहने वाली पगलादिया नदी का जलस्तर बढ़ गया है, जिससे गांव में पानी घुस गया है। गांव के काफी करीब से बहने वाली इस नदी के पानी से जलमग्न हुए गांव के लोग पगलादिया नदी के नवनिर्मित तटबंध पर शरण लिए हुए हैं। गांव के लोग मवेशियों को भी बांध पर ले आए हैं।



गांव के 80 से अधिक परिवारों का घर पगलादिया नदी के पानी में डूब गया है। नदी के पश्चिमी किनारे पर नवनिर्मित बांध के कारण गांव में नदी का पानी ठहरा हुआ है। लोग त्राहिमाम कर रहे हैं। प्रशासन द्वारा राहत और बचाव कार्य में हो रहे विलंब की वजह से लोगों में हाहाकार मचा हुआ है।

# गुवाहाटी रेलवे स्टेशन को मिला एएएसएएसएआई का *ईट राइट स्टेशन* टैग

**गुवाहाटी।** भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने यात्रियों को उच्च गुणवत्ता और पौष्टिक भोजन प्रदान करने के लिए गुवाहाटी रेलवे स्टेशन को ईट राइट स्टेशन प्रमाणन से सम्मानित किया है। यह पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) के तहत यह दर्जा प्राप्त करने वाला पहला स्टेशन है, जो 2 जून से शुरू होने वाले दो साल के लिए वैध है। एइएसएसएआई द्वारा शुरू की गई ईट राइट इंडिया योजना का उद्देश्य देश की खाद्य प्रणाली को सभी यात्रियों के लिए सुरक्षित, स्वस्थ और टिकाऊ भोजन की ओर बदलना है। कार्यक्रम के हिस्से के रूप में, स्टेशनों को एफएसएसएआई-पैनल में शामिल तीसरे पक्ष की एजेंसी द्वारा ऑडिट से गुजरना पड़ता है, जो उन्हें 1 से 5 तक की रेटिंग प्रदान करता है। 5-स्टार रेटिंग इंगित करती है कि स्टेशन यात्रियों के लिए सुरक्षित और स्वच्छ भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक मानकों का पूरी तरह से अनुपालन करता है। ईट राइट इंडिया नियामक उपायों, क्षमता निर्माण पहलों, सहयोग और सशक्तिकरण दृष्टिकोणों के संयोजन को नियोजित करता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि परोसा गया भोजन लोगों और पर्यावरण दोनों के लिए उपयुक्त है। वर्तमान में, देश भर में 66 स्टेशनों को प्रमाणित किया गया है, जबकि दो स्टेशन प्रमाणन प्राप्त करने की प्रक्रिया में हैं। मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन चार सितारों की रेटिंग हासिल करते हुए पहला ईट राइट स्टेशन बन गया। आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, ईट राइट स्टेशन बनने में पांच चरण शामिल हैं। रेलवे स्टेशन को पहले खुद को पंजीकृत करना होगा, उसके बाद विशिष्ट मानदंडों के आधार पर एक पूर्व-लेखा परीक्षा आयोजित की जानी चाहिए। चरण तीन में एफएसएसएआई-पैनलबद्ध प्रशिक्षण भागीदारों द्वारा प्रदान किए गए प्रशिक्षण शामिल हैं। इसके बाद तीसरे पक्ष के लेखा परीक्षकों या स्वच्छता रेटिंग लेखा परीक्षकों द्वारा अंतिम ऑडिट किया जाता है। चरण पांच में दो साल का प्रमाणन प्रदान करना शामिल है। कार्यक्रम के तहत सबसे अधिक प्रमाणित रेलवे स्टेशनों वाला राज्य मध्य प्रदेश है, जिसमें 18 स्टेशन हैं। राजस्थान और दिल्ली सात-सात ईट राइट स्टेशनों के साथ निकटता से अनुसरण करते हैं। दिल्ली के उल्लेखनीय स्टेशनों में शाहदरा रेलवे स्टेशन, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, नरेला रेलवे स्टेशन, आनंद विहार टर्मिनल, हजरत निजामुद्दीन और ओखला रेलवे स्टेशन शामिल हैं। अब तक, हरियाणा के किसी भी रेलवे स्टेशन को इस कार्यक्रम के तहत प्रमाणन प्राप्त नहीं हुआ है।

# *पृष्ठ एक का शेष*

## *मणिपुर हिंसा : सुरक्षा...*

रहा है। हालांकि, विशेषज्ञों और राजनीति के जानकारों का कहना है कि यह जातीय हिंसा नहीं है, बल्कि राज्य सरकार द्वारा पहाड़ों पर होने वाली अफीम और गांजे की खेती पर लगाई गई रोक का नतीजा है। ज्ञातव्य है कि मणिपुर के उग्रवादी समूह नशे की खेती से मिलने वाले पैसों के बल कर आराम का जीवन यापन करते हैं। जानकारी के अनुसार मणिपुर में उत्पन्न अफीम को प्रोसेस करने के लिए पड़ोसी देश म्यांमार ले जाया जाता है, जहां पर उसे हेरोइन में तब्दील कर करोड़ों रुपए में बेचकर मोटा मुनाफा उग्रवादी समूह कमाते हैं। बताया गया है कि मणिपुर में जारी हिंसा की असली वजह के पीछे करोड़ों रुपए के नशे का कारोबार है। हालांकि दावा तो यह भी किया जा रहा है कि उग्रवादी समूहों को पड़ोसी राज्य मिजोरम के कुछ संगठनों का भी सहयोग मिल रहा है। मणिपुर सरकार ने राज्य में अफवाहों को फैलने से रोकने के लिए 11 जिलों में कर्फ्यू लगा दिया है और इंटरनेट सेवाओं पर प्रतिबंध लगा दिया है। उल्लेखनीय है कि मैतेई समुदाय की अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मांग के विरोध में पहाड़ी जिलों में *आदिवासी एकजुटता मार्च* के आयोजन के बाद पहली बार 3 मई को झड़पें शुरू हुईं थीं।

## *पीएम के दखल से...*

साथ साझा प्रेस कांफ्रेंस करते हुए कांग्रेस के संचार महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि मणिपुर के इन नेताओं ने 10 जून को ई-मेल भेजकर और 12 जून को पत्र पीएमओ को सौंप प्रधानमंत्री मोदी से मिलने का समय मांगा है। उन्होंने कहा कि उम्मीद करते हैं कि अमेरिका-मिस्त्र की यात्रा पर रवाना होने से पूर्व पीएम इनकी बात सुनने के लिए समय देंगे। कांग्रेस के अलावा मणिपुर की माकपा, भाकपा, जदयू, एनसीपी, आरएसपी, फारवर्ड ब्लॉक समेत कई स्थानीय पार्टियों के नेता पीएम से मुलाकात के लिए दिल्ली आए हुए हैं। जयराम ने कहा कि 45 दिनों से मणिपुर जल रहा है और राज्य सरकार पूरी तरह विफल साबित हो चुकी है, ऐसे में इन नेताओं की बात पीएम सुनेंगे हमारी यह अपेक्षा है। 2001 में 18 जून को मणिपुर में हुई इसी तरह की हिंसा के छह दिन बाद 24 जून को तत्कालीन पीएम वाजपेयी की राज्य के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात और फिर आठ जुलाई को सूबे के सांसदों-विधायकों से मुलाकात के बाद उनकी ओर से जारी की गई अपील का हवाला देते हुए उन्होंने पीएम मोदी से इसका अनुसरण करने का आग्रह किया। साथ ही कहा कि गृहमंत्री के राज्य के दौरे से हालात में कोई फर्क नहीं आया है। पीएम की लगातार चुप्पी मणिपुर को नुकसान पहुंचा रही है और अगर पीएम शांति की अपील करेंगे तो हमें उम्मीद है कि राज्य के हालात में सुधार होगा। जयराम ने मणिपुर में हिंसा के मौजूदा दौर के लिए भाजपा की राजनीति और आरएसएस की विचाराधारा को जिम्मेदार ठहराया। वहीं, मणिपुर के 10 विपक्षी नेताओं की अगुवाई कर रहे कांग्रेस नेता पूर्व मुख्यमंत्री इबोबी सिंह ने कहा कि केंद्रीय मंत्री राजकुमार रंजन सिंह का घर जलाने की घटना सूबे के गंभीर हालात को बयान कर रहे हैं और अभी तक पीएम की ओर से अपील नहीं करना दुखदायी है। सिंह ने कहा कि 10 पार्टियों के नेता किसी राजनीतिक फायदे के लिए नहीं बल्कि मणिपुर में शांति की पहल के लिए पीएम से मिलना चाहते हैं और उम्मीद है कि विदेश यात्रा पर जाने से पूर्व हमें मुलाकात का समय मिलेगा।

## *राज्य की नदियों ...*

और बरपानी नदियों ने भी भयानक रूप ले लिया है। तेजी से बढ़ता पानी किसी भी पल खतरा ला सकता है। इसलिए प्रशासन ने रात में लोगों को सावधान रहने के लिए नोटिस जारी किया है। नगांव जिला के रोहा प्रशासन ने बाढ़ का पानी घुसने से पहले रात को लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने का अलर्ट जारी किया है। साथ ही इन नदियों में मछली पकड़ने पर भी पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। हालांकि, कलंग और कपिली नदी का जलस्तर अभी भी खतरे के निशान को पार नहीं कर पाया है। लेकिन, किसी भी घटना के लिए लोगों को सतर्क रहने की प्रशासन द्वारा चेतावनी दी गई है, ताकि नुकसान से बचा जा सके। इनके अलावा राज्य की अनेक नदियों के जलस्तर में उछाल आ चुका है। अनेक स्थानों पर तटबंध पहले से ही टूटे होने के कारण इन नदियों का पानी पूरे इलाके में फैल कर बाढ़ की स्थिति उत्पन्न कर रहा है।

## *मानसून से पहले ...*

के प्रभावी प्रबंधन को सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय और राज्य एजेंसियों के बीच सहयोग और समन्वय के महत्व को रेखांकित किया। मांडविया ने ट्वीट किया कि असम में आने वाले मॉनसून से पहले जन स्वास्थ्य को लेकर तैयारियों के संबंध में राज्य सरकार एवं केंद्रीय स्वास्थ्य संस्थानों के साथ वीडियो कांफ्रेंस की। बाढ़ में जन स्वास्थ्य प्रतिक्रिया पर कार्य करने और स्वास्थ्य आपातकाल के लिए कार्य योजना तैयार करने के निर्देश भी दिए। साथ ही, आपदा प्रबंधन में केंद्र और राज्य सरकार मिलकर कार्य करे, इस महत्वपूर्ण बिंदु पर भी चर्चा की। असम इस सप्ताह की शुरुआत में बाढ़ की पहली लहर की चपेट में आ चुका है, लगातार बारिश होने के बाद 11 जिलों में 34,000 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं।

## *सोनापुर में फिर...*

लगेंगे। भूस्खलन के कारण टनल के आसपास दोनों ओर सैकड़ों की संख्या में वाहन बीच रास्ते में फंस गए हैं। इसके चलते यात्रियों के बीच एक तरह से अफरा-तफरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। मेघालय पुलिस ने भारी बारिश की आशंका के मद्देनजर लोगों से अगले 24 घंटों तक मेघालय के पूर्वी जयंतिया हिल्स क्षेत्र की यात्रा नहीं करने का आह्वान किया है। मेघालय प्रशासन ने आपातकालीन कार्य के लिए पूर्वी जयंतिया क्षेत्र से गुजरने वाले लोगों से अनुरोध किया है कि वे अपने साथ खाने की वस्तुएं जरूर लेकर चलें। साथ ही पुलिस ने किसी भी आपातकाल की स्थिति में 112 पर कॉल करने का आह्वान किया है। गौरतलब है कि मेघालय के सोनापुर में टनल (सुरंग) के सामने पिछले चार दिनों के दौरान तीन बार भारी भूस्खलन हुआ है। पहली बार के मलबा को हटाने में लगभग 9 घंटे का समय लगा था। शुक्रवार की सुबह भी इसी इलाके में भूस्खलन हुआ था, जिसको हटाने का कार्य देर शाम तक चला। एक बार फिर से भूस्खलन के कारण असम के सिलचर के साथ ही मिजोरम और मणिपुर में अत्यावश्यक सामान लेकर जाने वाले वाहन भी बीच रास्ते में फंस गए हैं।

## *मुख्यमंत्री ने डिलीवरी ...*

लड़की के माता-पिता के साथ-साथ बिल्डिंग वालों ने भी डिलीवरी ब्वॉय की बुरी तरह पिटाई की। हालांकि बाद में सच सामने आ गया और पता चला कि लड़की खुद अपार्टमेंट की छत पर गई थी, लेकिन डांट से बचने के लिए उसने डिलीवरी वाले पर झूठा आरोप लगाया था। खबरों के मुताबिक, असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि एक फर्जी मामले को लेकर कर्नाटक में असम के डिलीवरी एजेंट का उत्पीड़न परेशान कर देने वाला है। यही वजह है कि असम के सीएम ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से बात की और डिलीवरी एजेंट की सुरक्षा को सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने बातचीत के दौरान कहा कि मैं कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया से यह अनुरोध करता हूं वो सुनिश्चित करें कि डिलीवरी एजेंट को पर्याप्त सुरक्षा और न्याय मिले। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि डिलिवरी एजेंट जो आघात झेल रहा है वो काफी चिंताजनक है।

## *कार्रवाई की जाएगी...*

एक डिलीवरी पार्टनर पर हमला किया गया था, जब आठ साल की एक लड़की ने दावा किया था कि वह उसे जबरन छत पर ले गया था। हालांकि, पुलिस ने अपार्टमेंट से सटे एक इमारत में सीसीटीवी फुटेज की जांच के बाद पाया कि लड़की ने झूठा आरोप लगाया और वह अकेले ही छत पर चली गई। असम का डिलीवरी पार्टनर, जो बेंगलुरु आया था, एक फूड डिलीवरी कंपनी के लिए काम करता है। असम के सीएम हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को कर्नाटक सरकार से डिलीवरी पार्टनर को न्याय दिलाने का अनुरोध किया। उन्होंने ट्वीट किया कि नकली आरोपों को लेकर असम के एक डिलीवरी एजेंट द्वारा तीव्र उत्पीड़न और आघात का सामना करना बेहद परेशान करने वाला है, मैं कर्नाटक के माननीय मुख्यमंत्री से अनुरोध करता हूं कि कृपया सुनिश्चित करें कि उक्त व्यक्ति को पर्याप्त सुरक्षा और न्याय दिया जाए।

## *बिपारजॉय के बाद ...*

जाएगा। आईएमडी ने कहा कि चक्रवात के प्रभाव से राज्य के कई उत्तरी जिलों में भारी से अत्यधिक भारी बारिश होने की संभावना है। अधिकारियों ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जखौ और मांडवी में चक्रवात प्रभावित इलाकों का दौरा करेंगे और राहत एवं बचाव अभियान का प्रबंधन कर रहे लोगों के साथ भुज में समीक्षा बैठक करेंगे। उन्होंने कहा कि चक्रवात के कच्छ से गुजर जाने के बाद क्षेत्र में बारिश नहीं हो रही है और हवा का वेग भी उल्लेखनीय रूप से कम हुआ है। अधिकारियों ने कहा कि प्रशासन ने अधिकतर सड़कों से उखड़े हुए पेड़ों को हटा दिया है और भुज एवं मांडवी जैसे शहरों तथा कई गांवों में बिजली बहाल करने के लिए काम किया जा रहा है। राज्य सरकार ने शुक्रवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि बिजली बहाल करने के लिए कच्छ, देवभूमि द्वारका, जामनगर, मोरबी, जूनागढ़, गिर सोमनाथ, राजकोट और पोरबंदर जिलों में 1,127 टीम काम कर रही हैं। विज्ञप्ति में कहा गया कि वन विभाग की टीम ने सड़कों पर गिरे 581 पेड़ों को हटा दिया है। कच्छ जिले में शनिवार को जनजीवन पर पटरी पर लौटता दिखा और सुबह दुकानें और व्यापारिक प्रतिष्ठान खुल गए। बिपारजॉय के संभावित आगमन के मद्देनजर सरकार ने राज्य के संवेदनशील क्षेत्रों में रहने वाले एक लाख से अधिक लोगों को निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया था। आईएमडी ने ट्वीट किया कि 17 जून को भारतीय समयानुसार सुबह साढ़े आठ बजे दक्षिण पश्चिम राजस्थान और दक्षिण पूर्वी पाकिस्तान से सटे गुजरात और बाड़मेर से लगभग 80 किलोमीटर दक्षिण एवं जोधपुर से 210 किलोमीटर दक्षिण पश्चिम में चक्रवात बिपारजॉय गहरे दबाव के क्षेत्र में परिवर्तित हो गया जो अगले छह घंटों के दौरान कमजोर होकर दबाव के क्षेत्र में बदल जाएगा।

## *पीएम मोदी ने ...*

13,125 किलोमीटर लंबी सीमा सड़कें बनाई गई हैं। 2014 से 2022 तक बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए 18 लाख करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं, जबकि यूपीए शासन के दौरान सिर्फ 12 किलोमीटर की तुलना में प्रतिदिन 29 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण किया जा रहा है। देश की राजकोषीय स्थिति पर नड्डा ने कहा कि वैश्विक मंदी, यूक्रेन में युद्ध और कोविड जैसी प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद भारत की जीडीपी वृद्धि स्थिर रही है। उन्होंने कहा कि भारत की मुद्रास्फीति अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और इटली जैसे विकसित देशों की तुलना में बहुत कम है। महंगाई पर सवाल उठाने के लिए कांग्रेस और सीपीआई (एम) को *अनपढ़* बताते हुए, नड्डा ने कहा कि देश की मुद्रास्फीति अमेरिका में 4.9 प्रतिशत और यूनाइटेड किंगडम में 8.7 प्रतिशत की तुलना में 4.2 प्रतिशत है।

## *सेना ने उत्तरी सिक्किम...*

मौसम में पर्यटकों के बचाव की सुविधा के लिए फ्लैश फ्लड क्षेत्र पर एक अस्थायी क्रॉसिंग बनाने के लिए रात भर काम किया। पर्यटकों को नदी पार करने में मदद की गई और उन्हें भोजन, तम्बू और चिकित्सा सहायता प्रदान की गई। उन्होंने बताया शनिवार को शाम को पांच बजे तक 2000 से अधिक पर्यटकों को बचाया जा चुका है। सड़क संपर्क बहाल करने के प्रयास जारी हैं, जबकि पर्यटकों की निकासी जारी रहेगी। टेंट लगाए जा रहे हैं और चिकित्सा सहायता चौकियां स्थापित की गई हैं। पर्यटकों को उनकी आगे की यात्रा के लिए रास्ता साफ होने तक हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। भारतीय सेना, हिमालय के अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सीमा की रखवाली करते हुए, पर्यटकों और स्थानीय आबादी को सहायता प्रदान करने में सक्रिय रहती है।

## *सुभाष चंद्र बोस ने ...*

कार्यबल है। हमें उन्हें वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए उनके कौशल को विकसित करने की आवश्यकता है। डोभाल ने जीवन के सभी पहलुओं में निरंतर सुधार का भी आह्वान करते हुए कहा कि आप जहां भी हैं, जो भी कर रहे हैं, उसे कल से बेहतर कीजिए। उन्होंने उद्योगपतियों से कहा कि महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। डोभाल ने कहा कि हमें महत्वपूर्ण एवं उभरती और विविध प्रौद्योगिकियों को लाना चाहिए। आपको वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी होना होगा, आपको नवोन्मेषी होना होगा, आपको किफायती होना होगा और यदि आपको यह करना है, तो आपको इनमें निवेश करना होगा। उन्होंने कहा कि हमें वैश्विक बाजार में प्रमुख स्थान हासिल करने के लिए महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों को अपनाना चाहिए। यह उम्मीद है कि अगले सप्ताह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वाशिंगटन यात्रा के दौरान भारत और अमेरिका महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में सहयोग की घोषणा करेंगे। डोभाल ने देश के लिए बोस के *महान* योगदान की भी बात की। उन्होंने कहा कि नेताजी को लोगों की क्षमताओं पर बहुत भरोसा था। आज हमारी प्राथमिकता अपने नागरिकों को सशक्त बनाना और उन्हें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाना होनी चाहिए। डोभाल ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे बोस ने निडरता से ब्रितानी अधिकारियों को चुनौती दी, अपने कॉलेज के दिनों में एक ब्रिटिश प्रधानाचार्य के सामने खड़े हुए, कम उम्र में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया और उन्होंने महात्मा गांधी तक की भी अवहेलना की। उन्होंने कहा कि साथ ही बोस के मन में गांधी के लिए बहुत सम्मान था।

## *लहूलुहान पंचायत : केंद्रीय ...*

नेता की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। राज्य भर में हो रही हिंसा की इन वारदातों को लेकर राज्यपाल डॉक्टर सी वी आनंद बोस ने राज्य के चुनाव आयुक्त राजीव सिन्हा को बुलाया था लेकिन वह नहीं गए। उन्होंने कहा कि स्क्रूटनी के काम में बिजी हैं, किसी और दिन जाएंगे। इधर दक्षिण 24 परगना के कैनिंग में एक बार फिर तनाव का माहौल बन गया है। तृणमूल और विपक्षी दलों के समर्थकों के बीच लगातार हिंसा की घटनाएं हो रही हैं। अब राज्यपाल वहां जाने की तैयारी में हैं। इसके पहले वह भांगड़ गए थे जहां आईएसएफ के एक नेता की गोली मारकर हत्या की गई है। मालदा जिले में शनिवार दोपहर के समय तृणमूल कांग्रेस के पूर्व पंचायत प्रधान के पति को 34 नंबर राष्ट्रीय राजमार्ग पर गिरा कर बर्बर तरीके से पीट-पीटकर मौत के घाट उतारा गया। मृतक की पहचान मुस्तफा शेख के तौर पर हुई है। उनकी पत्नी मालदा के सूजापुर ग्राम पंचायत की प्रधान थी। घटना की सूचना मिलने के बाद राज्य की मंत्री सबीना यास्मीन मौके पर पहुंचीं। उन्होंने मौके से ही जिलाधिकारी को फोन कर रिपोर्ट तलब की है। हत्या का आरोप कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर लगा है। सबीना ने बताया है कि दोपहर के समय मस्जिद में नमाज पढ़ने के बाद मुस्तफा वापस लौट रहे थे। उसी समय कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें घेरकर मारना पीटना शुरू कर दिया। सबीना यास्मिन ने कहा है कि जिन लोगों ने हत्या की वारदात को अंजाम दिया है पुलिस ने उनकी शिनाख्त कर ली है। जल्द से जल्द उनकी गिरफ्तारी होगी। उन्होंने यह भी दावा किया कि जिन लोगों ने तृणमूल नेता को मारा पीटा है वे 24 घंटे पहले ही कांग्रेस में शामिल हुए थे।

## *अब यूएस-कनाडा...*

हमला कर दिया था। भारत ने संबंधित देशों के सामने भी यह बात रखी और सुरक्षा देने की अपील की थी। अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में भारतीय कांसुलेट और कनाडा के ओटावा में खालिस्तान समर्थकों ने भारतीय हाई कमिशन पर हमला किया था। खालिस्तानी झंडे के साथ आए अमृतपाल के समर्थकों ने यहां खूब उपद्रव मचाया था। यहां तोड़फोड़ की थी। अप्रैल महीने में गृह मंत्रालय ने ब्रिटेन स्थित हाई कमिशन पर हमले की जांच एनआईए को सौंपी थी। बताया जाता है कि हमले के तार पाकिस्तानी आईएसआई से जुड़े हैं। यही वजह है कि एनआईए की टीम को जांच के लिए लंदन जाना पड़ा। गृह मंत्रालय ने दिल्ली पुलिस को मामले में दर्ज केस को जांच एजेंसी को सौंपने कहा था। दिल्ली पुलिस ने यूएपीए के तहत केस दर्ज किया था। इसके बाद एनआईए ने असम के डिब्रूगढ़ जेल में बंद अमृतपाल सिंह और उसके 9 साथियों से पूछताछ की थी। बाद में जांच एजेंसी की टीम ब्रिटेन गई और अधिकारियों से मुलाकात की और जरूरी सीसीटीवी फुटेज हासिल किए। अब माना जा रहा है कि गृह मंत्रालय ने एनआईए को एक फ्रेश केस दर्ज करने कहा है और इसबार कनाडा, ब्रिटेन और अमेरिका तक की जांच का निर्देश दिया है। गृह मंत्रालय ने नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) को अपनी शिकायत में कहा है कि केंद्र सरकार को जानकारी मिली है कि दिल्ली पुलिस ने 8 जून को एक एफआईआर दर्ज की है। आईपीसी की कई धाराओं में केस दर्ज किए गए हैं। एक्सप्लोसिव सब्सटांस केस की धारा 4 के तहत भी मामला दर्ज किया गया है। गृह मंत्रालय का कहना है कि कनाडा के ओटावा स्थित हाई कमिशन के बाहर अमरजोत सिंह की अगुवाई में 23 मार्च को भारत-विरोधी नारेबाजी की गई थी।

## *स्वर्वेद भाष्य*




**चतुर्थ मंडल** **चतुर्दश अध्याय**

**( स्तुति-प्रार्थना )**

**परब्रह्म परमातमा, पूरण पुरुष पुरान।**
**नि:अक्षर नि:शब्द है, अज अद्वैत महान॥ 01॥**

**शब्दार्थ :** (पूरण) भरा हुआ (पुरान) सनातन (अज) नित्य (अद्वैत) एक (महान) श्रेष्ठ, (नि:अक्षर) अक्षरातीत।

**भाष्य :** अक्षरातीत, नि:शब्द, परब्रह्म परमात्मा अनादि, पूर्ण पुरुष, नित्य, महान एवं अद्वैत है अर्थात उसके समान दूसरा कोई पदार्थ नहीं है।

**परम अक्षर अस्कम्भ हैं, परम पुरुष पर धान।**
**सत्यनाम स्व: नाम है, परम तत्व विज्ञान॥ 02॥**

**शब्दार्थ :** (परधान)श्रेष्ठ (परम तत्व) महान वस्तु (विज्ञान) अनुभव साक्षात्कार।

**भाष्य :** सत्यनाम, स्व:नाम, परम अक्षर, स्कंभ, सर्वश्रेष्ठ परम पुरुष है। इसी परम तत्व का विज्ञान अर्थात अपरोक्ष साक्षात्कार होता है। निर्भ्रांत एवं विशिष्ट, पूर्ण ज्ञान को विज्ञान कहते हैं।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए पी.जी. इंडिया लिमिटेड एमआईई, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**

# बहुचर्चित जोनाली नाथ हत्याकांड का दूसरा अभियुक्त आजिबुर गिरफ्तार

## आरोपी करता था सुपारी किलर का काम

**ग्वालपाड़ा (हिंस)।** बहुचर्चित भाजपा नेत्री जोनाली नाथ हत्याकांड के दूसरे अभियुक्त आजिबुर रहमान को ग्वालपाड़ा पुलिस ने ग्वालपाड़ा जिला के माटिया से शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। आजिबुर की गिरफ्तारी मुख्य हत्यारा हासानुर रहमान के बयानों के आधार पर की गई। पुलिस ने बताया कि आजिबुर के खिलाफ कई आपराधिक मामले लंबित हैं। बताया जाता है कि आजिबुर सुपारी किलर का काम किया करता था। हासानुर ने पुलिस को बताया कि भाजपा नेत्री जोनाली नाथ की हत्या करने के बाद वह एक दुकान में गया था, जहां से कोल्ड ड्रिंक खरीदकर उसने पी थी। इस सिलसिले में पुलिस को सीसीटीवी का फुटेज भी प्राप्त हुआ है। हासानुर ने जोनाली नाथ की हत्या में आजिबुर की सहायता ली थी। उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता पार्टी की ग्वालपाड़ा जिला सचिव जोनाली नाथ की हत्या 11 जून की रात करके उसके शव को ग्वालपाड़ा जिले के कृष्णाई के शालपाड़ा में 17 नंबर राष्ट्रीय राजमार्ग पर फेंक दिया गया था। इस हत्या के सिलसिले में पुलिस ने हासानुर नामक एक युवक को गिरफ्तार किया था। हासानुर ने



जोनाली की हत्या करने संबंधी आरोप को स्वीकार किया था। इस हत्या को लेकर पूरे राज्य में सनसनी फैली हुई है।

## नकली नोट के कारोबार में शामिल एक गिरफ्तार

**गुवाहाटी (हिंस)।** गुवाहाटी के वशिष्ठ थाना क्षेत्र के जोराबाट पुलिस ने नकली नोट के कारोबार में शामिल एक युवक को गिरफ्तार किया है। गुवाहाटी के पुलिस कमिश्नर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार शनिवार की दोपहर 3.30 बजे जोराबाट पुलिस की टीम ने आठ माइल गणेश मंदिर के पास एक अभियान चलाया। अभियान के दौरान भारी मात्रा में नकली नोट समेत एक युवक को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार युवक की पहचान जियाबुर रहमान (26, लखीमपुर) के रूप में की गई है। गिरफ्तार आरोपित के पास से 24.5 लाख नकली नोट जब्त किये गये हैं। पुलिस इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार आरोपित से सघन पूछताछ कर रही है।

## कामपुर में प्रेमजान तटबंध टूटा, इलाके में आई बाढ़



**नगांव (असम) (हिंस)।** नगांव जिलांतर्गत कामपुर में प्रेमजान तटबंध कपिली नदी में आई बाढ़ के चलते टूट गया। इससे इलाके में बाढ़ आ गयी है। राज्य में पिछले एक सप्ताह से लगातार हो रही बारिश के चलते राज्य की अधिकांश नदियां उफान पर हैं। जानकारी के अनुसार खानदंग में बांध का गेट खोले जाने से कपिली नदी का जलस्तर बढ़ गया, जिसके कारण कामपुर गोसाईंगांव के प्रेमजान में कपिली नदी पर बना तटबंध टूट गया। पिछले साल दो बार आई विनाशकारी बाढ़ के कारण प्रेमजान तटबंध टूट गया था, जिसकी सिंचाई विभाग ने मरम्मत की थी। लेकिन इस वर्ष पहली बाढ़ में ही तटबंध फिर से टूट गया। इससे कामपुर राजस्व सर्कल के कई गांव बाढ़ के पानी से जलमग्न हो गये हैं। प्रशासन की ओर से राहत एवं बचाव कार्य तेज किए गए हैं।

## मायुमं, कामाख्या शाखा का रक्तदान शिविर आयोजित

**गुवाहाटी (विभास)।** मारवाड़ी युवा मंच की कामाख्या शाखा ने विस्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष पर मंच के राष्ट्रीय कार्यालय द्वारा निर्देशित सप्ताह व्यापी रक्तदान शिविर की श्रृंखला में गिरिजा नंदा चौधरी यूनिवर्सिटी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। खराब मौसम, भारी बरसात एवं परीक्षा चलने के बावजूद भी 53 यूनिट रक्त संग्रह करके स्वागत ब्लड बैंक में संरक्षित किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्षा नीलम भजनका, सचिव नमिता दुधेड़ीया, कोषाध्यक्ष जूही पांडे, उपाध्यक्ष योगिता अग्रवाल, ममता सेठी, खुशबू मोर, अरुणा अग्रवाल, मीना जैन व कार्यक्रम संयोजिका सुनीता सराफ उपस्थित थीं।

## गुवाहाटी में भूस्खलन से एक व्यक्ति की मौत



**गुवाहाटी (हिंस)।** पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण राजधानी गुवाहाटी के धीरेनपाड़ा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर भूस्खलन हुआ है। शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात को भूस्खलन के बाद धीरेनपाड़ा के सोनाली पथ स्थित एक मकान पर गॉर्ड वाल गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि मृतक की पहचान बरपेटा निवासी मुक्तार अली के रूप में हुई है। वह उस मकान में किराए पर रहता था और गुवाहाटी में एक मिठाई के कारखाने में काम करता था। फटाशील आमबाड़ी थाने से पुलिस और एसडीआरएफ की रेस्क्यू टीम ने राहत एवं बचाव कार्य आरंभ किया। मकान का मालिक शहर के गणेशपाड़ा इलाके का निवासी है। स्थानीय लोगों ने रात में हादसे की जानकारी मकान मालिक को दी। पोस्टमार्टम के बाद शव को उसके परिजनों को सौंपा जाएगा।

## पूसीरे सिलचर-नाहरलगुन एवं अगरतला-गुवाहाटी के बीच दो स्पेशल ट्रेनों का करेगी परिचालन

**गुवाहाटी (हिंस)।** यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पूर्वोत्तर सीमा रेल (पूसीरे) ने सिलचर-नाहरलगुन और अगरतला-गुवाहाटी के बीच दो स्पेशल ट्रेनों का परिचालन करने का निर्णय लिया है। दक्षिण असम की बराक घाटी को अरुणाचल प्रदेश के एक हिस्से से जोड़ने के लिए सिलचर और नाहरलगुन के बीच ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं से 19 जून से 29 अगस्त तक 11 फेरों के लिए चलेगी। एक और ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन अगरतला और गुवाहाटी के बीच 22 जून से 1 सितंबर तक दोनों दिशाओं से 11 फेरों के लिए चलेगी। पूसीरे के सीपीआरओ सब्यसाची डे ने आज बताया है कि ट्रेन संख्या 05638 (सिलचर- नाहरलगुन) प्रत्येक सोमवार को



सिलचर से 13.50 बजे रवाना होकर अगले दिन नाहरलगुन 08.30 बजे पहुंचेगी। वापसी में, स्पेशल ट्रेन संख्या 05637 (नाहरलगुन-सिलचर) प्रत्येक मंगलवार को नाहरलगुन से 10.00 बजे रवाना होकर अगले दिन सिलचर 04.40 बजे पहुंचेगी। यह स्पेशल ट्रेन वाया बदरपुर, लमडिंग, डिमापुर, फरकाटिंग, न्यू तिनसुकिया, डिब्रूगढ़, धेमाजी और उत्तर लखिमपुर स्टेशनों से होकर चलेगी। इस ट्रेन के 20 कोचों में एसी 2-टीयर, एसी 3-टीयर और स्लीपर क्लास कोच होंगे। एक अन्य स्पेशल ट्रेन संख्या 05628 (अगरतला-गुवाहाटी) प्रत्येक गुरुवार को अगरतला से 19.00 बजे रवाना होकर अगले दिन गुवाहाटी 08.45 बजे पहुंचेगी। वापसी में, स्पेशल ट्रेन संख्या 05627 (गुवाहाटी-अगरतला) प्रत्येक शुक्रवार को गुवाहाटी से 13.15 बजे रवाना होकर अगले दिन अगरतला 04.35 बजे पहुंचेगी। यह ट्रेन वाया धर्मनगर, बदरपुर, लमडिंग और चापरमुख जंक्शन स्टेशनों से होकर गुजरेगी। इस ट्रेन के 21 कोचों में एसी 3 टीयर, स्लीपर क्लास और जेनेरल सेकेंड क्लास कोच होंगे।

## शिशु निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों का सम्मान



**गुवाहाटी (विभास)।** नारायण नगर स्थित शिशु निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में शनिवार को हायर सेकेंडरी के पहले बैच के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों और प्रबंधन समिति के सदस्यों ने हिस्सा लिया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रीना भौमिक ने स्वागत भाषण देते हुए विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे लोग जीवन में अच्छा इंसान बने। इस मौके पर विद्यालय के अध्यक्ष पवन कुमार अगरवाला ने निवर्तमान बैच को अपने प्रेरक भरे शब्दों से प्रोत्साहित किया, ताकि आगे चलकर सभी अपने परिवार सहित विद्यालय का नाम रौशन कर सकें। डिस्टिंक्शन और स्टार मार्क होल्डर्स को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## भाजपा ने नुमालीगढ़ में जनसभा का आयोजन किया

**नुमालीगढ़।** सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्थ ने राज्य के गोलाघाट जिले के सरूपाथर निर्वाचन क्षेत्र में स्थित पुरबोंगला सार्वजनिक खेल के मैदान में जनसभा की घोषणा की है। केंद्र सरकार के 9 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी राज्य भर में जनसंपर्क अभियान का आयोजन कर रही है। इस कार्यक्रम में कोलियाबोर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले दस विधान सभा क्षेत्रों के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। यह कदम अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारी में उठाया गया है और उसी में इस क्षेत्र में दबदबा है। इस बैठक में पार्टी के कई प्रमुख सदस्यों ने भाग लिया, जिनमें केंद्रीय जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सरबंदा सोनोवाल, असम के वित्त मंत्री अजंता नियोग, राज्यसभा सदस्य कामाख्या प्रसाद तासा, खुमताई विधायक मृणाल सैकिया, भारतीय जनता पार्टी गोलाघाट के अध्यक्ष देबप्रदीप बोरा के अध्यक्ष शामिल हैं। भारतीय जनता पार्टी कलियाबोर अनिल सैकिया।




## सरकारी नौकरी के बहाने पैसा एंठने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**तिनसुकिया।** वेस्ट कार्बी आंग्लांग पुलिस ने तिनसुकिया में डिप्टी कमिश्नर के कार्यालय के दो कर्मचारियों सहित तीन लोगों को नौकरी चाहने वालों को कथित रूप से लालच देने और सरकारी नौकरी देने के बहाने उनसे पैसे ऐंठने के आरोप में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तीनों सदस्यों की पहचान डीसी कार्यालय के कर्मचारी दीपक थापा, प्रदीप टंटिया और माकुम निवासी अनिल मोरान के रूप में हुई है। जांच। प्रथम दृष्टया सबूतों से तीनों आरोपियों की भूमिका सामने आई, जिसके बाद हमरेन पुलिस की एक टीम तिनसुकिया पहुंची और उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों ने खुलासा किया कि उन्होंने न्यायपालिका पद के लिए एक फर्जी नियुक्ति पत्र जारी किया है।

## एक ही रात में एक ही स्थान पर हुई 27 सड़क दुर्घटनाएं

**जोरहाट (हि.स.)।** जोरहाट जिला में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-37 पर सटाई के पास एक ही रात में एक ही स्थान पर 27 सड़क दुर्घटनाएं हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ये सभी दुर्घटनाएं रात के वक्त हुईं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर चल रहे निर्माण कार्य की वजह से सड़क का डायवर्शन बगल से किया गया है। लगातार कई दिनों से राज्य में हो रही मूसलाधार बारिश की वजह से कंस्ट्रक्शन साइट पर रखी गई मिट्टी बहकर सड़क पर आ गई। मिट्टी के आ जाने की वजह से सड़क पूरी तरह कीचड़ से भर गयी है। सड़क पर पहले से ही बड़े-बड़े गड्ढे थे, जिसकी मरम्मत करने के प्रति लगातार कंस्ट्रक्शन कंपनी उदासीन देखी जा रही थी। यह सड़क है या खेत, समझ पाना मुश्किल है। कीचड़ से भरे होने के कारण सड़क के गड्ढे दिखाई दे नहीं रहे हैं। यही वजह है कि रात के समय आने वाली गाड़ियां इसमें दुर्घटनाग्रस्त होती रहीं। इन दुर्घटनाओं में कई लोग जख्मी होकर अस्पताल पहुंच चुके हैं। दुर्घटना की शिकार हुई अधिकांश गाड़ियों में दो पहिया वाहन हैं। देखना यह है कि प्रशासन की नींद आखिर कब तक खुलती है।

## आलोपति में वज्रपात से महिला बेहोश, चिकित्सारत

**नगरबेड़ा।** राज्य के कोने-कोने में बारिश व तूफान बेरोक-टोक जारी है। बरपेटा जिले के बाघबर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आलोपति चर थाना अंतर्गत आलोपति शांतिपुर में आज तड़के मूसलाधार बारिश के बीच एक महिला के बेहोश होने की खबर सामने आई है। मिली जानकारी के अनुसार आज सुबह भारी बारिश के दौरान गांव में तेज आवाज के साथ वज्रपात की चपेट में एक महिला आई और बेहोश हो गई। बताया जाता है



कि बिजली गिरने से शिराजुल हक की पत्नी फूलबानू नेसा बेहोश हो गईं। बाद में बेहोश महिला को स्थानीय आलोपति स्वास्थ्य प्राथमिक केंद्र ले जाया गया। समाचार लिखे जाने तक महिला अचते हालत में है। इस घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

## तस्करी के लिए ले जाए जा रहे 17 मवेशी जब्त



**कोकराझाड़ (विभास)।** जिले के पर्वतझोरा महकमे के अंतर्गत बोगरीबाड़ी पुलिस स्टेशन के अधिकारियों ने आधी रात महामाया रिजर्व फॉरेस्ट में अभियान चलाकर 17 मवेशियों को जब्त करने में बड़ी सफलता हासिल की है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जब्त किए गए 17 मवेशियों को ट्रक में लादकर बाहरी राज्यों में ले जाया जा रहा था। इस बीच मिली गुप्त सूचना के आधार पर पर्वतझोरा के एसडीपीओ पार्थ प्रतिम दुवरा और बोगरीबाड़ी के थानाप्रभारी ज्योतीष दास के नेतृत्व में अभिचानल चलाकर माकरीझोरा माकरीझोरा से 17 मवेशियों को बरामद किया गया। हालांकि रात के अंधेरे का फायदा उठाकर तस्कर मौके पर फरार होने में सफल रहे। वहीं पुलिस द्वारा जब्त किए गए मवेशियों को बोगड़ीबाड़ी थाने ले जाया गया।

## गुवाहाटी रिफाइनरी के अस्थायी कर्मचारी ने की आत्महत्या

**गुवाहाटी (हिंस)।** गुवाहाटी के नूनमाटी स्थित रिफाइनरी के एक अस्थायी कर्मचारी ने शनिवार को इलाके के बिष्णु राभा रोड पर स्थित अपने किराए के मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कर्मचारी की पहचान रमेश डेका के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार सुबह मकान के मालिक ने डेका का शव घर के अंदर फंदे पर लटका देखा। उन्होंने इसकी सूचना नूनमाटी थाना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। डेका ने आत्महत्या क्यों की, इसका पता नहीं चल पाया है।

## भारी बारिश से होजाई जिले के कई क्षेत्र बाढ़ की चपेट में

**होजाई (होसं)।** बीते कुछ दिनों से लगातार हो रही मुसलाधार बारिश से जिले में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। जिले के कई क्षेत्रों में पानी भर आया है। वहीं पहाड़ी जिला जिला डिमा हासाउ एवं उमरांगसो में निर्मित जल प्रकल्प बांध की स्थिति नाजुक होने के चलते जल प्रकल्प के छह फाटकों को खोल दिया गया है। जिसके चलते बीती रात कार्बी आंग्लांग जिले के साथ - साथ होजाई जिले के सैकड़ों गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। जानकारी के अनुसार जिला प्रशासन ने होजाईवासियो को बाढ़ की सूचना पहले ही दे दी थी।



जिला प्रशासन के अनुसार कपिली नदी के आस - पास तथा बाढ़ क्षेत्रों में रह रहे लोगों से आग्रह किया है कि वे सुरक्षित स्थानों पर अपना ठिकाना बना ले, ताकि जिला प्रशासन सभी सुरक्षित स्थानों पर जरूरत की सामग्री मुहैया कराने में किसी तरह की दिक्कत न हो। वहीं जिले के हावाईपुर, लश्कर पथार, कारीखाना, बिडिंगबस्ती, सिंगिमारी, रायकटा, कुमराकाटा, नावभंगा, हायंग, राधानगर, बारहफूटी, राजबाड़ी, जाठिहुरा, टेपलागुड़ी, हातिमारा, केंदुगुड़ी आदि गावों बाढ़ से प्रभावित हैं। लोग को जानमाल का नुकसान उठाना पड़ रहा है।

## नव्या लेडीज क्लब ने वाक कला प्रशिक्षण कार्यशाला का किया आयोजन

**गुवाहाटी (विभास)।** नव्या लेडीज क्लब की अध्यक्ष नीतू बुखरेडिया ने घोषणा की कि नव्या लेडीज क्लब ने महिलाओं को सशक्त बनाने और उन्हें समाज में अपने विचारों को मजबूती प्रदान करने के लिए कदम उठाने की एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की है। उन्होंने बताया कि महिलाओं की ऊंची उड़ान के लिए वाक कला प्रशिक्षण की आवश्यकता है। ताकि वे अपनी आवाज को पूरी तरह से उठा सकें। इसी उद्देश्य को पूरा करने के लिए नव्या लेडीज क्लब ने एक वाक कला प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया। इस कोर्स के माध्यम से नव्या लेडीज क्लब की सदस्याओं को ही नहीं बल्कि शहर के बाहर से आई कई महिलाओं को भी एक साथ आकर इस संदर्भ में साझा ज्ञान



और अनुभव का मौका मिला। यह कोर्स उन महिलाओं को समर्पित है, जिन्हें पब्लिक स्पीकिंग में रुचि है और जो अपनी आवाज को बढ़ाने के लिए तत्पर हैं। नव्या लेडीज क्लब ने इस कोर्स का आयोजन मेघा खेतावत द्वारा कराया है। मेधा एक प्रोफेशनल लैंग्वेज और प्रेजेंटेशन ट्रेनर हैं, जो नेतृत्व प्रशिक्षण में विशेषज्ञ हैं। उन्होंने इस कोर्स के दौरान अपनी विशेषज्ञता और अनुभव का सराहनीय उपयोग किया है ताकि सभी सहभागियों को संवेदनशील और प्रभावी संवाद कौशल विकसित करने में मदद मिल सके। इस कोर्स के सफल समापन के बाद नव्या लेडीज क्लब की सचिव कविता शर्मा ने सभी संबंधित लोगों को धन्यवाद दिया और उनकी सहयोगी भूमिका का सम्मान किया। उन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और उसकी शुभकामनाएं दी हैं। यह कार्यक्रम महिलाओं को सशक्त करने और उनके विचारों को मजबूत बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो समाज में समानता और प्रगति को प्रोत्साहित करेगा।

No. KSD/TECH/TEND/15/ 208

**SHORT TENDER NOTICE**

Sealed tenders in prescribed form affixing non-refundable court fee stamp of Rs.8.25 (Rupees eight and twenty five paisa) only are invited from the eligible registered contractors of Irrigation Department, Assam for the under mentioned work, and the same will be received by the undersigned up to **2.00 pm of 30-06-2023** and opened on the same day at the same place at **3.00 pm** in presence of willing contractors or their authorised representatives, if any. If for any reason, the last date of receiving and opening of tenders happens to be a declared holiday, the same will be received and opened in the next working day.

The detailed NIT, particulars of work, specification of work, terms and conditions etc. may be seen in the office of the undersigned during the office hour on any working day up to **1.00 pm on 30-06-2023.**

The tender papers are to be collected from the office of the undersigned on payment of Rs.100.00 (Rupees One Hundred) only in the form of IPO duly pledged to the Executive Engineer, Kaliabor-Samaguri Division (Irrigation), Jakhalabandha.

Earnest Money : 2% for general caste and 1% for OBC, MOBC, ST, SC etc. of the value of the work.

Time of Completion : 45 (forty five) days from the date of issue of formal work order.

| Group No. | Name of work | Approx. Value of work |
|---|---|---|
| 1 | M & R works for Kaliabor Lift Irrigation Scheme under K aliabor- Samaguri Division (I), Jakhalabandha for the year 2022-23 - Earthwork in Strengthening Right Embankment of Hatbor Minor from Ch. 2200m to 2300m. | Rs. 5,99,400.00 |

*-- Janasanyog/C/4593/23*

Executive Engineer,
Kaliabor-Samaguri Division (Irrigation)
Jakhalabandha, Nagaon

# 'ऑपरेशन गंगा' भारत की अदम्य भावना को दर्शाता है: प्रधानमंत्री




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यूक्रेन से हजारों भारतीयों की सुरक्षित निकासी पर बनी डॉक्यूमेंट्री फिल्म द इवैक्यूएशनः ऑपरेशन गंगाह्व की सराहना करते हुए कहा कि यह ऑपरेशन से संबंधित पहलुओं पर बहुत जानकारीपूर्ण होगी। हिस्ट्री टीवी18 ने भारत सरकार द्वारा चलाये गए 21वीं सदी के सबसे बड़े रेस्क्यू मिशन ऑपरेशन गंगा पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म ह्वद इवैक्यूएशनः ऑपरेशन गंगा तैयार की है। मारूफ रजा की इस डॉक्यूमेंट्री में युद्ध से तबाह यूक्रेन में फंसे भारतीय छात्रों की स्थिति को दिखाया गया है। इसमें दिखाया गया है कि भारतीय छात्र उस समय किस प्रकार बंकरों में रह रहे थे। उनके पास भोजन और पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं थीं। फिल्म में दिखाया गया है कि ऐसी विकट स्थिति में मोदी सरकार ने किस प्रकार रेस्क्यू मिशन ह्वऑपरेशन गंगाह्व शुरू कर युद्ध के बीच फंसे छात्रों की सुरक्षित स्वदेश वापसी का मार्ग प्रशस्त किया। हिस्ट्री टीवी18 के एक ट्वीट पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को ट्वीट किया, ह्वऑपरेशन गंगा हमारे लोगों के साथ खड़े होने के हमारे दृढ़ संकल्प को इंगित करता है, चाहे चुनौती कितनी भी कठिन क्यों न हो। यह भारत की अदम्य भावना को भी दर्शाता है। यह वृत्तचित्र इस ऑपरेशन से संबंधित पहलुओं पर बहुत जानकारीपूर्ण होगा। हिस्ट्री टीवी18 के ट्वीट में कहा गया, 24 फरवरी 2022 को, यूक्रेन में हजारों भारतीयों ने खुद को एक सक्रिय युद्ध क्षेत्र में फंसा हुआ पाया। ठीक दो दिन बाद, भारत ने 21वीं सदी में सबसे बड़े हवाई निकासी में से एक का शुभारंभ किया। इतिहास रचने वाले मिशन में 90 विशेष उड़ानें, 18 देशों से 22,000 से अधिक भारतीयों और 147 विदेशी नागरिकों को निकाला गया। अंदर की कहानी देखें 'द इवेक्यूएशनः ऑपरेशन गंगा' में, प्रीमियर #कल रात 8 बजे History-TV18 पर होगा।

# मोदी सरकार के 9 साल बेमिसाल, आज कठुआ में भाजपा का महा जनसंपर्क अभियान



**कठुआ, (हि.स.)।** मोदी सरकार के 9 साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत जिला कठुआ के ब्लॉक बरनोटी में स्थित कमला पैलेस में रविवार को भाजपा जिला इकाई कठुआ की ओर से विशाल जनसभा का आयोजन किया जा रहा है। इसी संदर्भ में जम्मू-कश्मीर भाजपा के उपाध्यक्ष युधवीर सेठी और पूर्व मंत्री राजीव जसरोटिया ने जिला भाजपा अध्यक्ष गोपाल महाजन की अध्यक्षता में कठुआ में बैठक कर पार्टी कार्यकताओं को कार्यक्रम में बढ-चढकर भाग लेने की अपील की। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए युधवीर ने कहा कि मोदी सरकार के पिछले नौ साल विशेष रूप से जम्मू-कश्मीर में शासन के संबंध में फल-फूल रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने जम्मू-कश्मीर में व्यापक विकास और लंबे समय तक शांति सुनिश्चित करने के अलावा इस क्षेत्र को धारा 370 के पुराने चंगुल से मुक्त कराया है, जो जम्मू-कश्मीर की प्रगति में सबसे बड़ी बाधा थी और तीन दशक से अधिक लंबी अशांति के मूल कारणों में से एक थी। सेठी ने कहा कि पीएम मोदी ने पिछले नौ वर्षों में जम्मू-कश्मीर के विकास, शांति, समृद्धि और प्रगति के लिए सभी बाधाओं को दूर कर दिया है और मार्ग प्रशस्त किया है। पूर्व मंत्री राजीव जसरोटिया ने अपने संबोधन में इस बात पर जोर दिया कि भारत को एक आत्मनिर्भर देश में बदलने की दिशा में मोदी सरकार के प्रयास अविश्वसनीय रहे हैं।

उन्होंने पिछले नौ वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री की सफलताओं और उपलब्धियों के बारे में लोगों को शिक्षित करने के लिए पार्टी कार्यकताओं पर जोर दिया। जिला अध्यक्ष गोपाल महाजन ने कठुआ जिले के लोगों से बड़ी संख्या में बाहर आने और मोदी सरकार के लिए अपना समर्थन दिखाने के लिए रैली में भाग लेने की अपील की। उन्होंने जोर देकर कहा कि रैली सरकार की उपलब्धियों और देश के विकास और प्रगति के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करेगी। इस बैठक में जिला पहाड़ी प्रभारी जंगबीर सिंह, जिला संगठन सचिव विशाल परिहार, डडीसी उपाध्यक्ष रघुनंदन सिंह, बीडीसी अध्यक्ष रघुबीर सिंह, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रेम प्रेम नाथ डोगरा, महिला मोर्चा की राष्ट्रीय सचिव रेखा कुमारी, जिला महासचिव राजेश मेहता, जिला उपाध्यक्ष टीआर भगत, जिला उपाध्यक्ष शिवदेव सिंह, युवा मोर्चा के जिला महासचिव मयंक भगोत्रा सहित कई अन्य मौजूद रहे।

# पंजाब की किसान बेटियों ने रचा इतिहास, भारतीय वायु सेना में बनी फ्लाइंग ऑफिसर



**चंडीगढ़, (हि.स.)।** माई भागो आर्म्ड फोर्सिज प्रैपरेटरी इंस्टीट्यूट फार गर्ल्स की दो पूर्व छात्राओं इवराज कौर और प्रभसिमरन कौर को एयर फोर्स अकादमी, हैदराबाद से ट्रेनिंग के बाद शनिवार को भारतीय हवाई सेना में फ्लाइंग ऑफिसर के तौर पर कमीशन मिला है। फ्लाइंग अफसर इवराज कौर, जो फ्लाइंग ब्रांच में बतौर हैलीकॉप्टर पायलट ज्वांइन करेगी, जिला रूपनगर के किसान जसप्रीत सिंह की बेटी है जबकि फ्लाइंग अफसर प्रभसिमरन कौर के पिता परमजीत सिंह भी गुरदासपुर जिले के किसान हैं। प्रभसिमरन की नियुक्ति हवाई सेना की एजुकेशन ब्रांच में होगी। पंजाब के रोजगार उत्पत्ति, कौशल विकास और प्रशिक्षण मंत्री अमन अरोड़ा ने दोनों नव- नियुक्त अफसरों को बधाई देते हुए कहा कि पंजाब की इन बेटियों के पिता किसान हैं और उनकी सफलता यकीनी तौर पर पंजाब के छोटे कस्बों और गांवों के बच्चों को भी रक्षा सेवाओं में कमीशंड अफसर बन कर देश की सेवा करने के लिए प्रेरित करेगी। गौरतलब है कि माई भागो एएफपीआई, पंजाब के रोजगार उत्पत्ति, कौशल विकास और प्रशिक्षण विभाग के अधीन कार्यशील है, जिसके पास अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे वाला एक रिहायशी कैंपस है और यह देश में अपनी किस्म का एकमात्र कैंपस है। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि राज्य की लड़कियों के देश की सेवा के लिए रक्षा सेवाओं में जाने के सपने को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने हाल ही में माई भागो एएफपीआई में एनडीए प्रैपरेटरी विंग (लड़कियों) की स्थापना को मंजूरी दी है, जहां इस साल जुलाई से ट्रेनिंग शुरू हो जायेगी। माई भागो एएफपीआई के निदेशक मेजर जनरल जसबीर सिंह संधू, एवीएसएम ने इंस्टीट्यूट की इन दोनों छात्राओं के फ्लाइंग अफसर के तौर पर चुने जाने पर खुशी प्रकट करते हुए कहा कि यह प्राप्ति उनको राज्य की अन्य लड़कियों को अलग-अलग हथियारबंद सेनाओं के लिए प्री-कमीशन ट्रेनिंग अकादमियों में भेजने के उनके यत्नों को और बढ़ावा देगी।

# दिल्ली में रेलवे की पीआरएस सेवाएं साढ़े तीन घंटे तक रहेंगी स्थगित

**अजय कुमार**




**मुरादाबाद।** दिल्ली में रेलवे की पब्लिक रिजर्वेशन सिस्टम (पीआरएस) की सेवाएं 18 जून रात्रि 11.45 बजे से 19 जून को तड़के 03.15 बजे तक करीब 3.30 घंटे तक उपलब्ध नहीं रहेंगी। उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक (कोचिंग) सुधीर सिंह ने शनिवार को बताया कि स्थिर और गतिशील डेटाबेस संपीडन कार्य के लिए दिल्ली पीआरएस की सभी सेवाएं- आरक्षण, निरस्तीकरण, चार्टिंग, पूछताछ सेवा (139 तथा काउंटर सेवा), इंटरनेट बुकिंग तथा ईडीआर सेवाएं 18 जून की मध्यरात्रि 11.45 बजे से 19 जून को तड़के 03.15 बजे तक लगभग 3.30 घंटे तक उपलब्ध नहीं रहेंगी।

# बागेश्वर धाम महंत धीरेन्द्र शास्त्री से मिले बिना लौटीं शिवरंजनी, कहा- शादी की इच्छा से नहीं आई



**छतरपुर, (हि.स.)।** गंगोत्री से जल भरकर पदयात्रा कर मध्य प्रदेश के छतरपुर जिला स्थित बागेश्वर धाम के महंत कथावाचक पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री से मिलने के पहुंची एमबीबीएस की छात्रा शिवरंजनी शनिवार को उनसे बिना मिले ही वापस लौट गई। दरअसल, पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री इन दिनों एकांतवास में हैं। शिवरंजनी शुक्रवार देर रात बागेश्वर धाम पहुंची थी, जहां उन्होंने जल चढ़ाया। इसके बाद शनिवार को वह पंडित धीरेन्द्र शास्त्री से बिना मिले वापस लौट आई। इस दौरान शिवरंजनी ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि वह पंडित धीरेन्द्र शास्त्री से शादी की इच्छा लेकर नहीं आई थी। वह बागेश्वर धाम के दर्शन करने पहुंची थी। शिवरंजनी तिवारी एमबीबीएस की छात्रा हैं और भजन गायिका के तौर पर जानी जाती हैं। शिवरंजनी के पिता पंडित बैजनाथ तिवारी का दावा है कि उनके परिवार का संबंध मध्य प्रदेश के सिवनी में जन्मे ब्रह्मलीन जगदगुरुस्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज से जुड़ा हुआ है। पैतृक गांव चंदौरीकला (दिघौरी) है, जो सिवनी में पड़ता है। हालांकि शिवरंजनी तिवारी का परिवार पिछले 25 साल से हरिद्वार में रहता है। शिवरंजनी गत एक मई को कुछ साथियों के साथ गंगोत्री से जल भरकर कलश यात्रा पर निकली थीं।

वह पदयात्रा करते हुए बीते गुरुवार को छतरपुर पहुंची थी। यहां आने पर उनकी तबीयत बिगड़ गई थी। इसके बाद उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज कराने के बाद अस्पताल से शुक्रवार को उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया। इसके बाद वह देर रात बागेश्वर धाम पहुंची। यहां उन्होंने बागेश्वर धाम में जल चढ़ाया और फिर धीरेन्द्र शास्त्री से बिना मिले ही वापस लौट गईं।

# केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चक्रवात प्रभावित क्षेत्रों का किया हवाई निरीक्षण

**-नुकसान संबंधी जानकारी ली, अस्पताल भी गए**

**-गृहमंत्री के साथ मुख्यमंत्री पटेल भी मौजूद रहे**



**अहमदाबाद, (हि.स.)।** गुजरात के समुद्र तटीय क्षेत्र कच्छ समेत 9 जिलों में बिपरजॉय समुद्री चक्रवात से हुए नुकसान का आकलन करने शनिवार को केन्द्रीय मंत्री अमित शाह कच्छ जिला के भुज पहुंचे। इन्होंने मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल के साथ प्रभावित क्षेत्र का हवाई निरीक्षण किया। केन्द्रीय मंत्री ने अधिकारियों से नुकसान के संबंध में जानकारी मांगी। शाम 4 बजे कलक्टर के साथ रिव्यू मीटिंग करेंगे। इसके बाद शाम 5 बजे मीडिया से भी मिलेंगे। केन्द्रीय मंत्री अमित शाह शनिवार को 12 बजे भुज पहुंचने के बाद वहां से जखौ कोस्ट गार्ड के हेलिपैड पहुंचे। यहां से उन्होंने कच्छ जिले के प्रभावित क्षेत्रों का हवाई निरीक्षण किया। इस दौरान शाह के साथ मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल भी साथ रहे। सरकार की सभी एजेंसियों से नुकसान के संबंध में जानकारी मांगी गई है। हवाई निरीक्षण के बाद केन्द्रीय मंत्री शाह प्रभावित लोगों से मुलाकात करने हॉस्पिटल भी पहुंचे। वे मांडवी के सिविल अस्पताल पहुंचे और प्रभावित लोगों से मुलाकात की। चक्रवाती तूफान के दौरान प्रसूति महिलाओं के भी हाल-समाचार की जानकारी ली। हवाई निरीक्षण के दौरान उन्हें किसानों और मछुआरों को हुए नुकसान के संबंध में अंदाज बताया गया। इससे पूर्व राज्य सरकार ने बिपरजॉय चक्रवाती तूफान में स्थनांतरित किए गए लोगों को कैशडॉल देने की घोषणा की है। यह राशि आगामी तीन दिनों के अंदर सभी को दे दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने तूफान के बाद सभी प्रभावित जिलों के कलक्टर से नुकसान के संबंध में जानकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग से पहले ही ले ली थी। इस सभी जानकारी को उन्होंने केन्द्रीय गृह मंत्री से साझा किए।

# पंचायत चुनाव हिंसाः भाजपा ने केंद्रीय गृह मंत्री और राज्यपाल से की हस्तक्षेप की मांग

**कोलकाता, (हि.स.)।** पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव की घोषणा के बाद से लगातार हो रही हिंसा और राज्य भर में विपक्षी समर्थकों पर हमले की घटनाओं को लेकर भाजपा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से हस्तक्षेप की मांग की है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं बालूरघाट से सांसद सुकांत मजूमदार ने शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्री को पत्र लिखा है। उन्होंने फोन पर भी अमित शाह से बात की है। मजूमदार ने केंद्र सरकार से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य में चुनाव की सुरक्षा के लिए केंद्रीय बलों की तैनाती सुनिश्चित की जानी चाहिए। इसके बाद सुकांत ने राजभवन जाकर राज्यपाल डॉक्टर सीवी आनंद बोस से मुलाकात की। दोनों के बीच करीब आधे घंटे तक वार्ता हुई जिसके बाद बाहर निकले मजूमदार ने मीडिया से बातचीत में कहा कि राज्यपाल बोस ने आश्वस्त किया है कि राज्य भर में हिंसा के लिये जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। इसके कुछ देर बाद राजभवन की ओर से राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी राजीव सिन्हा को तलब किया गया है। उन्हें आज ही राजभवन आने को कहा गया है। उल्लेखनीय है कि पंचायत चुनाव के लिये नामांकन दाखिले को केंद्र का राज्य भर में चार लोगों की हत्या हो चुकी है। सबसे अधिक तनाव दक्षिण 24 परगना के भांगड़ में रहा जहां लगातार सात दिनों तक बमबारी और गोलीबारी होती रही। शुक्रवार को राज्यपाल ने घटनास्थल का दौरा भी किया था। इसके पहले भी राज्य में हिंसा की घटनाओं के बाद मुख्य चुनाव अधिकारी को तलब का राज्यपाल ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई के निर्देश दे चुके हैं।

# आईएमए के कैडेटों के आवेदित परियोजनाओं के लिए पेटेंट संख्या की गई प्रदान




**देहरादून (हि.स.)।** भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) के लिए पहली बार पेटेंट, डिजाइन और व्यापार महानियंत्रक ने एसीसी विंग, आईएमए के कैडेटों के विकसित पांच विज्ञान और प्रौद्योगिकी परियोजनाओं के लिए पेटेंट आवेदन संख्या प्रदान की हैं। जिन्हें अनंतिम पेटेंट माना जाता है। अगस्त 2021 में आईएमए में स्थापित 'जिज्ञासा प्रयोगशाला' में इन परियोजनाओं को कैडेटों ने विकसित किया था। भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने दिसंबर 2021 में प्रयोगशाला का दौरा किया था और कैडेटों के किए जा रहे कार्यों की सराहना की थी। जिन परियोजनाओं के लिए पेटेंट आवेदन संख्या प्रदान की गई है उनमें ठंडे क्षेत्रों में सैनिकों के उपयोग के लिए पेसो बिजली से चलने वाले थर्मल जैकेट, व्यक्तिगत हथियारों के लिए स्वचालित गोला बारूद लोडर, रोवर ड्रोन शामिल हैं जो हवाई और जमीनी भूमिका दोनों में काम कर सकते हैं और सैनिक नेविगेशन और संचार प्रणाली शामिल है। आईएमए को अब आगे की कार्रवाई के लिए मई 2024 तक इन परियोजनाओं के कार्यशील प्रोटोटाइप जमा करने की आवश्यकता है। इन परियोजनाओं के लिए विचार कैडेटों ने ही उत्पन्न किए थे और मानव संसाधन विकास मंत्रालय के साथ पंजीकृत एक गैर सरकारी संगठन यूनिसेड के तत्वावधान में संकल्पित किए गए थे। विभिन्न आईआईटी के प्रोफेसर कैडेटों को उनके विचारों को फलीभूत करने के लिए सलाह दे रहे हैं। आईएमए के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल वीके मिश्रा ने कैडेटों के प्रयास की सराहना की और कहा कि आईएमए में प्रशिक्षण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा नई उभरती प्रौद्योगिकियों के संपर्क में आना है ताकि भविष्य के सैन्य नेता भविष्य के तकनीकी रूप से गहन युद्ध क्षेत्र को संभालने के लिए बेहतर तरीके से तैयार हो सकें।

# नेहरू-इंदिरा जैसे करिश्माई नेता हैं नरेन्द्र मोदीः अजित पवार



**जलगांव।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के प्रमुख शरद पवार के भतीजे और महाराष्ट्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अजित पवार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पंडित नेहरू और इंदिरा गांधी के कद का करिश्माई नेता करार दिया है। उन्होंने कहा कि मोदी के काम और करिश्मे की वजह से ही भाजपा केंद्र में अपने दम पर दो बार पूर्ण बहुमत की सरकार बना चुकी है। महाराष्ट्र के जलगांव में शुक्रवार को एनसीपी कार्यकताओं की बैठक में अजित पवार ने कहा कि नरेन्द्र मोदी देश के पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और इंदिरा गांधी जैसे करिश्माई नेता हैं। उन्होंने गृहमंत्री अमित शाह की भी तारीफ की। पवार ने कहा कि इन दो नेताओं की वजह से ही आज देश के अधिकतर राज्यों में भाजपा की सरकार है। पवार ने मोदी और अटल बिहारी वाजपेयी के समय की भाजपा की भी तुलना की। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के समय में भी भाजपा को पूरा बहुमत नहीं मिला था, लेकिन मोदी के काम और करिश्मे की वजह से भाजपा केंद्र में अपने दम पर दो बार सरकार बना चुकी है। अधिकतर राज्यों में भी उनकी सरकार है। पूर्व उप मुख्यमंत्री अजित पवार प्रधानमंत्री मोदी के बड़े प्रशंसक हैं। इससे पूर्व भी वह समय-समय पर मोदी की तारीफ करते रहे हैं। अरविंद केजरिवाल ने जब प्रधानमंत्री की डिग्री पर सवाल खड़े किए थे तब अजित पवार ने कहा था कि देश ने नरेन्द्र मोदी को डिग्री देखकर वोट नहीं दिया है। उन्होंने अपने दम पर बहुमत हासिल किया है। वहीं बीते अप्रैल महीने में अजित पवार ने कहा था कि दो सांसदों वाली भाजपा मोदी की वजह से ही 2014 और 2019 में पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बना पाई। बहरहाल एनसीपी के भीतर चल रही अंदरूनी राजनीति के चलते अजित पवार के बयान को उनकी भाजपा से बढ़ती नजदीकियों के तौर पर देखा जा रहा है।

# केंद्र और राज्य के समन्वित प्रयासों से बाढ़ प्रबंधन मॉडल सर्वोत्तम परिणाम ला सकता हैः डॉ. मनसुख मांडविया

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने असम में मानसून के मौसम से पहले बाढ़ प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा के लिए केंद्रीय और राज्य एजेंसियों के साथ बैठक की अध्यक्षता की। शनिवार को आयोजित बैठक में असम में बाढ़ के प्रभावी प्रबंधन को सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय संस्थानों और राज्य सरकार की एजेंसियों द्वारा किए गए प्रबंधों का आकलन किया गया। डॉ. मांडविया ने बाढ़ और किसी भी अन्य आपात स्थिति के प्रभावी प्रबंधन के लिए केंद्र और राज्य स्वास्थ्य संस्थानों के बीच मजबूत समन्वय की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य के समन्वित प्रयासों से एक बाढ़ प्रबंधन मॉडल सर्वोत्तम परिणाम ला सकता है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग माध्यम से बैठक में जुड़े डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में महत्वपूर्ण देखभाल उपकरणों, ऑक्सीजन, अस्पतालों में बिस्तरों के साथ-साथ स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता की तैयारी की आवश्यकता को रेखांकित किया। उन्होंने निवारक स्वास्थ्य देखभाल और वेक्टर जनित और जल जनित रोगों के बारे में समुदायों के बीच अधिक जागरूकता पर भी जोर दिया। डॉ. मांडविया ने अधिकारियों से असम में बार-बार आने वाली बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए बाढ़ प्रबंधन मॉडल पर काम करने का आग्रह किया। उन्होंने किसी भी स्वास्थ्य आपात स्थिति के कुशल प्रबंधन को सुनिश्चित करने के लिए बेड, ऑक्सीजन और अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता जैसी सभी महत्वपूर्ण सूचनाओं को सूचीबद्ध करते हुए एक ऑनलाइन डेटाबेस तैयार करने का निर्देश दिया।

# योग शांति और समृद्धि का संदेश फैलाने में सक्षमः मीनाक्षी लेखी

**अजय त्यागी**



**नई दिल्ली।** केन्द्रीय राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने शनिवार को कहा कि योग पूरी दुनिया में शांति और समृद्धि का संदेश फैलाने में सक्षम है। 9वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पहले अधिकारियों और राजनयिकों के लिए दिल्ली लोटस टैंपल परिसर में आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए योग से बढ़ कर कुछ नही हैं। यह वेलनेस के लिए बेहद जरूरी है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि योग का संदेश हर चीज से ऊपर है, यह शांति और समृद्धि का संदेश फैलाने में सक्षम है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नौ साल पहले 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाए जाने की शुरूआत की थी। 21 जून से पहले योग दिवस के काउंटडाउन के रूप में देश के कोने कोने में योग के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं और इसके लाभ से लोगों को अवगत कराया जा रहा है।

# जम्मू-कश्मीर लाइट इन्फैंट्री के अग्निवीरों के पहले बैच ने ली राष्ट्रसेवा की शपथ

**श्रीनगर, (हि.स.)।** जम्मू-कश्मीर लाइट इन्फैंट्री के अग्निवीरों के पहले बैच को 24 सप्ताह के कठोर प्रशिक्षण के बाद शनिवार को उनके माता-पिता और प्रशिक्षकों की मौजूदगी में राष्ट्र की सेवा करने की शपथ दिलाई गई। श्रीनगर के जेकेएलआई रेजिमेंटल सेंटर में आयोजित समारोह राष्ट्रीय ध्वज को राष्ट्रीय सलामी के साथ शुरू हुआ। इसके बाद शपथ ग्रहण कमांडेंट ने परेड की समीक्षा की और अग्निवीरों को राष्ट्र की सेवा करने के लिए खुद को समर्पित करने की शपथ दिलाई। इसके बाद रेजिमेंटल गीत और राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ। सेना ने एक बयान में कहा कि युवाओं ने 01 जनवरी, 2023 को अपना कठोर प्रशिक्षण शुरू किया। 24 सप्ताह के उनके प्रशिक्षण ने उनकी शारीरिक फिटनेस और सहनशक्ति को बढ़ाया है। उन्हें मानसिक रूप से मजबूत बनाया और उन्हें युद्ध में जीत हासिल करने के लिए आवश्यक सैन्य कौशल सिखाया है। प्रशिक्षण उनके चरित्र निर्माण, रेजिमेंटल परंपराओं, सैन्य इतिहास, लोकाचार, भाईचारे और सबसे बढ़कर एक अविश्वसनीय भावना पर केंद्रित था। सेना ने कहा कि सैन्य प्रशिक्षण के अलावा, अग्निवीरों को विभिन्न विषयों पर निर्देश प्राप्त हुए जो उन्हें हमारे महान राष्ट्र के जिम्मेदार, संपूर्ण और योगदान देने वाले नागरिकों के रूप में सशक्त बनाते हैं। वे टीमवर्क, नेतृत्व और गतिशीलता का प्रतीक हैं।

# आईजीआई एयरपोर्ट पर विदेशी मुद्रा के साथ हवाई यात्री को पकड़ा

**आशीष वर्मा**



**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की टीम ने भारी मात्रा में विदेशी मुद्रा बरामद की है। जिसकी कीमत भारतीय रुपए में 57 लाख रुपये बताई जा रही है। बैग के अंदर कैविटी बनाकर इसे छिपाकर रखा गया था। सीआईएसएफ के प्रवक्ता अपूर्व अग्निहोत्री ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार दोपहर टर्मिनल 3 आईजीआई एयरपोर्ट पर सीआईएसएफ की सर्विलांस टीम ड्यूटी कर रही थी। उसी दौरान एक हवाई यात्री की गतिविधि उन्हें संदिग्ध लगी। जब वह पैसेंजर चेकिंग एरिया में पहुंचा तो उसकी पहचान मोहम्मद फैजल के रूप में हुई। जो भारत का ही रहने वाला था। वह दिल्ली से मुंबई इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट संख्या 6ई-1463 से शाम 5:40 से जाने वाला था। सीआईएसएफ की टीम को उसके सामान पर शक हुआ तो उसकी और चेकिंग की गई, क्योंकि जब एक्सरे मशीन में उसके सामान को डाला गया तो शक हुआ। उसके बाद उस सामान को नीचे उतारकर उसकी मैनुअली और इलेक्ट्रॉनिक तरीके से चेक किया गया तो उसके अंदर से विदेशी मुद्रा निकली। मामले की सूचना तुरंत कस्टम की टीम को दी गई। मौके पर पहुंची टीम ने पूरा सामान चेक किया तो उसमें से 2 लाख 58 हजार 500 यूएई दिरहम निकला। जिसकी कीमत भारतीय रुपए में 57 लाख रुपये बताई जा रही है। उसके बाद जब आगे की पूछताछ की गई तो वह बरामद किए गए रुपयों के बारे में कोई ठोस जानकारी या सबूत नहीं दे पाया। उसके बाद सीआईएसएफ की टीम ने बरामद की गई विदेशी मुद्रा और हिरासत में लिए गए हवाई यात्री को कस्टम विभाग के हवाले कर दिया।

# लखनऊ में राजनाथ सिंह ने आत्मनिर्भर भारत पर सेमिनार का किया शुभारम्भ



**लखनऊ, (हि.स.)।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को सूर्य क्लब सभागार कैंट में आत्मनिर्भर भारत पर आयोजित सेमिनार का दीप जलाकर शुभारम्भ किया। इस कार्यक्रम में सेना से जुड़े अधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस सेमिनार में रक्षा अनुसंधान के विषयों पर चर्चा की गयी। रक्षामंत्री सिंह शुक्रवार से अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। आत्मनिर्भर भारत पर सेमिनार में शामिल होने के बाद राजनाथ सिंह पांच कालिदास मार्ग स्थित आवास जाएंगे। आवास पर वह पार्टी कार्यकताओं से भेंट करेंगे। भाजपा के महानगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने बताया कि राजनाथ सिंह 18 जून, रविवार को 11.30 बजे इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान गोमती नगर में ध्येय फाउंडेशन के कार्यक्रम में शामिल होंगे। शाम 04 बजे आईआईएम फ्लाईओवर, मुंशी पुलिया फ्लाईओवर, खुर्रम नगर स्थित मुंशी पुलिया फ्लाईओवर के निर्माण कार्य की प्रगति देखेंगे। शाम 05 बजे गोमती नगर रेलवे स्टेशन परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लेंगे। इसके बाद सीधे एयरपोर्ट जाएंगे और शाम 05:30 पर दिल्ली रवाना हो जाएंगे।

# मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के रिकार्ड रुम में लगी आग, दस्तावेज हुए खाक



**झांसी, (हि. स.)।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय की तीसरी मंजिल पर बने रिकॉर्ड रूम में शनिवार दोपहर अचानक आग लग गई। जिससे वहां अफरा-तफरी का माहौल हो गया। सूचना मिलते ही सीएमओ सहित दमकल विभाग की गाड़ियां पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस आगजनी की घटना से अलमारियों में रखे कई दस्तावेज जलकर खाक हो गए। वहीं आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। आज दोपहर करीब 3:30 बजे सीएमओ कार्यालय की तीसरी मंजिल पर स्थित रिकॉर्ड रूम से ऑफिस के स्टाफ ने धुआं निकलते हुए देखा और इसकी सूचना मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दी। जब तक ऑफिस का स्टाफ ऊपर पहुंचते रिकॉर्ड रूम में आग ने घेरा बना लिया। इसकी सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। अलमारियों में रखे कई पुराना दस्तावेज जलकर खाक हो गए। सूचना पर सीओ सिटी राजेश राय, नवाबाद थाना प्रभारी सुधाकर मिश्रा ने मौके पर पहुंचकर जायजा लिया।

# योग के नाम पर मजहबी बातों का होना सही नहीं - मौलाना सुफियान निजामी



**लखनऊ, (हि.स.)।** दारुल उलूम फिरंगी महल के प्रवक्ता मौलाना सुफियान निजामी ने योग पर एक बड़ा बयान दिया। मौलाना सुफियान ने कहा कि योग के नाम पर सियासत या मजहबी बातों का होना सही नहीं है। इधर बीच मदरसे को ध्यान में रखकर हर आदेश जारी हो रहा है। लखनऊ के मौलाना सुफियान ने कहा कि योग के नाम पर मुहिम चलाना और उसमें कुछ मजहब से जुड़ी बातों या उच्चारणों को शामिल करना यह कबूल नहीं है। योग के नाम पर मजहबी बातों को जोड़ना और उसके बाद मदरसों, दरगाहों में उसे जरूरी करना, ये किसी सियासत को अंजाम देने की कोशिश है। दारुल उलूम के प्रवक्ता ने कहा कि योग के नाम पर एक पार्टी सामने आयी है और दूसरी इसके विरोध में है। निश्चित ही योग है तो इसे शारीरिक व्यायाम के रूप में देखा जाना है। इसे इतनी अहमियत दे दी गयी कि हर छात्र के लिए या हर मदरसे के लिए इसे अनिवार्य कर दिया गया। इसमें सियासी रंग या मजहबी रंग चढ़ा देना, बिल्कुल ही सही नहीं है। मदरसों में योग अनिवार्य पर उन्होंने कहा कि मदरसों को लेकर बीते कुछ ऐलान सियासी लगते हैं। कुछ दिन पहले मदरसों की जांच करायी गयी थी, जिसमें भी कुछ सियासत छुपी हुई थी। मेरा अपना मानना है कि मदरसों को केन्द्र में रखकर तमाम ऐलान हो रहे हैं। योग को मदरसे से जोड़ना भी सियासी रंग लगता है।

# डाक विभाग को शुरू करनी चाहिए बचत सहित अन्य खाता खोलने की मुहिम : चीफ जस्टिस

**-झारखंड हाई कोर्ट परिसर में उप डाकघर के नए भवन का उद्घाटन**



**रांची, (हि.स.)।** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र ने शनिवार को धुर्वा स्थित झारखंड हाई कोर्ट के नये परिसर में उप डाकघर के नए भवन का उद्घाटन किया। समारोह में विशिष्ट अतिथि के तौर पर सभी न्यायाधीश एवं झारखंड परिमंडल के मुख्य डाक महाध्यक्ष राकेश कुमार भी उपस्थित थे। संजय कुमार मिश्र ने यहां उपलब्ध डाक सेवाओं की सराहना की तथा बचत स्कीमों में रुचि दिखाई। उन्होंने कहा कि परिसर के सभी लोगों का बचत सहित अन्य खाता खोलने की मुहिम डाक विभाग की ओर से शुरू की जानी चाहिए, ताकि यहां के सभी न्यायाधीश, वकील, पदाधिकारीगण एवं कर्मचारियों को इसका लाभ मिल सके। मौके पर राकेश कुमार ने बताया कि यह डाकघर कोर बैंकिंग सुविधा प्रदान करेगा तथा यहां आमजन इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक की बैंकिंग सुविधाओं का भी लाभ ले सकेंगे। साथ ही यहां आधार नामांकन एवं अद्यतन केंद्र भी खोला गया है। यहां लोग बीएलई-आरईएलआई प्रीमियम जमा कर सकेंगे। डाकघर की सभी सुविधाओं का लाभ ले सकेंगे। डाक टिकट संग्रहकर्ता के लिए फिलाटेली टिकट भी यहां उपलब्ध है। सुकन्या समृद्धि खाता, महिला सम्मान बचत पत्र एवं अन्य बचत खाता भी खोला जा सकता है। कुमार ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2023-24 के बजट में महिलाओं के लिए एक विशेष योजना का ऐलान किया था। केंद्र सरकार ने एक अप्रैल 2023 से महिला सम्मान बचत पत्र योजना की शुरूआत की है। महिला सम्मान बचत पत्र के अंतर्गत महिलाओं के नाम पर दो लाख रुपये तक का निवेश किया जा सकता है एवं इसमें 7.5 प्रतिशत की दर से ब्याज देय है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व उच्च न्यायालय उप डाकघर, उच्च न्यायालय परिसर डोरंडा में अवस्थित था।

# मणिपुर को जलता छोड़कर केंद्र सरकार नौ साल के शासनकाल का जश्न मनाने में मशगूल : जदयू



**पटना, (हि.स.)।** बिहार जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने मणिपुर में भड़की हिंसा को लेकर देश के गृहमंत्री अमित शाह को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि बीते 40 दिनों से हमारे देश का एक राज्य हिंसा की आग में झुलस रहा है लेकिन दुर्भाग्य है कि केंद्र सरकार द्वारा इसको नियंत्रित करने के लिए अभी तक कोई भी ठोस प्रयास नहीं किया गया है। मणिपुर को जलता हुआ छोड़कर केंद्र सरकार अपने 9 साल के शासनकाल का जश्न मनाने में मशगूल है। प्रदेश अध्यक्ष ने शनिवार को बयान जारी कर कहा कि राज्य और केंद्र में भाजपा की सरकार होने के बावजूद अभी भी राज्य के हालात बेकाबू है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार 100 से अधिक बेगुनाहों ने मणिपुर हिंसा में अपनी जान गंवाई है। 60 हजार से अधिक लोगों को विस्थापित होना पड़ा है। पूरे राज्य में भय का माहौल बना हुआ है लेकिन जवाबदेही से मुंह मोड़कर देश के गृहमंत्री 2024 चुनाव की तैयारियों में जुटे हैं। अमित शाह से मणिपुर नहीं संभल रहा है तो फिर उन्हें पद से तुरन्त इस्तीफा दे देना चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा-आरएसएस द्वारा फैलाए गए नफरत का ही नतीजा है कि आज मणिपुर हिंसा की आग में घिरा हुआ है। अपना हित साधने के लिए भाजपा वालों ने देश को उन्माद की आग में झोंक दिया है। उन्होंने कहा कि कि मणिपुर हिंसा को लेकर केंद्र सरकार का रुख बेहद चिंताजनक है।

# सरकार और उद्यमियों के बीच सेतु की तरह कार्य करेंगे उद्यमी मित्र : आदित्यनाथ

## – मुख्यमंत्री ने 102 उद्यमी मित्रों को दिया नियुक्ति पत्र, उद्यमियों को दी प्रोत्साहन राशि

**– कार्यकाल पूरा करने वाले उद्यमी मित्रों को सरकारी नौकरी में मिलेगा स्पेशल वेटेज**




**लखनऊ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को 102 उद्यमी मित्रों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस दौरान उन्होंने उद्यमियों को 232 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि भी वितरित की। लोकभवन के सभागार में आयोजित नियुक्ति पत्र एवं प्रोत्साहन राशि वितरण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में निवेश करने वाले उद्यमियों और सरकारी मशीनरी के बीच उद्यमी मित्र सेतु की तरह काम करेंगे। वो उनकी समस्याओं का समाधान कराने का प्रयास करेंगे और यदि स्थानीय स्तर पर समाधान नहीं होता है तो उसकी जानकारी विभाग और शासन स्तर पर देंगे। जिस तरह सीएम फेलोशिप से जुड़े युवा आकांक्षात्मक विकासखंडों में शासन की तीसरी आंख की तरह कार्य करते हैं, उद्यमी मित्रों को भी उसी तरह काम करना होगा। मुख्यमंत्री ने उद्यमियों से भी न सिर्फ प्रदेश में और अधिक निवेश की अपील की, बल्कि अपने सीएसआर फंड से प्रदेश के युवाओं को कौशल विकास से जोड़ने के लिए भी प्रेरित किया। इस अवसर पर विभिन्न उद्यमियों ने भी प्रदेश में लॉ एंड ऑर्डर में सुधार के साथ सिंगल विंडो क्लियरेंस जैसी निवेश फ्रेंडली सुविधाओं की सराहना की और अपने अनुभव के साथ-साथ सुझाव भी प्रदान किए। वहीं शीर्ष उद्यमी मित्रों ने भी प्रशिक्षण के अनुभव मुख्यमंत्री के साथ साझा किए। अपने संबोधन की शुरूआत करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि हमारे 100 से अधिक उद्यमी मित्र यहां चयनित हुए हैं, आपने 14 दिन की ट्रेनिंग के साथ ही कुछ औद्योगिक स्थलों का भी निरीक्षण किया है। आप जीवन की नई पारी शुरू करने जा रहे हैं। अगले तीन वर्ष के अंदर आप अपने इन कार्यक्रमों के अंदर उत्तर प्रदेश में निवेश की संभावनाओं को आगे बढ़ाने में पूरी मजबूती से योगदान देंगे। प्रत्येक माह आपके कार्यों का मूल्यांकन होगा। तीन वर्ष के सफलतम कार्यकाल के बाद जो भी उद्यमी मित्र औद्योगिक विकास से जुड़े हुए या विभिन्न अथॉरिटी या शासन की किसी भी सर्विस से जुड़ने के लिए इच्छुक होगा तो एज रिलैक्सेशन के साथ ही स्पेशल वेटेज भी प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश को देश की नंबर एक अर्थव्यवस्था बनाने के साथ ही ईज ऑफ डूईंग बिजनेस के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आपकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। आपको देखना होगा कि कहीं भी आप पर कोई उंगली न उठा सके। आपको लालच देने का प्रयास होगा, आपका मनोबल तोड़ने का प्रयास होगा। इन दोनों परिस्थितियों में बिना डिगे, बिना झुके, बिना बहके आपको 25 करोड़ जनता को ध्यान में रखते हुए प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी और प्रदेश को सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करने के लिए अपने योगदान को रेखांकित करते हुए कार्य करना होगा। वहीं आपके मूल्यांकन का सबसे बड़ा आधार होगा। उन्होंने सीएम फेलोशिप में चयनित युवाओं का जिक्र करते हुए कहा कि सीएम फेलोशिप योजना के तहत चयनित विकासखंडों में जाकर उन्हें आकांक्षी विकासखंड से उभारकर सामान्य विकास की प्रक्रिया से जोड़ने वाले विकासखंड के रूप में स्थापित करने में योगदान दे रहे हैं। इसके परिणाम अच्छे और सकारात्मक रहे हैं। उद्यमी मित्रों की योग्यता का जिक्र करते हुए योगी ने कहा कि 1500 लोगों ने आवेदन किया था, जिसमें 105 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इनमें 87 पुरुष और 18 महिलाएं हैं। इस सूची में 15 को हमने वेटिंग में भी रखा है। यहां पर जो अभ्यर्थी चुने गए हैं, वो सभी सम्मानित यूनिवर्सिटी से आए हैं। यूनिवर्सिटी अफ्फ वेल्स, यूके, आईआईएम लखनऊ, आईआईएम इंदौर, बीएचयू, ट्रिपल आईआईटी प्रयागराज, एनआईटी प्रयागराज समेत शीर्ष शिक्षण संस्थानों से ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट अभ्यर्थियों ने आवेदन किया। आप सबसे अपील है कि यह अवसर है आपके लिए कार्य करने का, अपने आपको साबित करने का, अपनी क्षमता को प्रदेश हित में लगाने का। आपके द्वारा जो भी प्रयास होंगे उनके बेहतर परिणाम को अपनी आंखों से देखने का। इस बार आपने देखा होगा कि इन्वेस्टर्स समिट में हमें 35 लाख करोड़ के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इन्वेस्टर्स समिट कैसे होना चाहिए, उत्तर प्रदेश ने मानक तय कर दिया है। मुख्यमंत्री ने उद्यमियों को आश्वासन दिया कि यदि आपने प्रदेश सरकार पर विश्वास किया है तो आपके विश्वास के साथ किसी को भी विश्वासघात करने की छूट नहीं देंगे। आज के दिन कोई उद्यमी, कोई व्यापारी शिकायत नहीं कर सकता कि किसी गुंडे ने उनसे चंदे के लिए या चुनाव में सहयोग के लिए फोन किया है। उन्होंने उद्यमियों से अपील भी की कि बदले हुए उत्तर प्रदेश में अधिक से अधिक निवेश करिए और रोजगार का सृजन करिए। अपनी सीएसआर की निधि का उपयोग उत्तर प्रदेश में ही करिए। हर इंडस्ट्री अपने साथ एक इंस्टीट्यूशन को जरूर जोड़े। आपकी आवश्यकता के अनुरूप स्किल डेवलपमेंट के कार्य से यहां के यूथ को जोड़िए। इंस्टीट्यूशन से जुड़े लोगों को अपने यहां ट्रेनिंग दिलाएं। हमने सीएम इंटर्नशिप की स्कीम भी निकाली है। इस स्कीम के तहत यदि आप अपने यहां अनस्किल्ड मैनपावर को रखते हैं, उसकी ट्रेनिंग करवाते हैं तो आधा पैसा राज्य सरकार आपको देगी और आधा पैसा आप मानदेय के रूप में उसे देंगे। एक निश्चित समय में वो आपके यहां कार्य करेगा और बाद में उसका कहीं और समायोजन होगा। यह एक बड़ा प्रयास होगा। उत्तर प्रदेश के अंदर अगले एक वर्ष के अंदर साढ़े सात लाख नौजवानों को इसके साथ जोड़ने का लक्ष्य हमने तय किया है। इस अवसर पर औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, औद्योगिक विकास व संसदीय कार्य राज्यमंत्री जसवंत सैनी, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी, अरविंद कुमार, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास प्रमुख सचिव नरेंद्र भूषण, औद्योगिक विकास एवं इन्वेस्ट यूपी के अधिकारीगण व देश और प्रदेश से आए कई उद्यमी उपस्थित रहे।

# उप्रः समान नागरिक संहिता लागू करना समय की मांग : केशव प्रसाद मौर्य



**लखनऊ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि समान नागरिक संहिता लागू करना समय की मांग है। समान नागरिक संहिता का उल्लेख भारत के संविधान में किया गया है। यह 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' को और सशक्त करेगा। उप मुख्यमंत्री ने शनिवार को ट्वीट किया कि सेकुलर नेता गजब के दोमुंहा हैं जो पंथनिरपेक्ष देश की वकालत करते हैं, लेकिन इसके लिए पंथ निरपेक्ष कानून यानी समान नागरिक संहिता का नाम सुनकर बिदकने लगते हैं। केशव ने लिखा कि भारत का संविधान नहीं है पर्सनल लॉ बोर्ड। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को देश के लिए अनावश्यक अव्यावहारिक और अत्यंत हानिकारक बताया है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने सरकार से मांग की है कि इस अनावश्यक कार्य में देश के संसाधनों को बर्बाद करके और समाज में फूट का कारण न बने। इसके बाद उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का बयान आया है।

# मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना से दो लाख युवाओं को लाभ पहुंचाने का लक्ष्य



**रांची, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की ओर से रोजगार सृजन योजना में किया गया सरलीकरण आज स्वरोजगार करने वाले अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग के लिए वरदान साबित हो रहा है। अब स्वरोजगार अपना कर खुद मालिक और अन्य को भी रोजगार देने में सहायक बन रहे हैं। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत विगत दो वित्तीय वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 राज्य भर के 6272 युवाओं को स्वरोजगार के लिए सरकार ने 104.97 करोड़ रुपये का ऋण प्रदान किया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के करीब दो लाख युवाओं को इस योजना से लाभान्वित करने का लक्ष्य तय किया गया है।

**पूर्वी सिंहभूम के सर्वाधिक लाभुक** - योजना के तहत सबसे अधिक लाभुक पूर्वी सिंहभूम के हैं। यहां के 940 युवाओं को योजना का लाभ मिला और उनके बीच स्वरोजगार के लिए 6.26 करोड़ की राशि निर्गत हुई। दुमका के 657 युवाओं को योजना का लाभ मिला और स्वरोजगार के लिए इन्हें 11.66 करोड़ रुपये ऋण दिया गया। हजारीबाग में 567 युवाओं के बीच 7.31 करोड़ की राशि बतौर ऋण निर्गत हुई।

# भीषण गर्मी के कारण 24 जून तक बंद रहेंगे आंगनबाड़ी केंद्र सहित सभी विद्यालय



**बेगूसराय, (हि.स.)।** शनिवार को भी हीट वेब के कारण गर्मी से कोहराम मचा रहा। सड़कों पर दोपहर में लोग नहीं दिखे, अस्पताल में गर्मी के कारण बीमार पड़ने वालों की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। इसके मद्देनजर बच्चों को गर्मी से राहत दिलाने के लिए जिला प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। जिला पदाधिकारी के निदेर्शानुसार बढ़ती गर्मी के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव के मद्देनजर जिला के सभी सरकारी, निजी विद्यालयों (प्री-स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्र सहित) में कक्षा 12वीं तक सभी कक्षाओं के लिए शैक्षणिक गतिविधि तत्काल प्रभाव से 24 जून तक स्थगित कर दिया गया है। सभी निजी विद्यालय एवं सरकारी विद्यालय प्रबंधन एवं प्रधानाध्यापक को शैक्षणिक गतिविधियों को स्थगित रखने का आदेश दिया गया है। इसका उल्लंघन करने पर कार्रवाई होगी। उल्लेखनीय है कि शनिवार को भी बेगूसराय का तापमान 43 डिग्री से अधिक रहा। केंद्रीय विद्यालय एवं डीएवी सहित अन्य निजी विद्यालय में ग्रीष्मावकाश के बाद कक्षा संचालन होना था। इसको लेकर अभिभावक परेशान थे, लेकिन अब बड़ी राहत मिली है।

# उप्र तथा मप्र सीमैट मिल कर काम करेंगे : निदेशक




**प्रयागराज, (हि.स.)।** सीमैट मप्र के संकाय सदस्यों एवं अधिकारियों के पांच दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यक्रम का समापन शनिवार को हुआ। इस अवसर पर मप्र शासन के कन्ट्रोलर उस्मान खान ने भविष्य में मप्र सीमैट को उप्र सीमैट की भांति विकसित करने पर जोर दिया। उप्र सीमैट निदेशक दिनेश सिंह ने सीमैट मप्र के विकास में यथोचित सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक दिनेश सिंह ने उस्मान खान का स्वागत किया। कार्यक्रम में गठित तीनों समूहो ने संस्थागत नियोजन, प्रभावी प्रशिक्षण तथा शोध पर अपना-अपना प्रस्तुतीकरण प्रस्तुत किया। संकाय सदस्यों की क्षमता वृद्धि पर उस्मान खान ने सन्तोष जाहिर किया। कार्यक्रम की विस्तृत आख्या कार्यक्रम समन्वयक डॉ अमित खन्ना ने प्रस्तुत की। इस मौके पर संकाय के अन्य सदस्य पवन सावंत, प्रभात कुमार मिश्रा तथा सरदार अहमद उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन संस्थान के सहायक निदेशक मायाराम ने किया।

# सेवानिवृत आईपीएस राजीव रंजन सिंह समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल



**रांची, (हि.स.)।** सेवानिवृत आईपीएस राजीव रंजन सिंह समर्थकों के साथ शनिवार को भाजपा में शामिल हो गए। प्रदेश कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश ने सबका पार्टी में स्वागत किया। दीपक ने कहा कि सभी देश, दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी के सदस्य बने हैं। गंगा की तरह पवित्र इस पार्टी में आने के बाद सबों को पवित्र काम करने का मौका मिला है। गरीब, आदिवासियों और जरूरतमंदों की सेवा कर सब भारत माता की सेवा करेंगे। भाजपा के लिए राजनीति जन सेवा का माध्यम है। ऐसे में सब मिलकर इसमें लगें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समग्र विकास के जो नौ साल पूरे किए हैं, उस मुहिम को और तेज करना है। अगले वर्ष होने वाले आम चुनाव में इस राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटें जीतनी हैं। साथ ही अगले वर्ष होने वाले झारखंड विधानसभा के चुनाव में भी राज्य से हेमंत सोरेन सरकार को विदा करना है। इसके लिए सब जुट जाएं। मौके पर राजीव रंजन ने कहा कि पिछले वर्ष 30 सालों तक पुलिस विभाग में सेवा देने के बाद वे रिटायर हुए।पर फिर दूसरी इनिंग शुरू करने का भी विचार तय कर रखा था। खुद को समाज सेवा के लिए हर लिहाज से तैयार करने का विचार किया। पाया कि भाजपा ही सबसे बेहतर पार्टी हो सकती है।

वे इसी मिट्टी के लाल रहे हैं। उन्हें गर्व है कि भाजपा से जुड़कर वे इस राज्य की खुशहाली, समृद्धि के लिए काम करेंगे। बचा हुआ जीवन राज्य की उन्नति, सेवा के लिए लगाएंगे। मोदी का सपना सबका साथ, सबके विकास का है। इसे साकार करने में वे योगदान देंगे। पार्टी नेतृत्व जैसा दायित्व देगा, उसका निर्वाह करेंगे। मौके पर पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी ने मौके पर कहा कि अलग-अलग समाज, पेशे के लोग पीएम मोदी पर भरोसा कर पार्टी ज्वाइन कर रहे। कई रिटायर पदाधिकारी और अन्य भी हेमंत सोरेन सरकार से नाराज होकर भाजपा में आ रहे हैं। पार्टी में शामिल हुए नये कार्यकर्ता अगली बार होने वाले लोकसभा चुनाव में 14 में से 14 सीटों को जीतने में लगें। दो-तिहाई बहुमत से इस राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव में विश्वास हासिल करने में जुटें। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री और कार्यालय प्रभारी प्रदीप वर्मा, प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू और अन्य भी उपस्थित थे।

# मोदी के नौ वर्ष के कार्यकाल में शहरी एवं ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को मिली राष्ट्रीय पहचानः सतीश राजू

**पटना, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सतीश राजू ने बिहार में आये बदलाव पर चर्चा करते हुए शनिवार को कहा कि बिहार में सभी खेलों को बढ़ावा मिला है। साथ ही खेलों से जुड़े खिलाड़ियों को उचित मान-सम्मान दिया गया है। ग्रामीण प्रतिभाओं को भी राष्ट्रीय पहचान मिली और खिलाड़ियों ने प्रतिभा का लोहा मनवाया है। भारत में खेलों को बढ़ावा देने के लिए मोदी सरकार की ओर से शुरू की गई योजनाओं की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि फिट इंडिया मूवमेंट योजना हो या खेलो इंडिया स्कीम ने देश के खेल प्रेमियों को एक सुनहरा अवसर प्रदान किया है। राजीव गांधी खेल अभियान,अर्बन स्पोर्ट्स इन्फ्रास्ट्रक्चर स्कीम और नेशनल स्पोर्ट्स टैलेंट सर्च स्कीम के विलय के बाद 2016 में खेलो इंडिया स्कीम लॉन्च की गई थी। ऐसी योजना स्पोर्ट्स फॉर ऑल और साथ ही स्पोर्ट्स फॉर एक्सीलेंस को बढ़ावा देने का प्रयास करती है। इस योजना को वर्ष 2017 में व्यक्तिगत और सामुदायिक विकास, आर्थिक विकास और राष्ट्रीय विकास के लिए मुख्य धारा के खेल के उद्देश्य से फिर से तैयार किया गया।

प्रदेश संयोजक सतीश राजू ने कहा कि अगस्त 2017 में उप राष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने भारत के युवाओं के बीच सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए खेल प्रतिभा खोज पोर्टल लॉन्च किया। शॉर्टलिस्ट किए जाने वाले आवेदकों को फिर ट्रायल के लिए बुलाया जाता है और योग्य उम्मीदवारों को फिर स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया की स्कीमों में भाग लेना होता है। केंद्रीय खेल मंत्रालय ने हाल ही में राष्ट्रीय खेल विकास कोष से भारतीय खेल प्राधिकरण को लक्ष्य ओलंपिक पोडियम योजना में भाग लेने वाले एथलीटों के प्रशिक्षण के लिए 35 करोड़ रुपये प्रदान किए हैं। उन्होंने कहा कि ओलंपिक टास्क फोर्स की सिफारिशों पर जनवरी 2017 में अधिकार प्राप्त संचालन समिति का गठन किया गया था। समिति 2020 (टोक्यो), 2024 (पेरिस) और 2028 (लॉस एंजिल्स) के ओलंपिक खेलों में भारतीय खिलाड़ियों की प्रभावी भागीदारी के लिए एक व्यापक कार्य योजना तैयार करने के लिए कार्य कर रही है। साथ ही कहा कि साईं जूनियर और सीनियर स्तरों पर खेलों को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चलाता है। सतीश राजू ने कहा कि आर्थिक तंगी में दम तोड़ती खेल प्रतिभाओं को अब सांसद खेल स्पर्धा योजना का बड़ा सहारा मिला है।

## संपादकीय

# क्रोध में है समंदर

**चक्रवाती** तूफान के रूप में 'बिपरजॉय', अर्थात आपदा, आई और अपना रौद्र रूप दिखा कर गुजर गई, लेकिन गुजरात के तटीय इलाकों में 'काले-लाल निशान' छोड़ गई। आज हम एक राष्ट्र के तौर पर महातूफानों से लड़ने में सक्षम हैं। विज्ञान और प्रौद्योगिकी हमें सटीक चेतावनियां देती रही हैं, लिहाजा बंदोबस्त भी पुख्ता किए जा रहे हैं। अरब सागर अमूमन शांत समंदर रहा है, लेकिन अब उसका तापमान बढ़ रहा है। वह क्रोध में है। यह भी जलवायु परिवर्तन का एक घातक प्रभाव है। नतीजतन अरब सागर से उठने वाले तूफानों में 3 गुना बढ़ोतरी हुई है और वे संहारक साबित हुए हैं। मौसम विभाग का आकलन है कि 'बिपरजॉय' अभूतपूर्व तूफान था। उसके फलितार्थ अभी सामने आने हैं। वे जलवायु, पर्यावरण, मॉनसून संबंधी बेहद महत्त्वपूर्ण फलितार्थ होंगे। गनीमत है कि चेतावनियों से सावधान होकर गुजरात सरकार ने एक लाख से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों तक शिफ्ट कर दिया था। उनके आवास, खाने-पीने का बंदोबस्त सरकार ने ही किया। सैकड़ों गर्भवती महिलाओं को अस्पतालों में भर्ती करा दिया गया। नतीजतन करीब 125 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार वाली हवाओं का महातूफान किसी इनसानी जिंदगी को नहीं लील सका। भावनगर में पिता-पुत्र की मौत जरूर हुई, लेकिन उसके कारण भिन्न थे। चक्रवाती तूफान में हजारों पेड़ जमींदोज हो गए। कुछ पेड़ तो सदियों पुराने थे। कई कच्चे घर 'मलबा' हो गए। बिजली के 3672 खंभे मुड़ गए और टूट कर गिर पड़े। यह आंकड़ा बीती रात 9.30 बजे तक का है। जाहिर है कि आंकड़े ज्यादा होंगे! संचार के टॉवर ध्वस्त हो गए। तटीय इलाकों के 940 गांवों की बिजली गुल कर दी गई थी, ताकि किसी भी बड़ी त्रासदी से बचा जा सके, लिहाजा गुरुवार की रात्रि लंबी, काली और डरावनी रही। सन्नाटा और अंधेरा....सिर्फ समंदर की 9 मीटर तक उछलने वाली लहरों का भयावह शोर..! बेशक 22 लोग घायल हुए और 23 मवेशियों की मौत हो गई, लेकिन फिर भी हम ईश्वर की कृपा मानेंगे कि गुजरात पर त्रासदी के मंजर नहीं बन पाए। विनाश कितना व्यापक हुआ है और नुकसान कितना हुआ है, तबाही कितनी ज्यादा है और मछुआरों की संपदा नावों का क्या हुआ है, ऐसे आकलन सरकार अभी करेगी, लेकिन यह तय है कि हम आपदाओं को खत्म नहीं कर सकते, क्योंकि समंदर का क्रोध बढ़ता जा रहा है। बंगाल की खाड़ी का औसतन तापमान 28 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहने लगा है, नतीजतन सालाना 5-6 महातूफान हमें झेलने ही पड़ेंगे। गुजरात के अलावा, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में भी चक्रवाती तूफानों की आपदा बनी रहती है। फिलहाल तूफान दक्षिण राजस्थान की तरफ गया है। अभी तेज बारिश हो रही है। भगवान जाने यह पानी कैसा रूप धारण करेगा। इस तूफान ने मॉनसून की गति को रोक दिया था। माना जा रहा है कि मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में 54 फीसदी बारिश कम होगी। देश भर में 30 फीसदी से अधिक बरसात कम हो सकती है। जाहिर है कि इसका प्रभाव मौसम, पर्यावरण और कृषि पर पड़ेगा। तूफान का असर महाराष्ट्र, गोवा, पूर्वोत्तर के कुछ राज्यों, राजस्थान पर पड़ेगा। इस चक्रवाती तूफान का दायरा 300-350 किमी बताया गया है, लेकिन सौराष्ट्र-कच्छ क्षेत्र में ही करीब 1 लाख वर्ग किमी का इलाका प्रभावित होगा। सौराष्ट्र में मई, 2021 में जो चक्रवाती तूफान आया था, उसमें कमोबेश 50 लोग मारे गए थे। 1998 का महातूफान तो काफी विनाशकारी था, जिसमें हजारों लोग हताहत हुए थे। दरअसल जलवायु परिवर्तन और चक्रवात को भी हम ज्यादा गंभीरता से नहीं लेते और सिर्फ मौसम से जोड़ कर देखते रहे हैं, लेकिन ऐसे महातूफान सिर्फ इनसानी जिंदगी ही नहीं, सार्वजनिक संपत्तियों और निजी आशियानों को भी बर्बाद करते हैं। उनकी भरपाई इतनी आसान नहीं है। समंदर का तापमान भी न बढ़े और पानी की ऊपरी सतह भी ज्यादा गर्म न हो, यह इनसान के वश में नहीं है।

अरब सागर अमूमन शांत समंदर रहा है, लेकिन अब उसका तापमान बढ़ रहा है। वह क्रोध में है। यह भी जलवायु परिवर्तन का एक घातक प्रभाव है। नतीजतन अरब सागर से उठने वाले तूफानों में 3 गुना बढ़ोतरी हुई है और वे संहारक साबित हुए हैं। मौसम विभाग का आकलन है कि 'बिपरजॉय' अभूतपूर्व तूफान था। उसके फलितार्थ अभी सामने आने हैं। वे जलवायु, पर्यावरण, मॉनसून संबंधी बेहद महत्त्वपूर्ण फलितार्थ होंगे। गनीमत है कि चेतावनियों से सावधान होकर गुजरात सरकार ने एक लाख से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों तक शिफ्ट कर दिया था। उनके आवास, खाने-पीने का बंदोबस्त सरकार ने ही किया। सैकड़ों गर्भवती महिलाओं को अस्पतालों में भर्ती करा दिया गया। नतीजतन करीब 125 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार वाली हवाओं का महातूफान किसी इनसानी जिंदगी को नहीं लील सका।

## कुछ अलग

# वहां बहुत कुछ जला है

**किस** दर्द की चीख भारी है, यहां जुर्म की इंतिहा में कान बंद हैं। अबकि बार चंबा जिला के सलूणी क्षेत्र में लाज की लपटें देखें या आग की आंख में जलते मंजर को देखें। वहां दो मकान नहीं जले, बल्कि सामाजिक विश्वास की छत जल गई और जल गए कानून व्यवस्था के पहरे। ऐसा क्यों हो रहा है कि हिमाचल की जनता चुनिंदा मामलों की आग में सीधे व्यवस्था के परचम जलाने लगी है। सलूणी के भांदल या शिमला के कोटखाई इलाके में हुई नृशंस हत्याएं भले ही अलग-अलग परिप्रेक्ष्य में इंसानी रक्त से रंजित हैं, लेकिन इनके पीछे आक्रोश की आंधियां समानांतर रही हैं। कोटखाई में 2017 में एक स्कूली छात्रा की लाश में लिपटीं गुत्थियों ने समाज को जिस तरह उद्वेलित किया कमोबेश वैसी ही परिस्थिति में इस बार मनोहर हत्याकांड के खून से लथपथ हिस्से पूरे समाज की शांति को हिला रहे हैं। किहार थाने का गेट बच गया, लेकिन कोटखाई का थाना पुलिस की इज्जत में जल गया, लेकिन जनता दोनों स्थानों पर संपत्तियों को जला कर कानून के अंधेरों से टकराई जरूर। भांदल के युवक की जिस तरह से हत्या की गई, उससे रौंगटे खड़े हो जाते हैं, लेकिन अपराध की अर्थियां जहां मौजूद हों वहां पुलिस की जांच और न्याय व्यवस्था की आंख पर भरोसा नहीं टूटना चाहिए। खतरा यह है कि मसले की मिसाल में सियासी ताकझांक न हो जाए या यह भी कि हत्याकांड के हथियारों पर धर्म का रंग न उलझ जाए। कुछ प्रतिक्रियाएं हुई हैं और कुछ होने की इत्तिला दे रही हैं। ऐसे में सुक्खू सरकार के लिए ठीक वैसी ही परिस्थितियां आ के खड़ी है, जिस तरह कोटखाई प्रकरण पर तत्कालीन वीरभद्र सिंह सरकार की सारी राजनीतिक कमाई लुट गई थी। ऐसे में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की ओर से आई प्रतिक्रिया के साथ प्रदेश को खड़ा होना होगा। यह एक कानूनी मसला है और इसे इन्हीं संदर्भों में देखना होगा। जहां तक विपक्ष द्वारा उठाए गई जांच की मांग का सवाल है, तो एनआईए जांच से विषय की पृष्ठभूमि को खंगाला जा सकता है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने उपर्युक्त मांग के साथ हत्याकांड के मुख्य आरोपी की चारित्रिक संदिग्धता पर चिंता प्रकट की है। इसमें दो राय नहीं कि चंबा के सीमांत इलाकों की संवेदनशीलता में अपराध की परछाइयां वीभत्स हो सकती हैं, लेकिन इस हत्याकांड की तहों में खोजना क्या है इसको लेकर पुलिस महकमे की भी एक तरह से जांच हो जाएगी। गुडिया कांड में पुलिस हिरासत में मौत की कालिख से अभी भी विभाग के कई अधिकारी मुक्त नहीं हुए हैं, इसलिए बात सामान्य जांच से कहीं आगे निकलती हुई दिखाई दे रही है। पुलिस की बढ़ती चुनौतियों के बीच हिमाचल की अपनी सामाजिक विद्रूपता भी सामने आ रही है। पिछले तीन सालों में 1123 रेप मामलों की रिपोर्टिंग हुई है, जिनमें से 48.5 प्रतिशत अपने ही रिश्तों में पनपा वहशीपन रहा। प्रदेश में अपराध को देखने और पकडने की नसीहतें तो सामने आ रही हैं, लेकिन आज भी हिमाचल की व्यवस्था रात को लंबी तान कर सो जाती है। यही वजह है कि कुछ बाहरी हत्याकांड प्रदेश के माथे पड़ रहे हैं। इन्हीं अंधेरों से मिल रही लाशें अपराध का हुलिया तो बता रही हैं, लेकिन हमारी शुरुआत जांच से हो रही है, जबकि अब प्रश्न चौकसी का है। अगर मनोहर हत्याकांड के प्रमुख आरोपी पर विपक्ष के बयान की सच्चाई को कुछ प्रतिशत मानें, तो भी अपराध की कंदराओं में ऐसी परछाइयों का पीछा होना चाहिए था। हिमाचल की पुलिस व्यवस्था का साजो सामान जिस अदब से वीआईपी ड्यूटी निभाता है, उससे कहीं ज्यादा तवज्जो देने की जरूरत सीमांत इलाकों को है। जिस तरह नूरपुर के सीमांत और बीबीएन के औद्योगिक क्षेत्र को पुलिस जिला बनाया गया है, उसी तर्ज पर तमाम अंतरराज्यीय व अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से सटे इलाकों में भी पुलिस जिले बनाते हुए इनकी स्वतंत्र कमान अतिरिक्त डीजीपी के तहत आनी चाहिए।

## हम नियमित रूप से योग करेंगे तो निश्चित तौर पर यदि पूरी तरह से नहीं तो कुछ न कुछ लाभ तो अवश्य मिलेगा

# योग करना किसी वरदान से कम नहीं

नरेंद्र कुमार शर्मा

21 जून 2015 को भारत सरकार ने इसे अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई। आजकल भारत के साथ-साथ पूरे विश्व में लोग इससे होने वाले लाभ से भली-भांति परिचित हैं और पूरे विश्व में अधिकतर लोग नियमित रूप से योग करते हैं। योग तो प्राचीनकाल से ही भारत में किए जाते हैं, लेकिन इसको घर-घर तक पहुंचाने का काम योग गुरु बाबा रामदेव ने किया। आज टेलीविजन पर प्रतिदिन बाबा रामदेव को योग करते हुए देखा जा सकता है और उसे किस प्रकार किया जाए, यह भी बताया जाता है ताकि कोई भी व्यक्ति गलत ढंग से योग की क्रियाओं को न करे, क्योंकि योग को सही ढंग से करने से ही इसका उचित लाभ मिलता है।

**21** जून को पूरे विश्व में योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसकी शुरुआत 21 जून 2015 में की गई। भारत में प्राचीनकाल से ही योग की क्रियाएं की जाती रही हैं व इसका महत्व भी बताया जाता रहा है। लेकिन 21 जून 2015 को भारत सरकार ने इसे अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई। आजकल भारत के साथ-साथ पूरे विश्व में लोग इससे होने वाले लाभ से भली-भांति परिचित हैं और पूरे विश्व में अधिकतर लोग नियमित रूप से योग करते हैं। योग तो प्राचीनकाल से ही भारत में किए जाते हैं, लेकिन इसको घर-घर तक पहुंचाने का काम योग गुरु बाबा रामदेव ने किया। आज टेलीविजन पर प्रतिदिन बाबा रामदेव को योग करते हुए देखा जा सकता है और उसे किस प्रकार किया जाए, यह भी बताया जाता है ताकि कोई भी व्यक्ति गलत ढंग से योग की क्रियाओं को न करे, क्योंकि योग को सही ढंग से करने से ही इसका उचित लाभ मिलता है। सभी लोगों के लिए एक ही प्रकार के योगाभ्यास नहीं होते हैं। विभिन्न प्रकार की बीमारियों के लिए अलग-अलग तरह के योग किए जाते हैं। इसकी जानकारी होना बहुत आवश्यक है अन्यथा बिना जानकारी के फायदे की जगह नुकसान भी हो सकता है। इसके लिए किसी प्रशिक्षित योग गुरु से प्रशिक्षण लिया जा सकता है। योग गुरु बाबा रामदेव के अलावा और भी कई योग गुरु हैं जो समय-समय पर मीडिया के द्वारा योग किस प्रकार किया जाए और किस बीमारी के लिए कौन सा योग किया जाए, यह बताते रहते हैं। आजकल बहुत से लोग केवल एलोपैथिक दवाओं पर ही निर्भर रहते हैं। उन्हें दवाओं के साथ-साथ किसी योग गुरु से प्रशिक्षण लेकर या टेलीविजन पर प्रसारित योगाभ्यास से सीखकर अपनी बीमारी के अनुसार योग करना चाहिए ताकि उन्हें उचित लाभ प्राप्त हो सके। यदि हम नियमित रूप से योग करेंगे तो निश्चित तौर पर यदि पूरी तरह से नहीं तो कुछ न कुछ लाभ तो अवश्य मिलेगा। इससे दवाइयों पर हमारी निर्भरता कम होगी। कई लोगों को योग से पूरी तरह से ठीक होते देखा गया है। आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में हमारे पास समय की कमी है लेकिन जान है तो सब कुछ है अन्यथा जीवन नीरस बनकर रह जाएगा। इस जीवन का सही आनंद लेने के लिए स्वस्थ होना बहुत आवश्यक है। अतः हमें अपने व्यस्त समय में से कुछ मिनट अपने स्वास्थ्य के लिए



भी अवश्य निकालने चाहिए। किसी भी देश की उन्नति में स्वस्थ नागरिकों का होना बहुत आवश्यक है। शरीर स्वस्थ होगा तभी तो इनसान मानसिक रूप से स्वस्थ होगा। यह संसार बहुत सुंदर है, लेकिन इसका आनंद लेने के लिए तन और मन का स्वस्थ होना बहुत आवश्यक है, जिसे हम नियमित दिनचर्या व योग करके ही प्राप्त कर सकते हैं। तनाव में रहना एक आम समस्या बन चुकी है। आजकल बहुत से लोग विशेषकर युवावर्ग तनाव की समस्या से जूझ रहा है और कई बार देखा गया है कि युवा लोग इस तनाव की वजह से आत्महत्या तक कर बैठते हैं। युवा किसी भी देश का भविष्य है। अतः युवावर्ग को तनाव से मुक्ति पाने के लिए नियमित रूप से योग व ध्यान करना चाहिए। योग करने से तनाव कम होता है। आजकल पूरा विश्व मोटापे की समस्या से जूझ रहा है। इसके लिए योग करना बहुत लाभप्रद सिद्ध हो सकता है, क्योंकि योग वजन कम करने में मददगार साबित हो सकता है। योग करने से दिमाग भी तेज होता है तथा विभिन्न प्रकार के दर्द से भी छुटकारा मिल जाता है, बशर्ते इसे नियमित तौर पर किया जाए। वर्ष 2023 में योग दिवस का थीम मानवता है। हर वर्ष योग दिवस के अलग अलग थीम होते हैं। इस वर्ष के मानवता के थीम से तात्पर्य पूरे विश्व में लोगों को एक दूसरे के नजदीक लाना है। वैसे भी जब इन्सान स्वस्थ होगा तभी तो उसके अंदर मानवता कूट-कूट कर भरी हुई होगी। योग हमारी प्राचीन धरोहर है। इसको संजोकर रखना हमारा कत्र्तव्य है। जिस देश ने सारी दुनिया को योग का पाठ पढ़ाया उस देश में योग का प्रचार प्रसार करना बहुत ही आवश्यक है ताकि हमारी आने वाली पीढियां भी निरंतर योग व प्राणायाम को करती रहें, जिससे स्वस्थ समाज का निर्माण हो। जो प्रणाली हमारे समाज को बिना दवाई के स्वस्थ रखे उसको अपने जीवन में आत्मसात करने से परहेज क्यों। योग करने से किसी प्रकार का कोई खर्च नहीं होता। दिन की शुरुआत ही हमें योग से करनी चाहिए ताकि सारा दिन तरोताजा महसूस करें। पाठशालाओं में प्रतिदिन प्रार्थना सभा के समय निरंतर योग करवाना चाहिए जिससे बच्चों में छोटी आयु में ही योग करने की आदत पड़ जाए। इसके लिए हर पाठशाला में नहीं तो कम से कम खंड स्तर पर योग शिक्षक रखे जाएं जो समय समय पर पाठशालाओं में जाकर योग व प्राणायाम की क्रियाओं को करवाएं। इससे पाठशालाओं में नियुक्त अध्यापक भी इन क्रियाओं को सीख जाएंगे और वे बच्चों को इसका निरंतर अभ्यास करवाने में सक्षम होंगे। इस प्रकार योग हमारे जीवन का अहम हिस्सा बन जाएगा। जब कोई अच्छी बात हमारे जीवन का अहम हिस्सा बन जाती है तो इसके सकारात्मक परिणाम आते हैं और जीवन सुखमय बन जाता है। बुरी आदतें हमें बड़ी जल्दी जकड़ लेती हैं और हमारा जीवन बर्बाद हो जाता है। इसके लिए आवश्यक है कि हम योग को अपने जीवन में अपनाएं और बुरी आदतों से बचे रहें। जब हम अच्छी आदतों को अपनाते हैं तो बुरी आदतें अपने आप ही छूट जाती हैं। योग एक ऐसी क्रिया है जिसे करने से हमारे जीवन में स्वस्थ रहने के साथ-साथ पूरे परिवार में खुशियों का माहौल बनता है क्योंकि परिवार का एक भी आदमी अस्वस्थ होगा या किसी गंभीर बीमारी का शिकार हो जाएगा तो पूरे परिवार का जीवन कष्टमय हो जाएगा। योग दिवस पर हम केवल औपचारिकता भर के लिए योग न करें, बल्कि इसको निरंतर करें और स्वस्थ तथा अच्छे जीवन की कामना करें। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ दिमाग होता है।

# क्या विपक्षी एकता को कांग्रेस कुर्बानी देगी ?

भाजपा से मुकाबले में वोटों के बिखराव को रोकने के लिए विपक्षी दल कांग्रेस को भी अपने जनाधार वाले राज्यों से चुनावी मैदान से हटाने चाहते हैं। ऐसे में विपक्षी एकता के लिए 23 जून को नीतीश कुमार के आह्वान पर पटना में होने वाली बैठक में एकराय कायम करने का मामला खटाई में पड़ता नजर आ रहा है। गौरतलब है कि हिमाचल और कर्नाटक का चुनाव जीतने के बाद कांग्रेस के मंसूबे सातवें आसमान पर हैं। कांग्रेस को भी अंदाजा है कि भाजपा के साथ-साथ विपक्षी दलों के प्रभाव वाले राज्यों में चुनाव लड़े बगैर केंद्र में सरकार बनाने और राहुल गांधी के प्रधानमंत्री बनने का सपना पूरा नहीं हो सकता। कांग्रेस ने बेशक अपनी महत्वाकांक्षा का खुलकर इजहार नहीं किया है, किन्तु उसके इरादों से साफ जाहिर है कि राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना है। विपक्षी दल चाहते हैं कि कांग्रेस को सिर्फ उन्हीं 200 संसदीय सीटों पर फोकस करना चाहिए जहां बीजेपी से उसका सीधा मुकाबला है। विपक्ष की शर्तों पर कांग्रेस राजी नहीं है।

**विपक्षी** दल आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा से मुकाबला करने के लिए कांग्रेस की कुर्बानी चाहते हैं। कांग्रेस इस एकता के पीछे छिपे विपक्षी दलों के अपने राज्यों में अकेला रहने की नीयत को अच्छी तरह पहचानती है। इस एकता की कवायद को लेकर विपक्षी दलों की हालत इधर कुआं और उधर खाई जैसी हो गई है। विपक्षी दलों को भाजपा के साथ ही कांग्रेस से भी खतरा है। भाजपा से मुकाबले में वोटों के बिखराव को रोकने के लिए विपक्षी दल कांग्रेस को भी अपने जनाधार वाले राज्यों से चुनावी मैदान से हटाने चाहते हैं। ऐसे में विपक्षी एकता के लिए 23 जून को नीतीश कुमार के आह्वान पर पटना में होने वाली बैठक में एकराय कायम करने का मामला खटाई में पड़ता नजर आ रहा है। गौरतलब है कि हिमाचल और कर्नाटक का चुनाव जीतने के बाद कांग्रेस के मंसूबे सातवें आसमान पर हैं। कांग्रेस को भी अंदाजा है कि भाजपा के साथ-साथ विपक्षी दलों के प्रभाव वाले राज्यों में चुनाव लड़े बगैर केंद्र में सरकार बनाने और राहुल गांधी के प्रधानमंत्री बनने का सपना पूरा नहीं हो सकता। कांग्रेस ने बेशक अपनी महत्वाकांक्षा का खुलकर इजहार नहीं किया है, किन्तु उसके इरादों से साफ जाहिर है कि राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना है। विपक्षी दल चाहते हैं कि कांग्रेस को सिर्फ उन्हीं 200 संसदीय सीटों पर फोकस करना चाहिए जहां बीजेपी से उसका सीधा मुकाबला है। विपक्ष की शर्तों पर कांग्रेस राजी नहीं है। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए हो रही विपक्षी एकता के मसले पर जो बात ममता कह रही हैं वही अखिलेश और केसीआर भी कह रहे हैं कि जहां पर जो दल मजबूत है, वो चुनाव लड़े और विपक्ष के बाकी दल उसे समर्थन करें। लेकिन कांग्रेस इस पर रजामंद नहीं है। कांग्रेस को पता है कि जहां भाजपा से सीधा मुकाबला है, वहां तीसरा मजबूत दल नहीं है। इसलिए विपक्ष की यह खैरात कांग्रेस को पसंद नहीं है। इन सीटों पर अन्य दल चाह कर भी कांग्रेस और भाजपा के बीच आकर मुकाबले त्रिकोणीय या बहुल नहीं बना सकते, ऐसे में कांग्रेस क्षेत्रीय दलों के आधार वाले राज्यों में चुनाव नहीं लडऩे की शर्त को कभी भी स्वीकार नहीं करेगी। कांग्रेस उन 200 लोकसभा सीटों पर तो चुनाव लडऩा चाहती है जिस पर उसे सीधे बीजेपी से लडऩा है। इसके साथ-साथ कांग्रेस की नजर उन राज्यों की सीटों पर भी है, जहां भाजपा के मुकाबले क्षेत्रीय दल मजबूत हैं। लेकिन क्षत्रप अपने राज्यों में कांग्रेस को स्थान नहीं देना चाहते हैं, क्योंकि उनका सियासी आधार कांग्रेस की जमीन पर खड़ा है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव समेत तमाम विपक्षी दल के नेता चाहते हैं कि कांग्रेस उनके प्रभाव वाले राज्यों से चुनाव नहीं लड़े, ताकि भाजपा से सीधे मुकाबले में वोटों का बंटवारा नहीं हो। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का कहना है कि हमने अनुमान लगाया है कि कांग्रेस 200 सीटों पर मजबूत है। अगर कांग्रेस कुछ अच्छा चाहती है तो कुछ जगहों पर त्याग भी करना पड़ता है। उत्तर प्रदेश में अखिलेश (सपा) को प्राथमिकता देनी होगी। ममता ने दूसरे राज्यों का भी उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि बंगाल, दिल्ली, तमिलनाडु, झारखंड, पंजाब, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना और ओडिशा में जनता के बीच मजबूत पकड़ रखने वाली पार्टियों को प्राथमिकता देनी चाहिए। बिहार में नीतीश, तेजस्वी और कांग्रेस साथ हैं तो वे फैसला ले सकते हैं। विपक्षी दलों को लगता है कि कांग्रेस उनके प्रदेश में अगर मजबूत होती है, तो भविष्य में उनके लिए ही चिंता बढ़ा सकती है। इसीलिए विपक्षी दल कांग्रेस को उन्हीं सीटों के इर्द-गिर्द रखना चाहते हैं, जहां उसका मुकाबला सीधा भाजपा से है। कांग्रेस इस बात को समझती है कि केंद्र की सत्ता दोबारा से हासिल करनी है तो उसे पहले राज्यों में मजबूत होना होगा, इसीलिए कांग्रेस विपक्षी एकता से ज्यादा फोकस राज्यों के चुनाव पर कर रही है ताकि पहले खुद मजबूत हो ले। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में विपक्ष द्वारा कांग्रेस को सुझाई जा रही 200 सीटों के नतीजों को देखें तो बीजेपी 178 सीटें जीतने में सफल रही थी। कांग्रेस को महज 16 सीटें मिली थीं। 6 सीटें अन्य के खाते में गई थीं। इससे पहले वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में इन 200 सीटों में से बीजेपी 168 सीटें जीतने में कामयाब रही थी और कांग्रेस को सिर्फ 25 सीटें मिली थीं। इसके अलावा 7 सीटें दूसरे दलों ने जीती थीं। कांग्रेस-विपक्षी दल के अपने-अपने मकसद हैं। यूपी में सपा और बसपा का सियासी आधार आज वही है जो कभी कांग्रेस का हुआ करता था। इसी तरह बंगाल में ममता बनर्जी भी कांग्रेस की जमीन पर ही खड़ी हैं। लोकसभा चुनाव के नजरिये से उत्तर प्रदेश का महत्वपूर्ण स्थान है। दिल्ली की कुर्सी का रास्ता उत्तर प्रदेश से ही होकर गुजरता है। इसका कारण है कि यहां सबसे ज्यादा 80 लोकसभा सीटें हैं। जो पार्टी जितनी ज्यादा सीटों पर कब्जा जमा लेगी वही केंद्र में सरकार बनाने में मजबूत रहेगी। यही वजह है कि समाजवादी पार्टी चाहती है कि कांग्रेस उत्तर प्रदेश से दूर रहे। कांग्रेस किसी भी सूरत में उत्तर प्रदेश में चुनाव लड़े बगैर नहीं रह सकती है। कांग्रेस का राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाने और केंद्र में गठबंधन सरकार में मुख्य भागीदारी का सपना उत्तर प्रदेश के बगैर पूरा नहीं हो सकता। कांग्रेस और बीजेपी के बीच ज्यादातर सीधा मुकाबला उत्तर भारत के राज्यों में है। मध्य प्रदेश (29), कर्नाटक (28), राजस्थान (25), छत्तीसगढ़ (11), असम (14), हरियाणा (11), हिमाचल (4), गुजरात (26), उत्तराखंड (5), गोवा (2), अरुणाचल प्रदेश (2), मणिपुर (2), चंडीगढ़ (1), अंडमान और निकोबार (1) और लद्दाख (1) में लोकसभा सीट है। इस तरह ये 162 लोकसभा सीटें होती हैं जहां पर कांग्रेस और बीजेपी के बीच ही मुकाबला होना है। वहीं 38 लोकसभा सीटें उन राज्यों की हैं जहां क्षेत्रीय दल मजबूत स्थिति में हैं, लेकिन इन सीटों पर मुकाबला कांग्रेस से होता है। इस फेहरिस्त में पंजाब की कुल 13 सीटों में से 4, महाराष्ट्र की 48 सीटों में से 14, यूपी की 80 में 5, बिहार की 40 में से 4, तेलंगाना की 17 में से 6 और 5 सीटें आंध्र प्रदेश और केरल की हैं। कर्नाटक के बाद अब मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा चुनाव होने हैं। कर्नाटक विधानसभा चुनाव नतीजों के वोटिंग ट्रेंड का आकलन करते हैं तो राज्य की 29 लोकसभा सीटों में से सिर्फ बीजेपी को 4 सीटों पर बढ़त मिली है जबकि 21 सीटों पर कांग्रेस आगे रही है। इन राज्यों के चुनाव नतीजों को 2024 के लोकसभा चुनाव से जोडक़र देखा जाएगा।

## देश दुनीया से

# परेशानियां कम करने के उपाय

**ज़िंदगी** में सुविधाएं बढ़ती जा रही हैं लेकिन समस्याएं कम नहीं होती, बिल्कुल उसी तरह जैसे दवाइयां बढ़ती जाती हैं मगर बीमारियां कम नहीं होती। परेशानियों के आकार और प्रकार बढ़ते जा रहे हैं। दुखी करने वाली किसी भी तरह की व्यवस्था को पटरी पर समझने का उचित प्रयास यही है कि अपनी आंखें उस तरफ न ले जाएं, अपने मन को शांत रखने का प्रयास करें या फिर अगर हो सके तो कुछ दिनों के लिए घूमने चले जाएं। वैसे भी हमारे समाज के लोग दीर्घकालीन समाधान की प्रतीक्षा नहीं करते। उनकी यह प्रवृत्ति अभी तक बदली नहीं है। अगर इस आदत को बदलने की कोशिश की गई और गलती से बदल दिया गया तो भविष्य, बदबू भरी मुश्किलों के ढेर जैसा हो सकता है। इसलिए जब भी मौका मिले, कुछ दिनों की छुट्टी कर लेनी चाहिए। गरमी, बरसात, सर्दी या पतझड़ हो, छुट्टी की घोषणा व्हाट्सऐप से भेज देनी चाहिए। थोड़ी परेशानी तो है कि एक बार में केवल पांच लोगों को सूचित कर सकते हैं। इसके लिए एक बंदा या बंदी रख लें ताकि राष्ट्रीय बेरोजगारी भी कुछ कम हो। सामाजिक सहयोग करना चाहें तो शहर में पानी की कमी के दौरान पार्षद के माध्यम से सभी घरों में पानी की एक-एक बोतल भिजवा दें। स्कूल में कम उम्र के विद्यार्थियों की क्लास की छुट्टी कर दें। इससे अध्यापक भी खुश होंगे और बच्चे जल्दी घर पहुंच जाने से अभिभावक भी। शहर में बार-बार जाम लगता हो तो सबसे पहले आपातकालीन बैठक बुलाएं, उसमें भी चाय-पानी-खाने का प्रबंध बढ़िया करें ताकि विचार विमर्श बेहतर हो। बैठक में सबसे पहले यह फैसला कर लें कि अगली बैठक कब और कहां होनी है ताकि जिस व्यक्ति ने उस बैठक में न आना हो, योजना बना ले। बैठकों में फालतू नेता को अध्यक्ष जरूर बनाते रहें ताकि अखबारों और सोशल मीडिया में कवरेज अच्छी हो जाए। जरा जरा सी बात पर छुट्टी कर देने का बड़ा फायदा रहता है। ट्रैफिक कम तो गाडियां कम, यानी जाम कम। बंदे लेट नहीं होंगे बॉस खुश। ड्राइवर्स को भी आराम। रोज़ दबाव सहने वाली, बेचारी सडक़ों और ज़ख्मी गड्ढों को राहत रहेगी। पुलिसवालों को भी थोड़ा आराम मिलेगा। कुल मिलाकर सरकार को खुशी मिलेगी कि सब ठीक चल रहा है। कई बार फौरी राहत ज्यादा उपयोगी नहीं होती, दूर की सोचनी चाहिए। जो सरकार ज्यादा छुट्टियां देती है उसे उतनी ही ज्यादा वोटें मिलती हैं। छुट्टियां सबको बहुत ज्यादा पसंद होती हैं और अचानक मिली छुट्टी बहुत खुशी देती है। छुट्टी होने से लगता है समस्या की ही छुट्टी कर दी गई है, ठीक वैसे ही जैसे बरसात में खराब हुई सडक़ों पर मिट्टी और रोड़े डालकर उनकी मरम्मत निबटा दी जाती है। किसी विशेषज्ञ ने समझाया है कि काम करो या न करो, काम करने का जिक्र ज़रूर करो। इस सन्दर्भ में किसी अनुभवी प्रेस विज्ञप्ति बनाने वाले से प्रभावशाली प्रेस नोट बनवाकर देना चाहिए। यदि छुट्टी घोषित करने से समस्या की छुट्टी न हो पा रही हो तो छुट्टी ले लेनी चाहिए, जाहिर इसके लिए झूठा चिकित्सा प्रमाण पत्र लेना और देना पड़े। फिर भी दिक्कत हो तो इलज़ाम लगा देना चाहिए और जांच शुरू करवाने का आवेदन दे देना चाहिए।

दुखी करने वाली किसी भी तरह की व्यवस्था को पटरी पर समझने का उचित प्रयास यही है कि अपनी आंखें उस तरफ न ले जाएं, अपने मन को शांत रखने का प्रयास करें या फिर अगर हो सके तो कुछ दिनों के लिए घूमने चले जाएं। वैसे भी हमारे समाज के लोग दीर्घकालीन समाधान की प्रतीक्षा नहीं करते। उनकी यह प्रवृत्ति अभी तक बदली नहीं है। अगर इस आदत को बदलने की कोशिश की गई और गलती से बदल दिया गया तो भविष्य, बदबू भरी मुश्किलों के ढेर जैसा हो सकता है। इसलिए जब भी मौका मिले, कुछ दिनों की छुट्टी कर लेनी चाहिए। गरमी, बरसात, सर्दी या पतझड़ हो, छुट्टी की घोषणा व्हाट्सऐप से भेज देनी चाहिए। थोड़ी परेशानी तो है कि एक बार में केवल पांच लोगों को सूचित कर सकते हैं। इसके लिए एक बंदा या बंदी रख लें ताकि राष्ट्रीय बेरोजगारी भी कुछ कम हो। सामाजिक सहयोग करना चाहें तो शहर में पानी की कमी के दौरान पार्षद के माध्यम से सभी घरों में पानी की एक-एक बोतल भिजवा दें।

## नागरिक बोध

# पाकिस्तान भारत से राजनयिक रिस्ते बनाने के लिए बेताब

**अटल** बिहारी वाजपेयी कहते थे कि पड़ोसी कभी बदले नही जाते है ।पड़ोसी देश से प्यार जताओ ।लेकिन यह युक्ति ही बन कर रह गई। पाकिस्तान भारत के साथ ही था। वसुधैव कुटुम्बकम की सार्वजनिक जनहित भावना पर भारत अक्षुण्ण है। तुर्किये जैसे देश मे भूकम्प में तबाह हुए हजारो लोगो के पुनर्वास और मेडिकल टीम ने घायल लोगो की मदद की थी। यह परोपकार दुनिया के जेहन में है लेकिन तुर्किये ने उसी समय विस्मृत कर दिया ।मानवीय सरोकार के अनुरूप मदद भेजी। लेकिन कोई गीले शिकवे नही है। तुर्किये पाकिस्तान का साथ आज भी दे रहा है। तालिबानियों की हुकूमत बन्दूक के जोर पर आई। अफगानिस्तान से भारत के राजनयिक रिस्ते मजबूत थे। उसके बाद सत्ता परिवर्तन हुई और बन्दूक के जोर पर तालिबान हुकूमत आने के दौरान ही अफगान की आर्थिक हालत खराब हो गई थी। उस संकटकाल में भारत ने मानवीय सरोकार अपनाया। भारत पाकिस्तान को दुनिया मे कोई रहम की नजर से नही देखता है। पाकिस्तान में आतंकवादियों की तालीम पर सरकार की आतंकियों के साथ जुगलबंदी को दुनिया नजदीक से देख रही है। दुनिया में कोई भी देश पाकिस्तान की मदद के लिए तैयार नही है। कश्मीर पर भारत के साथ रिस्ते बिलकुल बिगड़ चुके है। देश दिवालिया की कगार पर है। भारत के साथ व्यापार की बात करने वाला उधोगजगत के अपने विचार है। वे राजनयिक संबंध चाहते है। लेकिन पाकिस्तान के साथ राजनयिक संबंध बनाने के पूर्व आतंकवाद पर लगाम कसने की जरूरत है। भारत और पाकिस्तान के रिस्ते कड़वाहट भरे हो गए है। पाकिस्तान ने भारत के साथ जो किया है, वह शब्दो मे बयां नही कर सकते। सैनिको की हत्या और बहन बेटियो का सुहाग उजाड़ने वाले पाकिस्तान से कोई क्यो दोस्ती का हाथ बढ़ाएगा। भारत की करंसी पर पाकिस्तान की चमक मोदी सरकार के आने के बाद फीकी पड़ गई है। उसी के आधार पर आतंकियों को डुप्लीकेट नोट से फंडिंग मुहैया कराते थे। भारत के करंसी पर भारत को ही बर्बाद कर आतंकवादियों को आबाद रखकर निर्दोष लोगों का लहू बहाने वाले पाकिस्तान से कैसे संबंध रख सकते है? उधोग जगत को अब भारत की याद आई है। वे जानते है कि भारत ही बेहतर कर सकता है। दुनिया मे पाकिस्तान जहा जा सकता था वहाँ जाकर आर्थिक मदद की गुहार लगा चुका है। लेकिन मुस्लिम देश भी पाकिस्तान को मदद देने के लिए इंकार करते आ रहे है। भारत की कानून व्यवस्था और विकास आदि बेहतर है। उधोगपतियों ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज को नसियत देते हुए भारत के साथ राजनयिक संबंध स्थापित करने का आग्रह किया। लेकिन भारत के नियमों के अनुरूप पाकिस्तान ढलता है तो ही आगे की कार्यवाही संभव है। यह विचारणीय बाबत है। पाकिस्तान कभी झुकना नही चाहता है और भारत अकड़ कर खड़े रहने वालों को गले नही लगाता है।



# चीन से ही निकला था कोरोना वायरस: अमेरिकी रिपोर्ट में दावा- वुहान लैब में संक्रमित हुए थे 3 साइंटिस्ट, एफबीआई के पास सबूत मौजूद

**न्यूयॉर्क।**
कोरोना वायरस आखिर कहां से आया था यह बड़ा सवाल बना हुआ है। अब एक अमेरिकी अखबार की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि यह वायरस चीन की वुहान लैब से ही लीक हुआ था और बाद में इसने पूरी दुनिया को चपेट में ले लिया। रिपोर्ट के मुताबिक- वुहान लैब के तीन वैज्ञानिक सबसे पहले कोरोना इन्फेक्शन का शिकार हुए थे। इन तीनों के नाम भी सामने आ चुके हैं। इतना ही नहीं, रिपोर्ट में दावा किया गया है कि चीन की इस हरकत के तमाम सबूत अमेरिकी खुफिया एजेंसी एफबीआई के पास मौजूद हैं। रिपोर्ट में कहा गया है- इंतजार इस बात का है कि अब अमेरिकी सरकार दुनिया के सामने कब सबूत रखेगी और चीन के खिलाफ क्या कार्रवाई की जाएगी।

**वुहान लैब में तीन वैज्ञानिक इन्फेक्टेड हुए थे** - तीन अमेरिकी पत्रकारों की कोरोना पर एक्सक्लूसिव रिपोर्ट पब्लिश की है। ये तीन जर्नलिस्ट्स हैं- माइकल शेलेनबर्गर, मैट ताइबी और एलेक्स गुटेटेंग। रिपोर्ट के मुताबिक- शक अब सच साबित हो रहा है। 2019 के आखिर में कोरोना वायरल चीन के वुहान लैब से ही लीक हुआ था। सबसे पहले इसी लैब के तीन साइंटिस्ट संक्रमित हुए थे। शुरुआत में इसे एसएआरएस वायरस माना गया था। अमेरिकी सरकार में मौजूद सूत्रों के मुताबिक- जो तीन वैज्ञानिक सबसे पहले संक्रमित हुए थे, उनके नाम बेन हू, यू पिंग और यान झू थे। तीनों इस लैब के लीड रिसर्चर्स थे। जर्नलिस्ट्स की इस टीम ने अमेरिकी सरकार के सूत्रों से पूछा- आप जिन तीन वैज्ञानिकों के नाम बता रहे हैं, उनके बारे में आप कितने श्योर हैं कि यही तीन सबसे पहले कोविड-19 इन्फेक्शन का शिकार हुए थे सूत्र ने कहा- हम 100प्रतिशत श्योर हैं। अब यह अमेरिकी संसद की जिम्मेदारी है कि वो इंटेलिजेंस एजेंसीज और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एलर्जी एंड इन्फेक्शियस डिसीज के डायरेक्टर डॉक्टर एंथनी फौसी से जवाब तलब करे।

**अमेरिका क्या और क्यों छिपा रहा है** - रिपोर्ट तैयार करने वाले जर्नलिस्टस कहते हैं- अब सवाल ये है कि अमेरिका कब से इन तमाम बातों को जानता है और उसने चुप्पी क्यों साध रखी है इसी साल फरवरी में एफबीआई डायरेक्टर क्रिस्टोफर रे ने कहा था- हम काफी वक्त से जानते हैं कि कोरोना वायरस वुहान लैब से ही लीक हुआ था। अब सवाल ये उठता है कि क्या ये खुलासा पहले नहीं किया जा सकता था। अब तक तो चीन ने तमाम सबूत ही मिटा दिए होंगे। बहरहाल, कई लोग मानते हैं कि कोरोना कैसे लीक हुआ या कहां से आया, अब इस पर बहस बेमानी है।

## न्यूज ब्रीफ

### युगांडा के स्कूल में आतंकी हमला, 40 लोगों की मौतः आईएसआईएस से जुड़े संगठन ने हॉस्टल में आग लगाई; 25 सालों का सबसे बड़ा हमला




**कंपाला।** युगांडा के एक स्कूल में आईएसआईएस से जुड़े संगठन एडीएफ के आंतकियों ने हमला कर दिया। इसमें 40 लोगों की मौत हो गई, वहीं कई लोग घायल हुए हैं। मरने वालों में ज्यादातर स्टूडेंट्स हैं। हमले के बाद आतंकियों ने स्कूल में आग लगा दी। इसमें डॉरमेट्री जल गई वहीं आतंकियों ने फूड स्टोर को लूट लिया। युगांडा में पिछले 25 साल में किसी स्कूल पर हुआ ये सबसे बड़ा हमला है। ये अटैक युगांडा के एलाइड डेमोक्रैटिक फोर्सेस ने म्पोंडवे के लुबिरिरा सेकेंडरी स्कूल में किया। इसके अलावा आतंकियों ने 6 लोगों को किडनैप भी किया है। घटना रात 11 बजे की है। स्कूल युगांडा और कॉन्गो बॉर्डर पर स्थित है। हमला करने के बाद आतंकी कॉन्गो भाग गए। पुलिस ने बताया कि गंभीर रूप से घायल 8 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमले में 20-25 आतंकी शामिल थे। आशंका है कि सभी आतंकी कॉन्गो के विरुंगा नेशनल पार्क में छिपे हो सकते हैं। इससे पहले अप्रैल में भी एक गांव पर हमला किया था, जिसमें 20 लोगों की मौत हो गई थी। इसके अलावा मार्च में भी युगांडा के मुकोंदी गांव में आतंकियों ने हमला किया था। इसमें 36 लोगों की मौत हो गई थी। 2021 में राजधानी कंपाला में हुई सुसाइड बॉम्बिंग के लिए भी युगांडा सरकार को जिम्मेदार ठहराती है।

### रूस की परमाणु एजेंसी को अमेरिका कर रहा अरबों का भुगतान, चौंकाने वाली रिपोर्ट आई सामने



**वाशिंगटन ।** रूस-यूक्रेन युद्ध को एक साल से ज्यादा समय हो गया है। दोनों ही देश हार मानने को तैयार नहीं हैं। ऐसे में कई देश यूक्रेन के साथ हैं, जिनमें अमेरिका का नाम भी शामिल है। रूस के प्रति अपना गुस्सा जाहिर करने के लिए अमेरिका ने जीवाश्म ईंधन खरीदना बंद कर दिया था। हालांकि, इस बीच एक चौंकाने वाली मीडिया रिपोर्ट सामने आई है कि अमेरिका रूस की परमाणु एजेंसी से हर साल करीब 1 अरब डॉलर का ईंधन खरीद रहा है। हालात बताते हैं कि अमेरिका की परमाणु ऊर्जा पर निर्भरता पहले से और बढ़ने वाली है। इसका कारण यह है कि अमेरिका में कोई भी कंपनी यूरेनियम का उत्पादन नहीं करती है। इसलिए अमेरिका को मजबूरी में रूस के साथ सौदा करना पड़ रहा है। दरअसल, अमेरिका ने यूरेनियम का संवर्धन और उत्पादन पूरी तरह से बंद कर रखा है। उसने कभी इस तरफ ध्यान नहीं दिया था। पर अब इसकी वजह से उसे रूस के साथ सौदा करना पड़ रहा है। जब रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध शुरू हुआ तो अमेरिका और यूरोप ने कई प्रतिबंध लगाए। अमेरिका ने फैसला लिया कि रूस से जीवाश्म ईंधन खरीदना बंद कर देगा और वह अभी इस फैसले पर कायम है। हालांकि, जब बात यूरेनियम की आई तो अमेरिका को रूस के साथ सौदा करना पड़ा। बताया जा रहा है कि अगर यह सौदा नहीं करता तो अमेरिका खुद मुश्किल में पड़ जाता। जानकारों की राय में, अमेरिका और यूरोप को यूरेनियम उत्पादन में आत्मनिर्भर होने में एक साल का समय लग सकता है।

### ग्रीस में नाव डूबी, 500 के मारे जाने की आशंकाः लीबिया से इटली जा रही नाव में करीब 750 प्रवासी सवार थे

**एथेंस।** ग्रीस के तट के पास समुद्र में एक नाव डूबने से करीब 500 लोगों के मारे जाने की आशंका है। ग्रीस के अधिकारियों के मुताबिक हादसा 14 जून को हुआ। अब तक 79 शव बरामद किए जा चुके हैं। जानकारी के मुताबिक नाव लीबिया से इटली जा रही थी। यूएन इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन फॉर माइग्रेशन ने जानकारी दी है कि नाव में 700 से 750 लोग सवार थे। इनमें से सिर्फ 104 लोगों को रेस्क्यू किया जा सका है। बताया जा रहा है कि क्षमता से ज्यादा लोग सवार होने की वजह से नाव समुद्र में डूब गई। यूएन इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन फॉर माइग्रेशन ने बताया कि नाव पर सवार ज्यादातर लोग सीरिया, पाकिस्तान और इजिप्ट के थे। वहीं ग्रीक कोस्टगार्ड ने जानकारी दी है कि हादसे में बचे हुए 9 लोगों को मानव तस्करी के संदेह में पहले भी गिरफ्तार किया जा चुका है। इन पर एक आपराधिक संगठन बनाने का आरोप भी लगाया गया था। ग्रीस सरकार ने हादसे के बाद तीन दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है।

## शीत युद्ध के बाद पहली बार नाटो बनाएगा डिफेंस प्लान

# हजारों पन्नों में बनेगी सीक्रेट स्ट्रैटेजी, सदस्य देश तुर्किये को आपत्ति

**ब्रुसेल्स।**
नाटो देशों के शीत युद्ध के बाद पहला डिफेंस प्लान तैयार कर रहे हैं। इसके लिए बेल्जियम के ब्रुसेल्स में नाटो के रक्षा मंत्रियों की बैठक हो रही है रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक यूक्रेन जंग के बीच रूस से निपटने की स्ट्रैटेजी पर हजारों पन्नों में होगी। हालांकि, रूस के खिलाफ क्या एक्शन लेना है इस पर अभी सदस्य देशों में सहमति नहीं बन पा रही है। इसके चलते बैठक बेनतीजा रही। नाटो चीफ जेंस स्टॉलटेनबर्ग ने कहा कि मंत्री डिफेंस प्लान को रिव्यू कर रहे हैं। जल्द इस मामले को सुलझा लिया जाएगा। बैठक में हिस्सा लेने वाले एक डिप्लोमेट ने बताया कि रूस के खिलाफ एक्शन लेने में तुर्किये रुकावट बन रहा है।



**नाटो का दूसरा डिफेंस प्लान भी रूस के खिलाफ** - नाटो देशों ने एक साथ मिलकर अब तक कई जंग लड़ी हैं। जैसे- अफगानिस्तान और इराक, लेकिन इस दौरान उन्हें कोई बड़ा डिफेंस प्लान बनाने की जरूरत महसूस नहीं हुई है। नाटो ने अपना पहला डिफेंस प्लान रूस के खिलाफ बनाया था। अब दूसरा भी उसी के खिलाफ बनने की तैयारी हो रही है। नाटो देशों के मुताबिक यूक्रेन जंग सेकेंड वर्ल्ड वॉर के बाद लड़ी जा रही पहली सबसे बड़ी जंग है। अगर इसे लेकर कोई प्लान नहीं बना तो उन्हें रूस से बड़ा खतरा हो सकता है। इसके चलते नाटो अपने 3 लाख सैनिकों को हाई अलर्ट पर रखने की योजना कर रहा है।

**नाटो देशों में शामिल होना चाहता है यूक्रेन** - नाटो के जनरल सेक्रेटरी जेंस स्टॉलटेनबर्ग का कार्यकाल इस साल सितंबर में खत्म होने जा रहा है। स्टॉलटेनबर्ग 9 सालों से इस पद पर हैं। ऐसे में वो चाहेंगे की रूस के खिलाफ जल्द से जल्द डिफेंस प्लान बन पाए। हालांकि उनका कार्यकाल आगे भी बढ़ाया जा सकता है। जुलाई में लिथुआनिया में नाटो सम्मेलन होने जा रहा है, जिसमें स्टॉल्टेनबर्ग के कार्यकाल, यूक्रेन युद्ध और नाटो की एकजुटता को लेकर अहम फैसले हो सकते हैं। जेलेंस्की बार-बार नाटो में शामिल होने की अपनी मांग दोहरा रहे हैं। जेलेंस्की ने कहा था- यूक्रेन नाटो का सदस्य बनने के लिए तैयार है। हम सदस्य देशों से इस पर बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने ये भी कहा था कि जब सिक्योरिटी की गारंटी नहीं होती तो वहां केवल जंग की गारंटी होती है। दरअसल, जर्मनी, फ्रांस और अमेरिका जंग के दौरान यूक्रेन को नाटो संगठन में शामिल करने को तैयार नहीं है। इन देशों को चिंता है कि ऐसा करने पर रूस की नाराजगी और बढ़ेगी।

**रूस-यूक्रेन विवाद की वजह बना नाटो** - 1991 में सोवियत संघ के 15 हिस्सों में टूटने के बाद नाटो ने खासतौर पर यूरोप और सोवियत संघ का हिस्सा रहे देशों के बीच तेजी से प्रसार किया। 2004 में नाटो से सोवियत संघ का हिस्सा रहे तीन देश- लातविया, एस्तोनिया और लिथुआनिया जुड़े, ये तीनों ही देश रूस के सीमावर्ती देश हैं। पोलैंड (1999), रोमानिया (2004) और बुल्गारिया (2004) जैसे यूरोपीय देश भी नाटो के सदस्य बन चुके हैं। ये सभी देश रूस के आसपास हैं। इनके और रूस के बीच सिर्फ यूक्रेन पड़ता है। यूक्रेन कई साल से नाटो से जुड़ने की कोशिश करता रहा है। उसकी हालिया कोशिश की वजह से ही रूस ने यूक्रेन पर हमला किया है। यूक्रेन की रूस के साथ 2200 किमी से ज्यादा लंबी सीमा है। रूस का मानना है कि अगर यूक्रेन नाटो से जुड़ता है तो नाटो सेनाएं यूक्रेन के बहाने रूसी सीमा तक पहुंच जाएंगी। यूक्रेन के नाटो से जुड़ने पर रूस की राजधानी मॉस्को की पश्चिमी देशों से दूरी केवल 640 किलोमीटर रह जाएगी। अभी ये दूरी करीब 1600 किलोमीटर है। रूस चाहता है कि यूक्रेन ये गांरटी दे कि वह कभी भी नाटो से नहीं जुड़ेगा।

# नासा अधिकारी बोलीं- भारत अब वैश्विक अंतरिक्ष शक्ति, आर्टेमिस समझौते में शामिल होने की जरूरत




**वॉशिंगटन।**
अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि भारत वैश्विक शक्ति और अंतरिक्ष तक स्वतंत्र पहुंच वाले देशों में से एक है और उसे आर्टेमिस समझौते का हिस्सा बनने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यहअंतरिक्ष खोज में समान विचारधारा वाले देशों को एक साथ लाता है। 1967 की बाहरी अंतरिक्ष संधि (ओएसटी) में आधारित आर्टेमिस समझौता 21वीं सदी में नागरिक अंतरिक्ष खोज का मार्गदर्शन करने के लिए डिजाइन किए गए सिद्धांतों का एक गैर-बाध्यकारी सेट है। यह 2025 तक मानव को चंद्रमा पर उतारने का अमेरिकी नेतृत्व वाला प्रयास है, जिसका अंतिम लक्ष्य मंगल ग्रह और उससे परे अंतरिक्ष अन्वेषण का विस्तार करना है। नासा कार्यालय में प्रौद्योगिकी, नीति और रणनीति के लिए सहायक प्रशासक भव्या लाल ने पीटीआई को बताया कि मई 2023 तक आर्टेमिस समझौते पर 25 हस्ताक्षरकर्ता हैं और उम्मीद है कि भारत 26वां देश बनेगा। उन्होंने आगे कहा, मुझे लगता है कि आर्टेमिस समझौते पर हस्ताक्षर करना (भारत के लिए) प्राथमिकता होनी चाहिए। मेरा मतलब है..नासा बहुत दृढ़ता से महसूस करता है कि भारत एक वैश्विक शक्ति है। उन्होंने कहा कि यह उन कुछ देशों में से एक है जिनकी अंतरिक्ष तक स्वतंत्र पहुंच है, एक संपन्न प्रक्षेपण उद्योग है, चंद्रमा पर गया है, मंगल ग्रह पर गया है, इसे आर्टेमिस टीम का हिस्सा होने की आवश्यकता है। भव्या आगे कहती हैं, यह इसको लेकर है कि हम यह कैसे सुनिश्चित करते हैं कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए अंतरिक्ष टिकाऊ रहे। इसलिए, मुझे लगता है कि लाभ यह है कि समान विचारधारा वाले देश जिनके समान मूल्य हैं, उन्हें एक साथ तलाशने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि इसका फायदा यह है कि भारत घोषणा करता है कि वह एक वैश्विक अंतरिक्ष शक्ति है और सतत खोज, अंतरिक्ष के जिम्मेदार उपयोग, सहयोग, पारदर्शिता जैसी चीजों को महत्व देता है। वह कहती हैं, यह इसको लेकर है कि हम यह कैसे सुनिश्चित कर सकते हैं कि अंतरिक्ष भावी पीढ़ियों के लिए भी टिकाऊ रहे। इसलिए मुझे लगता है कि इसका फायदा यह है कि जो समान विचारधारा वाले देश हैं और जिनके समान मूल्य हैं, यह उनको एक साथ लाने का मौका देता है।

# शाहबाज ने की नवाज शरीफ से पाकिस्तान लौटने की अपीलः राजनीतिक संकट के बीच बोले- चौथी बार बनिए देश के प्रधानमंत्री; अक्टूबर में होंगे चुनाव

**इस्लामाबाद।**
पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने अपने बड़े भाई और पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को पाकिस्तान लौटने को कहा है। उन्होंने नवाज शरीफ से अपनी पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) का चुनावी कैंपेन लीड करने और चौथी बार देश का प्रधानमंत्री बनने की अपील की है। दरअसल, शुक्रवार को पार्टी की सेंट्रल जनरल काउंसिल की बैठक के दौरान शाहबाज को फिर से अध्यक्ष चुना गया। इसके बाद हुई बैठक में शाहबाज ने कहा कि वो अपने बड़े भाई का इंतजार कर रहे हैं। जब नवाज लौटेंगे तब देश की राजनीति पूरी तरह से बदल जाएगी। नवाज शरीफ हेल्थ प्रॉब्लम की वजह से नवंबर 2019 से लंदन में रह रहे हैं। शाहबाज ने कहा कि जब नवाज वापस आ जाएंगे तो वो फिर से मीटिंग करके उन्हें पार्टी का अध्यक्ष घोषित कर देंगे। बात दें कि पाकिस्तान में इस साल अक्टूबर में आम चुनाव होने हैं। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पार्टी की बैठक करने की वजह चुनाव आयोग को बताया। उन्होंने कहा- हमारे ऊपर चुनाव आयोग की तलवार लटकी हुई है। हमने उस समय देश की सत्ता संभाली जब हर मामले में हमारी स्थिति खराब थी। महंगाई ने लोगों की कमर तोड़ रखी थी और तेल की कीमतें आसमान छू रही थीं। ऐसे समय में हमारी गठबंधन की सरकार ने साथ मिलकर चुनौतियों का सामना करने का फैसला किया। उन्होंने कहा- हमने इस बार के बजट में लोगों की सैलरी और पेंशन में वृद्धि की है। साथ भी जल्द ही डील फाइनल कर लेंगे। बैठक के दौरान शाहबाज ने कहा कि पीएमएलएन को एक युवा नेतृत्व की जरूरत है। इसके अलावा बैठक में नवाज शरीफ की बेटी मरियम शरीफ की भी सराहना की गई।



# अमेरिका के 7000 खुफिया पेपर लीक करने वाले की मौत: चीन पर परमाणु हमले के प्लान का खुलासा किया था; राष्ट्रपति को देना पड़ा था इस्तीफा

**वॉशिंगटन।**
अमेरिका का सबसे डेंजरस मैन कहे जाने वाले व्यक्ति डेनियल एलसबर्ग का शुक्रवार को 92 साल की उम्र में कैंसर से निधन हो गया। वो 1955 से 1975 तक चली वियतनाम जंग के बारे में बोले गए अमेरिका के झूठ को लोगों के सामने लाए थे। दरअसल, उन्होंने प्राइवेट कंपनी में मिलिट्री एनालिस्ट के तौर पर काम करते हुए अमेरिकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन के 7000 खुफिया पेपर लीक कर दिए थे। इसमें जंग से जुड़ी अहम जानकारियां थीं। इन खुलासों के चलते तत्कालीन राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन को 1974 में इस्तीफा देना पड़ा था। इतना ही नहीं एलसबर्ग ने अमेरिका के उस प्लान को भी लीक किया था, जिसमें चीन पर परमाणु अटैक करने की जानकारी थी। इसके चलते अमेरिका के तत्कालीन नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर हेनरी किसिंगर ने एलसबर्ग को डेंजरस मैन, यानी खतरनाक आदमी कहा था।

**एलसबर्ग के खुलासों से अमेरिकी राष्ट्रपति को देना पड़ा इस्तीफा**



1967 में अमेरिका के डिफेंस सेक्रेटरी रॉबर्ट एस मैकनामरा ने एक कमिशन बनाया, जिसका काम वियतनाम जंग के बारे में सारी डिटेल्स इकट्ठा करना था। ये डिटेल्स इकट्ठा करने वालों में एक डेनियल एलसबर्ग भी थे। कमिशन की इंक्वायरी में सामने आया कि अमेरिका की सरकारें लोगों को झूठ बोल रही हैं कि वो वियतनाम में लड़ी जा रही जंग जीतने वाले हैं। वियतनाम जाकर की गई जांच में सामने आया था कि अमेरिका के सैनिकों को सिर्फ मरने के लिए वियतनाम भेजा जा रहा है।

एलसबर्ग ने 1971 में ये जानकारी लीक कर दी। उन्होंने अपनी जांच के 7 हजार पेपर अमेरिका के बड़े अखबारों न्यूयॉर्क टाइम्स, वॉशिंटन पोस्ट को दिए थे। इसके चलते एलसबर्ग पर चोरी, जासूसी और साजिश के आरोप लगे थे। सरकार ने तो न्यूयॉर्क टाइम्स के पब्लिकेशन तक को बंद कराने का फैसला ले लिया था। एलसबर्ग के खुलासों के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन को इस्तीफा देना पड़ा था। वियतनाम जंग में अमेरिका के 50 हजार से ज्यादा सैनिकों की मौत हुई थी, जबकि इसमें वियतनाम के 2 लाख से ज्यादा नागरिक भी मारे गए थे। 1958 में चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की सरकार ने ताइवान के एक आईलैंड पर गोलीबारी करना शुरू कर दिया था। इस बीच अमेरिका ताइवान की मदद के लिए आगे आया था। डेनियल एलसबर्ग की लीक की गई फाइलों में खुलासा हुआ था कि ताइवान की मदद के लिए अमेरिका ने चीन पर परमाणु हमले की भी तैयारी कर ली थी। रिपोर्ट के मुताबिक उस दौरान चीन के पास परमाणु हथियार नहीं थे। ऐसे में माना जा रहा था कि अगर अमेरिका चीन पर अटैक करेगा तो रूस उसकी मदद के लिए आगे आता। इससे परमाणु युद्ध शुरू हो सकता था।

## पुतिन बोले- बेलारूस में तैनात हमारे परमाणु हथियार

# कीव में कहीं भी कर सकते हैं हमला; जेंलेस्की बोले- अफ्रीकी देशों का पीस प्लान बेतुका

**सेंट पीटर्सबर्ग।**
रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को बेलारूस में परमाणु हथियार तैनात करने की पुष्टि की। सेंट पीटर्सबर्ग इंटरनेशनल इकोनॉमिक फोरम को संबोधित करते हुए पुतिन ने कहा- रूस इन हथियारों का इस्तेमाल तभी करेगा जब उसकी सुरक्षा को खतरा होगा। पुतिन ने नाटो देशों को चेतावनी देते हुए कहा- रूस के पास उनसे ज्यादा परमाणु हथियार हैं और वो ये बात जानते हैं। इसलिए वो बार-बार हमारे साथ परमाणु संधि का कोशिश करते रहते हैं। यूक्रेन के जवाबी हमलों पर पुतिन ने कहा- यूक्रेन का काउंटर-ऑफेंसिव ज्यादा दिन तक नहीं चलेगा।

**पुतिन बोले- मॉस्को-बेलगोरोद पर हमला कर हमें उकसाए न यूक्रेन** - रूस के राष्ट्रपति ने कहा- यूक्रेन के हथियार खत्म हो जाएंगे और हमारी सेनाएं लगातार अमेरिका, जर्मनी जैसे देशों से मिल रहे टैकों-हथियारों को नष्ट कर रही हैं। हम चाहें तो कीव की किसी भी बिल्डिंग पर कभी भी हमला कर सकते हैं लेकिन हम ऐसा नहीं कर रहे। यूक्रेन मॉस्को और बेलगोरोद में हमला करके हमें कड़ी कार्रवाई के लिए उकसा रहा है।

**7 अफ्रीकी देशों ने जेलेंस्की के सामने रखा 10 पॉइंट पीस प्लान** - दूसरी तरफ, कीव पर हो रहे लगातार हमलों के बीच 7 अफ्रीकी देशों के लीडर्स यूक्रेन पहुंचे। इनका लक्ष्य जंग को रोकना और दोनों देशों में संधि करवाना है। इन देशों में साउथ अफ्रीका, मिस्त्र, कोमोरोस, सेनेगल, जाम्बिया, यूगांडा और रिपब्लिक ऑफ कॉन्गो के लीडर्स शामिल थे। उन्होंने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ बैठक कर जंग रोकने की अपील की। उन्होंने कहा- हम जंग को लेकर यूक्रेन की भावनाओं और उनके स्टैंड को समझते हैं लेकिन इस वक्त सबसे ज्यादा जरूरी जंग को रोकना है। बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस को ऐड्रेस करते हुए जेलेंस्की ने कहा- रूस के साथ तब तक कोई बातचीत नहीं हो सकती, जब तक उसकी सेना हमारे अधिकार क्षेत्र से वापस नहीं लौट जाती। ये जंग तभी खत्म होगी जब रूस हमें हमारी जमीन लौटा देगा। अफ्रीकन लीडर्स के पीस प्लान पर जेलेंस्की ने कहा कि उनकी शर्तें बेतुकी हैं।



**जेलेंस्की बोले- अफ्रीकी देश पुतिन को यूक्रेन के पॉलिटिकल कैदियों छोड़ने को कहें** - उन्होंने अफ्रीकन लीडर्स से कहा- आपको पुतिन से यूक्रेन के पॉलिटिकल कैदियों को रिहा करने के लिए कहना चाहिए, जिन्हें उन्होंने 2014 में क्रीमिया पर हमले के दौरान बंदी बनाया था। ये शायद समझौते की तरफ पहला कदम हो सकता है। जेलेंस्की से मुलाकात के बाद शनिवार को अफ्रीकन लीडर्स जंग रोकने का के लिए अपना रोड मैप लेकर पुतिन से मुलाकात करेंगे। वहीं अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने बेलारूस में रूस के टैक्टिकल न्यूक्लियर वेपन तैनात करने पर कहा- हमें ऐसे कोई संकेत नहीं मिले हैं कि रूस इन हथियारों का इस्तेमाल यूक्रेन के खिलाफ करने वाला है। हम पूरे हालात पर नजर बनाए हुए हैं। पुतिन के मुताबिक, गर्मियां खत्म होने तक वो बेलारूस में सभी टैक्टिकल परमाणु हथियार तैनात कर लेगा।

**क्या होता है टैक्टिकल न्यूक्लियर वेपन** - टैक्टिकल न्यूक्लियर वेपन वो हथियार होते हैं जो खास जगहों पर वार करने में सक्षम होते हैं। इनमें कई शहरों को एक साथ उड़ाने की ताकत नहीं होती है। टैक्टिकल न्यूक्लियर वेपन में कम रेंज की मिसाइल, आर्टिलरी शेल्स, जमीन से हवा में मार करने वाली मिसाइल और न्यूक्लियर वॉरहेड वाले टॉरपीडो जैसे कई हथियार शामिल होते हैं। हालांकि, अभी इसकी कोई जानकारी नहीं है कि रूस बेलारूस में ऐसे कितने हथियार तैनात करेगा। 25 मार्च को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने बेलारूस में रूस के परमाणु हथियार तैनात करने की घोषणा की थी। पुतिन ने कहा था कि बेलारूस के राष्ट्रपति लुकाशेंको काफी समय से परमाणु हथियारों को उनके देश में तैनात करने की मांग कर रहे हैं।

*भगवंत मान का सुखबीर बादल पर पलटवार, कहा*

# मुझे युवाओं को नौकरी देने का पागलपन



**चंडीगढ़ ( हि.स. )।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल की टिप्पणी का जवाब देते हुए कहा कि नि:संदेह उन पर पंजाब के विकास का पागलपन सवार है। मान ने कहा कि वह दिन-रात पंजाब निवासियों की सेवा में जुटे हुए हैं और अपने या परिवार के निजी फायदे की खातिर काम नहीं करते। मुख्यमंत्री ने व्यंग्य करते हुए कहा कि सुखबीर बादल और उसके परिवार के दोगले किरदार और पंजाब और पंजाबियों के विरुद्ध किए गुनाहों के बारे हर कोई भली-भांति जानता है। भगवंत मान ने कहा कि मुझे दूसरे राज्यों और विदेशों में से पड़े हुए सुखबीर बादल की हालत पर तरस आता है, जिसको ऐतिहासिक और भौगोलिक तौर पर राज्य के बारे में जरा सी भी समझ नहीं है। मुख्यमंत्री ने सुखबीर बादल को चुनौती देते हुए कहा कि आपके हिसाब से तो मैं पागल हूं, क्योंकि मैं लोगों को लूट का शिकार नहीं बनाता, मैं नशों के सौदागरों को संरक्षण नहीं देता, राज्य में लगने वाले उद्योगों में हिस्सा नहीं मांगता, माफिया को सिर नहीं उठाने देता और राज्य को रास्ते से उतारने वाले घृणित मंसूबों का हिस्सेदार नहीं बनता। मुझ पर तो पंजाब के नौजवानों को रोजगार देने, लोगों को मुफ्त बिजली, आम आदमी क्लीनिक खोलने और लोगों की भलाई करने का पागलपन सवार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने पंजाब के निवासियों की खातिर अपना जीवन समर्पित किया है जबकि इन नेताओं ने सिर्फ और सिर्फ अपने परिवारों की खातिर काम किया है। उन्होंने कहा कि इन नेताओं ने राज्य के हित दांव पर लगा कर परिवारवाद को प्राथमिकता दी। भगवंत मान ने कहा कि वह पंजाब को फिर रंगला पंजाब बनाने के लिए संजीदगी से प्रयत्न कर रहे हैं।

# एक वर्ष में दी 29 हजार सरकारी नौकरियां, आगे भर्ती जारी : मान

## नवनियुक्त 401 क्लर्कों और 17 जूनियर इंजीनियरों को नियुक्ति

**चंडीगढ़ ( हि.स. )।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शनिवार को कहा कि राज्य सरकार ने तकरीबन एक वर्ष के दौरान राज्य के नौजवानों को 29,684 सरकारी नौकरियां दी हैं। ऐसी और बहुत सी नौकरियों के लिए भर्ती प्रक्रिया चल रही है। शनिवार को चंडीगढ़ स्थित निकाय विभाग में 401 क्लर्कों और वाटर सप्लाई और सेनिटेशन विभाग में 17 जूनियर इंजीनियरों को नियुक्ति पत्र सौंपने के दौरान मुख्यमंत्री ने नव-नियुक्त नौजवानों को अपना पूरे समर्पण और पेशेवर वचनबद्धता के साथ निभाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि समय आ गया है, जब सरकारी दफ्तरों में नए काम में सभ्याचार पर आधारित टीम भावना और समर्पण जरूर लाया जाए। भगवंत मान ने कहा कि नौजवान हमेशा नए विचारों के साथ भरपूर होते हैं, जिनको हमारी सरकार समूचे विकास के लिए तेज रफ्तार के साथ राज्य में लागू करेगी। मुख्यमंत्री ने नौजवानों को न्योता दिया कि वे देश को विदेशी साम्राज्यवाद की गुलामी से मुक्त करने के लिए अपनी जानें



कुर्बान करने वाले महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के सपनों को पूरा करने के लिए आगे आएं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार दफ्तरी कामकाज में अनुशासन लाने के लिए पुरज़ोर कोशिश कर रही है। भगवंत मान ने कहा कि इससे राज्य सरकार के कामकाज से लोगों को फायदा मिलना सुनिश्चित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका एकमात्र मकसद समूचे विकास एवं लोगों की भलाई के लिए मिशनरी उत्साह के साथ राज्य की सेवा करना है। उन्होंने कहा कि हरेक कदम लोगों की भलाई के मंतव्य से उठाया जा रहा है और इस महान कार्य के लिए कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी जा रही। भगवंत मान ने कहा कि इससे पहले नेता अपना पद संभालने के बाद में चकाचौंध की दुनिया में रहते थे परन्तु उन्होंने पंजाब और पंजाबियों और राज्य की सेवा करने के लिए यह चकाचौंध छोड़ दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन राजनीतिक पार्टियों के दौर को जानने वाला कोई भी व्यक्ति बता सकता है कि कैसे उनके हाथ पंजाब और पंजाबियों के खून से सने हुए हैं। उन्होंने कहा कि इन पार्टियों के पंजाब और पंजाबी विरोधी रिकॉर्ड के कारण राज्य को हमेशा नुकसान बर्दाश्त करना पड़ा और तरक्की और खुशहाली को चोट लगी। भगवंत मान ने कहा कि जब भी यह पार्टियां सत्ता में आईं तो इन्होंने एक-दूसरे के हितों की रक्षा की परन्तु जब से आम आदमी पार्टी की सरकार ने पद संभाला है तो राज्य को बारी- बारी लूटने के इनके भद्दे मंसूबे नाकाम हुए हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने अब तक पंजाब के 29 हजार से अधिक नौजवानों को नौकरियां दीं हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रतिष्ठित लक्ष्य को चरणबद्ध ढंग से पूरा किया जा रहा है।

## बहुचर्चित मॉडल टाउन मकान मामले में आया फैसला

**हिसार ( हि.स. )।** अतिरिक्त सिविल जज सीनिएर डिवीजन शिफा की अदालत ने आदमपुर के बहुचर्चित मकान विवाद प्रकरण में शिकायतकर्ता मुनीष कुमार का दावा खारिज कर दिया है। अदालत ने शिकायतकर्ता की शिकायत को झूठी मानते हुए बचाव पक्ष के सुरेश गोयल को ही मकान का असली मालिक माना है। बचाव पक्ष के वकील अशोक कुमार बिश्नोई ने शनिवार को बताया कि इस संबंध में मंडी आदमपुर के मुनीश कुमार ने अदालत में दीवानी दावा दायर किया था। दावे के अनुसार उन्होंने सुरेश गोयल से मॉडल टाउन मंडी आदमपुर के मकान नंबर 185 का सौदा 50 लाख में किया। दावे में कहा गया कि इस राशि में से 30 लाख रुपए उसने 17 अगस्त 2016 को तथा आठ लाख रुपए 24 अगस्त 2016 को शिकायतकर्ता को दे दिए। अदालत में सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता मुनीष कुमार अपने ही दावे को साबित नहीं कर पाया और 30 लाख व आठ लाख नकद देने की जो तारीख उसने बताई थी, उस तारीख का उसके पास कोई सबूत नहीं मिला बल्कि जो रसीदें उसने पेश की वो क्रमश 16 अगस्त व 24 अगस्त 2015 की पाई गई। इसके अलावा वे पेमेंट करने का कोई गवाह भी पेश नहीं कर पाए जो उनकी बात को साबित कर सके। एडवोकेट अशोक बिश्नोई के अनुसार बचाव पक्ष के सुरेश कुमार गोयल ने कहा था कि उसे कोई नकदी नहीं मिली है और पैसे देने की बात कहकर उस पर दबाब बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस संबंध में बचाव पक्ष के सुरेश कुमार गोयल का कहना है कि यह सच्चाई की जीत हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस संबंध में उनका एक आपराधिक मुकदमा भी अदालत में विचाराधीन है, जिसके तहत पेमेंट देने की बात कहते हुए मुनीष कुमार व अन्य ने 26 दिसम्बर 2016 को उन्हें मकान खाली करने की धमकी दी।

# आतंकवाद को जिंदा रखने के लिए जम्मू-कश्मीर में निएंत्रण रेखा पर घुसपैठ की कोशिश: डीजीपी

**श्रीनगर ( हि.स. )।** जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) दिलबाग सिंह ने शनिवार को कहा कि आतंकवाद को जिंदा रखने के लिए जम्मू-कश्मीर में निएंत्रण रेखा पर घुसपैठ की लगातार कोशिश की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद खत्म हो रहा है लेकिन राजौरी-पुंछ इलाकों में घुसपैठ की कुछ घटनाएं हुई हैं, जिसमें कुछ आतंकी घुसपैठ करने में कामयाब रहे। उन्होंने नागरिकों और सुरक्षा बलों को निशाना बनाया है। श्रीनगर में जश्न-ए-दल कार्यक्रम के दौरान संवाददाताओं से बात करते हुए डीजीपी दिलबाग सिंह ने कहा कि लंबे अंतराल के बाद पहली बार जम्मू-कश्मीर के लोग शांति का लाभ उठा रहे हैं, क्योंकि बच्चे स्कूल जा रहे हैं, व्यावसायिक गतिविधियां बिना रुके चल रही हैं और बड़ी संख्या में पर्यटक आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आतंकवाद धीमी मौत मर रहा है लेकिन आतंकवाद को जिंदा रखने के लिए निएंत्रण रेखा के पार से कुछ प्रयास लगातार आतंकियों को भेजने के लिए किए जा रहे हैं। सुरक्षा बलों ने इस



साल घुसपैठ की अधिकतर कोशिशों को नाकाम किया है लेकिन कुछ आतंकी राजौरी-पुंछ और कुपवाड़ा सेक्टरों से इस तरफ घुसने में कामयाब रहे हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में घुसपैठ की छह कोशिशों को नाकाम कर दिया गया और कल (16 जून) कुपवाड़ा जिले के जमागुंड इलाके में निएंत्रण रेखा पर पांच आतंकी मारे गए, जिनके पास से बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया। आगामी अमरनाथ यात्रा की व्यवस्था के बारे में डीजीपी ने कहा कि तीर्थयात्रा को सुचारू और शांतिपूर्ण सुनिश्चित करने के लिए सभी सुरक्षा प्रबंध किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सुनिश्चित करेंगे कि हर तीर्थयात्री अच्छी यादों के साथ वापस जाएं। डीजीपी ने कहा कि बड़ी बात यह है कि जम्मू-कश्मीर के लोगों ने हिंसा को खारिज कर दिया है और शांतिपूर्ण जीवन जी रहे हैं। इससे पहले डीजीपी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जश्न-ए-दल कश्मीर के आतिथ्य को प्रदर्शित करने का एक अवसर है। जल क्रीड़ा में रुचि रखने वाले लगभग 600 बच्चे इस कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। हम उन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक मंच प्रदान करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि लोग कश्मीर घाटी में घूम रहे हैं और बिना किसी डर के अपनी यात्रा की योजना भी बना रहे हैं। डीजीपी ने कहा कि कुछ तत्व अभी भी शांति भंग करने की साजिश रच रहे हैं लेकिन पुलिस सक्रिय है और ऐसी योजनाओं को विफल करने के लिए सभी मोर्चों पर लड़ रही है।

## एसएचओ व जांच अधिकारी के खिलाफ मामला दर्ज

**कैथल ( हि.स. )।** कलायत के एसएचओ ने हमला कर घायल करने का मामला दर्ज करने की बजाय घटना को आपसी मारपीट में बदल दिया। अदालत ने कलायत के एसएचओ व जांच अधिकारी के खिलाफ मामला दर्ज करने के आदेश दिए हैं। घटना 8 महीने पहले 22 अक्टूबर 2022 की है। पीड़ित ने इंसाफ न मिलने पर अदालत का दरवाजा खटखटाया था। गांव हरीपुरा निवासी सुरेश कुमार ऊर्फ गोधू ने न्यायाधीश जेएमआईसी रेखा चौधरी की अदालत में दी शिकायत में बताया था कि 12 अक्तूबर 2022 को वह अपने घर में बैठा था। दो महिलाएं गली में सफाई के लिए झगड़ रही थीं। उसने बाहर निकल कर उन महिलाओं को अभद्र भाषा का प्रयोग नहीं करने को कहा। इस दौरान ग्रामीण निशान सिंह व सतीश कुमार वहां पहुंचे और उस पर हमला कर उसे घायल कर दिया। गांव के लोगों ने उसे छुड़वाया और उसे अस्पताल पहुंचाया। फिर उसका इलाज करवाया गया। ठीक होने के बाद उसने डॉक्टरी रिपोर्ट सहित अपनी शिकायत पुलिस थाना कलायत में एसआई गुरदेव सिंह और एसएचओ बलदेव सिंह को दी। इसके बाद भी उसकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। दोनों पुलिस अधिकारियों ने उस पर हुए हमले का मामला दर्ज करने की बजाय दोनों पार्टियों का 107/51 में चालान कर दिया। पुलिस से इंसाफ न मिलने के बाद उसने अदालत का दरवाजा खटखटाया। अदालत ने पुलिस को दोनों हमलावर आरोपियों सहित तत्कालीन एसएचओ कलायत बलदेव सिंह व पुलिस सब इंस्पेक्टर गुरदेव सिंह के खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश दिए। पीड़ित ने अदालत से पुलिस अधिकारियों का नारको टेस्ट करवाने की भी मांग की थी।

## पोर्टल न खुलने से कॉलेजों में फिर लटका दाखिला

**कैथल ( हि.स. )।** हरियाणा के कॉलेजों में स्नातक कक्षाओं में प्रथम वर्ष में दाखिला लेने की प्रक्रिया शनिवार को शुरू नहीं हो सकी। पहले ही दिन पोर्टल न खुलने से दाखिला प्रक्रिया बीच में ही लटक गई। शिक्षा विभाग ने अब 19 जून सोमवार से पोर्टल खुलने की संभावना जताई है। कॉलेजों को सीटों के कोर्सों की जानकारी देने के लिए 2 दिन का समय दिया गया है। इसी सिलसिले में कैथल के आरकेएसडी कॉलेज में शनिवार को दाखिला एवं काउंसलिंग समिति की मीटिंग का आयोजन भी किया गया। कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी में भी कालेजों की कार्यशाला में दाखिलों व कॉलेजों में सीटों पर चर्चा की गई और एडमिशन के लिए पोर्टल अभी न खोलने का निर्णय लिया गया। शनिवार सुबह से कैथल व अन्य जिलों के विद्यार्थियों को पोर्टल खुलने का इंतजार था, लेकिन यह पोर्टल दोपहर तक भी नहीं खुला। इस स्थिति में उन्हें निराश होकर लौटना पड़ा। कॉलेजों में आवेदन करने की प्रक्रिया 28 जून तक जारी रहेगी। इसके बाद 5 से 20 जुलाई तक तीनों मेरिट लिस्ट लगाई जाएंगी। फिर 21 जुलाई तक दाखिले किए जाएंगे। गौरतलब है कि कैथल में जिले के 15 सरकारी व निजी कॉलेजों में 9000 के करीब सीटें हैं। इस बार 15 हजार विद्यार्थियों ने 12वीं की परीक्षा पास की है। शनिवार को आरकेएसडी कॉलेज में 2023-24 के नए सत्र में स्नातक प्रथम वर्ष के दाखिलों के दृष्टिगत दाखिला एवं काउंसलिंग समिति की मीटिंग का आयोजन किया गया। इसमें डॉ. राजबीर पाराशर, डॉ. अनिल नरूला, डॉ. अशोक अत्री, डॉ. सुरेंद्र सिंह, डॉ. सूरज वालिया, डॉ. कपिल जैन व डॉ. श्वेता गर्ग ने भाग लिया। कार्य वाहक प्राचार्य डॉ. सत्यबीर मैहला ने कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय में हुई कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी में हुई कार्यशाला में लिए फैसलों की जानकारी दी। मैहला ने बताया कि दाखिला पोर्टल सोमवार से खुलेगा, ताकि इसमें आवश्यक सुधार हो सके। इनके अलावा कॉलेज के आसपास के साइबर कैफे हाउस संचालकों को भी बुलाया गया व उन्हें राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार हुए बदलावों की जानकारी दी।

# वार्षिक अमरनाथ यात्रा में शामिल होने के लिए साधु पहुंचने लगे जम्मू

**जम्मू ( हि.स. )।** देश भर से साधुओं ने वार्षिक अमरनाथ यात्रा में शामिल होने के लिए जम्मू पहुंचना शुरू कर दिया है। श्री अमरनाथ यात्रा पहली जुलाई से शुरू होगी। महिलाओं सहित 200 से अधिक साधु जम्मू के पुराने शहर के पुरानी मंडी इलाके में पारंपरिक राम मंदिर आधार शिविर में पहुंचे हैं और दक्षिण कश्मीर हिमालय में 3,880 मीटर ऊंचे पवित्र गुफा मंदिर में बर्फ से बने शिवलिंग में प्रार्थना करने के लिए उत्साहित हैं। 62 दिन लंबी तीर्थयात्रा 1 जुलाई को दो ट्रैक से शुरू होगी। इनमें अनंतनाग जिले में पारंपरिक 48 किलोमीटर नुनवान-पहलगाम मार्ग और गांदरबल जिले में 14 किलोमीटर छोटा बालटाल मार्ग हैं। साधुओं के जत्थे सहित तीर्थयात्रियों का पहला जत्था 30 जून को जम्मू से यात्रा के लिए रवाना हो रहा है। पंजाब की सीमा से लगे जम्मू और कश्मीर के प्रवेश द्वार लखनपुर से शांतिपूर्ण तीर्थयात्रा के लिए विभिन्न आधार शिविरों और मंदिर तक अधिकारियों ने पूरे जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा कड़ी कर दी है। साधुओं के एक समूह ने कहा कि हम सभी व्यवस्थाओं से संतुष्ट हैं। राम मंदिर के पुजारी राधे शाम महाराज ने कहा कि अब तक 207 साधु-साध्वियां यात्रा के लिए राम मंदिर पहुंच चुके हैं। उन्होंने कहा कि पहले की तरह मंदिर में भक्तों के रहने और खाने के लिए सभी व्यवस्थाओं में 2,000 से अधिक साधुओं को समायोजित करने की क्षमता है। पुजारी ने कहा कि भोजन और आश्रय के अलावा जिला प्रशासन के साथ सक्रिय समन्वय में चिकित्सा सुविधाएं और उचित स्वच्छता सुनिश्चित की जाएगी ताकि साधुओं को कोई असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि साधुओं को गर्मी से राहत दिलाने के लिए कूलर और एयर कंडीशनर अच्छी संख्या में उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि साधुओं की सुविधा के लिए पंजीकरण काउंटर 30 जून को (अधिकारियों द्वारा) खोला जाएगा।

## सड़क हादसे में गई 25 वर्षीय युवक की जान

**सांबा ( हि.स. )।** विजयपुर के रिंग रोड थाना बड़ी ब्राह्मणा अंतर्गत क्षेत्र में शनिवार को ट्रक और मोटरसाइकिल की टक्कर हो गई। जिस में मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार शनिवार को रिंग रोड पर मोटरसाइकिल और ट्रक की टक्कर हो गई। इस हादसे में मोटरसाइकिल सवार रितिक कुमार निवासी सलेड जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों ने उसे जीएमसी जम्मू पहुंचाया वहां पर तैनात डॉक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया। उसके बाद डॉक्टरों द्वारा पोस्टमार्टम किया गया और शव परिजनों को सौंप दिया गया। इस संबंध में बड़ी ब्राह्मणा पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर लिया गया है और ट्रक व मोटरसाइकिल को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी गई है।

# सोनीपत संसदीय क्षेत्र में 40 हजार करोड़ रुपए से सड़कें बनाई



**सोनीपत ( हि.स. )।** सांसद रमेश कौशिक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृतव में नौ वर्ष के कार्यकाल में देश-प्रदेश के विकास को नए रास्ता दिया है, सोनीपत संसदीय क्षेत्र में 40 हजार करोड़ की सड़क परियोजनाएं हैं। आभार प्रकट करने के लिए 20 जून को सोनीपत की नई अनाज मंडी में गौरव भारत रैली करेंगे। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी तथा मुख्यमंत्री मनोहर लाल आएंगे।सांसद रमेश कौशिक शनिवार को पीडब्ल्यूडी (बीएंडआर) के विश्राम गृह में पत्रकारों से बात कर रहे थे। सांसद कौशिक ने बताया कि हरियाणा प्रभारी बिप्लब देव और हरियाणा भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग-44 को 12 लेन मार्ग बनाने का कार्य पूर्ण हो चुका है। पुलों का कार्य पूरा हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राई में आमंत्रित करते हुए 18 हजार करोड़ रुपए की लागत केएमपी व केजीपी का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। यमुना से बहालगढ़-खरखौदा-झज्जर रोड के निर्माण पर चार हजार करोड़ रुपए खर्च होंगे। सांसद कौशिक बोले कि गन्नौर में स्थापित रेल कोच फैक्टरी में अब वंदे भारत की बोगियों के निर्माण के लिए लगभग तीस हजार करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा। लगभग 70 हजार करोड़ की लागत से विभिन्न रेलमार्गों का विद्युतीकरण करवाया गया। सोनीपत सहित गोहाना तथा जींद के रेलवे स्टेशनों को 25-25 करोड़ रुपए की लागत से अत्याधुनिक रूप दिया जाएगा। गन्नौर में बसाई जा रही भारतीय अंतर्राष्ट्रीय बागवानी मंडी से किसानों की आमदनी को दोगुना करने में मदद मिलेगी। राई हलका तो गुरुग्राम की तर्ज पर विकसित हो रहा है। खरखौदा अब दूसरा मानेसर बन जाएगा। पलवल से कुंडली नई रेल लाइन का काम भी शुरू हो चुका है। जीटी रोड पर भी ट्रामा सेंटर बनवाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने विदेशों में भी देश का मान बढ़ाया है। उनके नेतृत्व में यूक्रेन से भारतीय छात्रों को सकुशल भारत वापस लेकर आये। कोरोना काल में 80 करोड़ लोगों के लिए भोजन की निएमित रूप से व्यवस्था की गई। ललित बतरा, राजीव जैन, जसबीर दोदवा, विक्की भारद्वाज, राजेंद्र कौशिक, नीरज आत्रेय आदि उपस्थित रहे।

# पेयजल कनेक्शनों के संबंध में 50 हजार घरों को नोटिस

**सोनीपत ( हि.स. )।** अवैध सीवरेज व पेयजल कनेक्शनों के संबंध में यहां के 50 हजार घरों को नोटिस जारी किए गए हैं। जिनका कनेक्शन नहीं है, उनको भी नोटिस दिए जाने से लोगों में आक्रोश बढ़ने लगा है। मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं भाजपा नेता राजीव जैन ने शहर की विभिन्न कालोनिऐं में लोगों के साथ चर्चा की और कहा कि अक्टूबर 2020 को जारी अधिसूचना दोबारा लागू करवायेंगे, जिसमें नए या अवैध सीवरेज व पेयजल कनेक्शन के लिए रोड कट चार्जेस तथा कनेक्शन फीस न लेने के आदेश दिए गए थे। नगर निगम द्वारा भेजे गए नोटिस के खिलाफ सैनीपुरा, जीवन विहार, सुंदर सांवरी, लाल दरवाजा, ऋषिकुंज आदि कालोनिऐं में शिकायतें सुनने के बाद राजीव जैन ने कहा कि स्थानीय निकाय विभाग ने अधिसूचना जारी की थी। यह स्कीम 31 दिसम्बर 2020 तक लागू थी। उसके बाद उपभोक्ता से पेयजल एवं सीवरेज कनेक्शन की डबल फीस ली जानी थी। पुराने बिलों पर 25 प्रतिषत छूट की भी घोषणा की गई थी। राजीव जैन ने कहा कि निगम अधिकारियों की लापरवाही रही, नहीं तो उस समय सर्वे करवाकर अवैध कनैक्शनों को निएमित करवा सकते थे। दो साल बाद सर्वे शुरू किया गया और शहर के 50 हजार परिवारों को नोटिस दे दिए। ऐसे परिवारों को भी नोटिस दिए गए हैं, जिन्होंने पानी का कनेक्शन भी नहीं ले रखा है। उन्होंने कहा कि स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता से बातचीत कर यह प्रस्ताव रखा है कि 2020 की अधिसूचना जारी की जाये और अधिसूचना जारी होने तक नोटिसों पर होने वाली कार्रवाई रोक दी जाए। इस अवसर पर नरेंद्र योगी, प्रताप जांगड़ा, हंसराज, प्रताप दहिया, कल्याण, कुलदीप, सचिन, सुरजीत दहिया, सुजीत राठी, सुरेश सैनी, देवेन्द्र सैनी, मनोज धानिए,

# भट्टू क्षेत्र में सेम की समस्या का किया जाएगा स्थाई समाधान : दुष्यंत

**फतेहाबाद ( हि.स. )।** हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि भट्टू क्षेत्र में सेम की समस्या का समाधान करने के लिए हिसार-घग्गर ड्रेन की सफाई की जाएगी। इसके अलावा किसानों को खेतों के लिए सोलर पम्प दिए जाएंगे। किसान पोर्टल पर सोलर पंप लगाने के आवेदन के लिए आगे आए, सरकार उनको प्रोत्साहित करेगी। उन्होंने अधिकारियों को सेम की समस्या के समाधान के निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने पिछले तीन वर्षों में सेम और जलभराव की समस्या से समाधान के लिए 1900 करोड़ रुपए की परियोजनाओं पर काम किया है। उपमुख्यमंत्री शनिवार को फतेहाबाद विधानसभा क्षेत्र के गांव पीलीमंदोरी, ढाबी कलां, खाबड़ा कलां, किरढ़ान, नहला और ढाणी गोपाल में जनसभाओं को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर उन्होंने नागरिकों की जनसमस्याएं भी सुनी और अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। इस अवसर पर



जननायक जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष सरदार निशान सिंह, डॉ. वीरेंद्र सिवाच, जिलाध्यक्ष रविंद्र बेनीवाल, रमेश गोदारा, कुलजीत कुलडिया, सुरेंद्र लेगा, पंकज झाझड़ा सहित अनेक जजपा नेता मौजूद रहे। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि गांवों की ढाणियों में पीने के पानी की सप्लाई जल जीवन मिशन के तहत दी जाएगी, इसके लिए नागरिक अप्लाई कर सकते हैं। खेतों के रास्तों को खेत-खलिहान योजना के तहत पक्का करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपने साढ़े तीन साल के कार्यकाल में आम आदमी बेहतरी के लिए काम किया है। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि वे गांव की सामूहिक मांगों को ग्राम दर्शन पोर्टल के माध्यम से सरकार के पास भेज सकते हैं, सरकार उन पर काम करेंगी। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जलभराव व बेमौसमी बारिश से जिन किसानों की फसले खराब हुई, उनको भी क्षतिपूर्ति पोर्टल पर मूल्यांकन करवाकर एक माह में मुआवजा दिया गया है। उन्होंने कहा कि विकास के मामले में सरकार का विजन बिल्कुल स्पष्ट है और गांव-देहात और शहरों में समान रूप से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ग्राम दर्शन पोर्टल के माध्यम से भी विकास कार्य मंजूर किए जा रहे हैं। अभी हाल ही में हजारों विकास कार्य पंचायतों के अपलोड किए गए है और उनके टैंडर भी कर दिए गए है। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने गांव पीलीमंदोरी में गांव के दोनों स्कूलों के नाम शहीद विकास राहड तथा मनोज दहिया के नाम पर करने की घोषणा की। स्टेडियम का नाम होगा शहीद जगदीश कड़वासरा के नाम पर करने की सिफारिश की। उन्होंने गांव पीलीमंदोरी में कम्युनिटी सेंटर बनाने, नहरी नाली की समस्या का समाधान करने, डिजीटल लाइब्रेरी स्थापित करने, स्कूल में सोलर सिस्टम लगाने, खेतों के रास्तों को पक्का करने की घोषणा की। उपमुख्यमंत्री ने गांव ढाबी कलां में राशन कार्ड एवं पीपीपी के लिए गांव में ही दो दिन का कैंप लगाने, पेयजल के लिए नए मोगे लगाने की मंजूरी, गांव की महिलाओं के सत्संग भवन के लिए शैड बनाने, सत्संग भवन के लिए वाटरकूलर, पंखे, हारमोनिएम भिजवाने की घोषणा की। इसके अलावा गांव खाबड़ा कलां में ढाणियों में पेयजल आपूर्ति सहित गोशाला में चारे और ग्रांट के लिए पोर्टल पर आवेदन करने पर वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाने तथा शिवधाम में बैठने और पेयजल जैसी सुविधाओं में बढ़ोतरी करने की घोषणा की। गांव किरढ़ान के गुरु गोरखनाथ अखाड़ा में 11 लाख रुपए से शैड बनाने की घोषणा की।

## वन विभाग की कार्रवाई खनन उपकरण जब्त

**धौलपुर ( हि.स. )।** जिले के सरमथुरा उपखंड के वन क्षेत्र में शनिवार को वन विभाग की टीम ने अवैध खनन की रोकथाम के लिए छापा मार कार्रवाई की। कार्रवाई की भनक मिलने पर अवैध खनन माफिया मौके से भाग निकले। लेकिन वन विभाग की टीम ने अवैध खनन में काम आने वाले कई उपकरण जब्त किए हैं। वन विभाग द्वारा खनन माफिया की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। वन क्षेत्र सरमथुरा के रेंजर अमर लाल मीणा ने बताया कि शनिवार को सरमथुरा रेंज के रमधा वन क्षेत्र में माफिया द्वारा अवैध खनन के संबंध में सूचना मिली थी। इस सूचना पर वन विभाग की टीम ने रमधा वन क्षेत्र में छापा मारा। छापे के दौरान खनन माफिया मौ से भाग निकले। लेकिन वन विभाग की टीम ने मौके से अवैध खनन में काम आने वाले उपकरणों को जब्त किया है।



# ट्विटर पर टूटा मुसीबतों का पहाड़, किराया न चुकाने की वजह से कोर्ट ने दिया कोलोराडो दफ्तर खाली करने का आदेश

**वॉशिंगटन।**
टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क की तरफ से ट्विटर को खरीदे जाने के बाद से इस कंपनी में कई आमूलचूल बदलाव किए गए हैं। इसमें अधिकारियों और कर्मचारियों को कंपनी से निकाले जाने से लेकर अलग-अलग देशों में ट्विटर के दफ्तर बंद किए जाने से कम शामिल हैं। हालांकि, इसके बावजूद ट्विटर का बिजनेस मॉडल मस्क के लिए लाभ की स्थिति में नहीं पहुंच सका है। इस बीच खबर है कि ट्विटर को अब अमेरिका के कोलोराडो में स्थित अपना दफ्तर भी खाली करना पड़ेगा। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ट्विटर ने कई महीनों से यहां स्थित अपने दफ्तर का किराया नहीं चुकाया, इसकी वजह से कोर्ट ने ट्विटर को ऑफिस खाली करने का आदेश दे दिया है। कोलोराडो में ट्विटर के किराया न चुका पाने की वजह से एक जज ने बोल्डर शहर के शेरिफ (पुलिस अफसर) को निर्देश दिए हैं कि वे दफ्तर खाली कराकर इसे मकान मालिक को वापस सौंपें। एक और मीडिया समूह डेनवर पोस्ट के मुताबिक, कोर्ट ने किराएदार ट्विटर को हटाने के लिए 31 मई तक का समय दिया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्विटर ने कोलोराडो में अपने दफ्तर के लिए फरवरी 2020 में चार बिल्डिंग किराए पर ली थीं। कोर्ट के दस्तावेजों के मुताबिक, ट्विटर ने इसके लिए किराया भी नहीं चुकाया। इसके बाद अपनी इमारत की किराया वसूली के लिए मकान मालिक ने ट्विटर को नोटिस भी भेजा, लेकिन कंपनी की ओर से इसका कोई जवाब नहीं दिया गया। इस साल मार्च के अंत तक मकान मालिक ने ट्विटर की ओर से जमा किए गए 9 लाख 68 हजार डॉलर (करीब 8 करोड़ रुपये) के लेटर ऑफ क्रेडिट (जमाराशि) को ही किराया मानकर कंपनी की लीज जारी रखी। इस लेटर ऑफ क्रेडिट को लीज के लिए सिक्योरिटी डिपॉजिट भी माना जाता है। हालांकि, लेटर ऑफ क्रेडिट खत्म होने के बाद भी जब ट्विटर ने किराया नहीं चुकाया तो मकानमालिक ने कंपनी से फिर से सिक्योरिटी डिपॉजिट भरने को कहा। इस मांग को ट्विटर की ओर से ठुकरा दिया गया। बाद में मकानमालिक ने ट्विटर के खिलाफ केस किया और किराए के तौर पर 93 हजार 500 डॉलर (करीब 76 लाख रुपये) न चुकाने का आरोप लगाया।

## न्यूज ब्रीफ

### भारत ने मूडीज के रेटिंग के मानदंडों और पारदर्शिता पर उठाए सवाल, कहा- जीडीपी की बुनियाद मजबूत




**नई दिल्ली।** भारत ने मूडीज के उन मानदंडों पर सवाल उठाए, जिनके आधार पर वह विभिन्न देशों को क्रेडिट रेटिंग देती है। साथ ही, अपनी सॉवरेन रेटिंग बढ़ाने की वकालत की। सूत्रों के मुताबिक, सॉवरेन रेटिंग की वार्षिक समीक्षा से पहले क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विसेज के प्रतिनिधियों ने भारत सरकार के अधिकारियों से मुलाकात की। इस दौरान अधिकारियों ने भारतीय अर्थव्यवस्था के सुधारों और मजबूत बुनियादी बातों पर प्रकाश डाला। बैठक के बाद एक अधिकारी ने कहा, अमेरिकी रेटिंग एजेंसी ने भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती और सकारात्मकता को स्वीकार किया है। हम उसकी ओर से रेटिंग में सुधार को लेकर आशान्वित हैं। बैठक में अर्थव्यवस्था से जुड़े सभी मंत्रालयों के अलावा नीति आयोग के अधिकारी भी मौजूद रहे। सरकार ने कहा, अर्थव्यवस्था मजबूत है। कर्ज दायित्वों के भुगतान में हमारी क्षमता मजबूत है। देश में आर्थिक सुधारों के साथ बुनियादी ढांचे का विकास हो रहा है। 600 अरब डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार है इसलिए, भारत की सॉवरेन रेटिंग में संशोधन किया जाना चाहिए। भारत लंबे समय से क्रेडिट रेटिंग को लेकर वैश्विक एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाता रहा है। भारत की सॉवरेन रेटिंग में सुधार का मतलब होगा कि देश कम जोखिम वाला है। जीडीपी मजबूत है। लिहाजा, उसे कम ब्याज पर कर्ज मिलेगा। स्थिर दृष्टिकोण के साथ भारत को 'बीएए3' सॉवरेन साख रेटिंग दी है। निवेश योग्य श्रेणी में 'बीएए3' सबसे निचली रेटिंग है।

### मर्सिडीज-बेंज ने पेश की फ्यूचरिस्टिक कॉन्सेप्ट सुपरकार: ऊपर की तरफ खुलेंगे विजन वन-इलेवन के दोनों डोर, कार की हाइट सिर्फ 1168एमएम



**नई दिल्ली।** जर्मन लग्जरी कार मेकर कंपनी मर्सिडीज-बेंज ने मर्सिडीज विजन वन-इलेवन फ्यूचरिस्टिक कॉन्सेप्ट कार पेश किया है। कंपनी ने इस कॉन्सेप्ट सुपरकार को कैलिफोर्निया के कार्ल्सबैड में स्थित मर्सिडीज-बेंज के इंटरनेशनल डिजाइन सेंटर में डिजाइन और डेवलप किया है। मर्सिडीज-बेंज विजन वन-इलेवन दो सीट वाली इलेक्ट्रिक हाइपरकार कॉन्सेप्ट मॉडल है। यह मर्सिडीज सी111 कॉन्सेप्ट कार का अपग्रेटेड वर्जन है, जिसे कंपनी ने 1970 के दशक में पेश किया था। कंपनी ने मर्सिडीज सी111 कॉन्सेप्ट कार को ट्रिब्यूट देने के लिए विजन वन-इलेवन कॉन्सेप्ट कार डेवलप की है।

### तंगहाली से जूझ रहे पाकिस्तान को ड्रैगन का सहारा, चीन ने एक अरब अमेरिकी डॉलर देकर की मदद



**नई दिल्ली।** स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान ने दी जानकारी स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) ने इस बारे में कोई अन्य विवरण साझा किए बिना चीन से राशि मिलने की पुष्टि की है। पाकिस्तान का मुद्रा भंडार हाल के सप्ताहों में घटकर लगभग 3.9 अरब अमेरिकी डॉलर तक रह गया था। इससे पहले, वित्त मंत्री इशाक डार ने कहा था कि पाकिस्तान ने पिछले सोमवार को चीन को 1.3 अरब अमेरिकी डॉलर की देनदारी के मुकाबले एक अरब अमेरिकी डॉलर का भुगतान किया और उम्मीद जताई थी कि यह राशि वापस कर दी जाएगी। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था भुगतान के मामले में चूक की कगार पर है। आईएमएफ ने उसे 6.5 अरब डॉलर की ऋण सहायता देने की 2019 में सहमति जताई थी, लेकिन इसमें से 2.5 अरब डॉलर उसे नहीं मिल सकती है। इस राशि को जारी करने के लिए आईएमएफ ने कुछ शर्तें रखी हैं। दूसरी ओर पाकिस्तान का कहना है कि वह आईएमएफ की शर्तों को पहले ही पूरा कर चुका है। आईएमएफ का ऋण सहायता कार्यक्रम 30 जून को पूरा हो रहा है। पाकिस्तान आईएमएफ से मदद नहीं मिलने की स्थिति में अपनी अर्थव्यवस्था को बचाए रखने के लिए एक विकल्प की तलाश कर रहा है।

# एनएसजी के पूर्व अधिकारी के खिलाफ ईडी की बड़ी कार्रवाई, 45 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली।**
**प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एनएसजी के एक पूर्व अधिकारी और उसके परिवार के सदस्यों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। एजेंसी ने उनकी 45 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति को कुर्क किया है। उनपर मानेसर (गुरुग्राम) में ब्लैक कैट्स कमांडो बल की चौकी में नागरिक कार्य करने के लिए निविदा दस्तावेजों में कथित जालसाजी का आरोप है।**




एजेंसी ने एक बयान में कहा कि धन शोधन निरोधक कानून के तहत आरोपी प्रवीण यादव और उसके परिवार के सदस्यों की कुल 45.20 करोड़ रुपये की चल और अचल संपत्तियों को कुर्क करने का अस्थायी आदेश जारी किया गया। बयान में कहा गया है कि प्रवीण यादव सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) से प्रतिनियुक्ति पर राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) में शामिल हुए थे और दिल्ली के पास गुरुग्राम के मानेसर स्थित कमांडो बल की चौकी में टीम कमांडर (डिप्टी कमांडेंट रैंक के बराबर) के रूप में तैनात थे।

एनएसजी का ठेका देने के नाम पर कथित धोखाधड़ी पिछले साल जनवरी में तब सामने आई थी जब गुरुग्राम पुलिस ने एनएसजी अधिकारी, उसकी पत्नी ममता यादव, बहन रितुराज और कुछ अन्य को गिरफ्तार किया था। प्रवीण की बहन गुरुग्राम के सेक्टर 84 स्थित एक्सिस बैंक शाखा में प्रबंधक के रूप में काम कर थी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कुल पांच प्राथमिकियां दर्ज की हैं जिनमें दिनेश मोहन सोरखी, कमल सिंह, कोशिया एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड, नवीन खटोदिया, एक्सिस बैंक और अज्ञात लोग शामिल हैं।

ईडी ने कहा कि जांच में पाया गया कि प्रवीण यादव ने मानेसर स्थित एनएसजी के केंद्रीय गोदाम के लिए ईएमडी (बयाना धन जमा) के नाम पर एक्सिस बैंक, में एक जाली बैंक खाता खोला और सभी शिकायतकर्ताओं (इच्छुक ठेकेदारों) को जाली दस्तावेज दिए। इन्हें एनएसजी परिसर में कार्यों के लिए आगामी निविदाओं के लिए बल द्वारा जारी किए गए दस्तावेजों के रूप में पेश किया गया था।

ईडी ने आरोप लगाया कि प्रवीण यादव ने मानेसर स्थित एनएसजी के केंद्रीय गोदाम के लिए ईएमडी के नाम पर बैंक खाते सहित विभिन्न खातों के जरिए उसने शिकायतकर्ताओं से धोखाधड़ी से पैसा हासिल किया और उन्हें धोखा दिया। इसमें कहा गया है कि इस धन को या तो विभिन्न बैंक खातों में जमा किया गया है या व्यापार खातों में निवेश किया गया है या ममता यादव, ऋतुराज यादव, नवीन और दिनेश कुमार की मदद से चल और अचल संपत्तियों की खरीद के लिए भुगतान करने के लिए इस्तेमाल किया गया है। ईडी ने कहा कि यह पाया गया कि आरोपियों ने जमीन और शानदार कारें खरीदने के लिए इस पैसे का इस्तेमाल किया

### बीएसएनएल के अधिकारियों ने ठेकेदार के साथ मिलकर किया भ्रष्टाचार: सीबीआई ने 21 अधिकारियों के खिलाफ केस दर्ज किया, 25 जगहों पर छापेमारी की

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने भ्रष्टाचार मामले में भारत संचार निगम लिमिटेड के अधिकारियों के 25 ठिकानों पर छापेमारी की है। जांच एजेंसी ने बताया कि बीएसएनएल असम सर्किल के अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले में केस दर्ज किया गया है। इसमें पूर्व जनरल मैनेजर, डिप्टी जनरल मैनेजर, असिस्टेंट जनरल मैनेजर सहित 21 अधिकारी शामिल हैं। जांच एजेंसी ने असम, बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और हरियाणा में आरोपियों के घर और ऑफिस सहित 25 जगहों पर छापेमारी कर तलाशी ली है। जांच एजेंसी के मुताबिक, इन आरोपियों ने बीएसएनएल को धोखा देने के लिए एक ठेकेदार के साथ साजिश रची। इस मामले में अब तक सीबीआई ने जोरहाट, सिबसागर, गुवाहाटी सहित अन्य स्थानों के अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। सीबीआई अधिकारियों के मुताबिक, इस मामले में एक इंडिविजुअल के नाम पर भी केस दर्ज किया गया है। बयान जारी करते हुए कहा था, ठेकेदार को ओपन ट्रेंचिंग पद्धति के माध्यम से 90 हजार रुपए प्रति किलोमीटर की दर से नेशनल ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क केबल बिछाने का आदेश दिया गया था। इसमें ठेके की शर्तों में हेरफेरी करके बीएसएनएल को करीब 22 करोड़ रुपए का नुकसान पहुंचाया गया है।

# 2013 में 21 हजार का रहा सेंसेक्स अब 63500 के पार, 10 वर्षों में तीन गुना हुआ बाजार



**नई दिल्ली।**
शेयर बाजार लंबी समय अवधि में मोटा मुनाफा देने के लिए जाने जाते हैं। वर्ष 1979 में सेंसेक्स की स्थापना के बाद से हर दशक में यह चार गुनी रफ्तार से बढ़ा है। इस हफ्ते सोमवार से शुक्रवार के बीच सेंसेक्स में एक फीसदी से अधिक का उछाल आया। इस दौरान सेंसेक्स 700.50 (1.12प्रतिशत) अंकों की बढ़त के साथ 63,384.58 अंकों के लेवल पर बंद हुआ। इस हफ्ते सोमवार 12 जून को सेंसेक्स 62,960.73 के लेवल पर खुला था। बीते एक हफ्ते के दौरान यह 63,520.36 के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। बता दें कि सेंसेक्स का ऑल टाइम हाई 63,583.07 है जबकि पिछले 52 हफ्तों का लो 50,921.22 है। एनएसई निफ्टी में भी लगातार तेजी दिखी है। अगर सेंसेक्स में हुई वृद्धि को ही आधार मानें तो वर्ष 2020 में निफ्टी के स्तर 13981 के स्तर को देखते हुए इस दशक के अंत तक यह 56,000 के लेवल तक पहुंच सकता है। बीते एक हफ्ते के दौरान निफ्टी 230.55 (1.24प्रतिशत) अंकों की बढ़त के साथ 18,826.00 अंकों के लेवल पर बंद हुआ। यह भी लगभग ऑल टाइम हाई के पास है। वर्ष 2014 से अब के तक के सेंसेक्स के सफर की बात करें तो जनवरी 2022 में जो सेंसेक्स 21,222.19 के लेवल पर था वह 2023 में 63500 का आंकड़ा पार कर कर चुका है। इस दौरान दिसंबर 2022 में यह अपने ऑल टाइम हाई 63,583.07 के स्तर तक पहुंच चुका है। एक दशक पहले जो निफ्टी 6000 का स्तर भी हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहा था। 10 वर्षों के बाद दिसंबर 2022 में वहीं निफ्टी 18900 के करीब पहुंच गया। हालांकि इसके बाद बाजार में फिर कमजोरी दर्ज की गई पर एक बार फिर यह इसी लेवल पर कारोबार करता दिख रहा है। निफ्टी के 50 शेयरों का मार्केट कैप 14,920,255.38 करोड़ रुपये हो गया है। पिछले एक दशक के दौरान निफ्टी 211प्रतिशत की आश्यचर्यजनक वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2022 में मैक्रोइकोनॉमिक अनिश्चितताओं और जियोपॉलिटिकल तनावों के कारण बाजार में आए उठा-पटक के बावजूद भारतीय बाजार ने अपने समकक्षों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया और ऑलटाइम हाई का आंकड़ा छू लिया। जानकारों का मानना है कि वर्ष 2030 तक निफ्टी ऊंचाईयों को हासिल करते हुए 50,000 का आंकड़ा छू सकता है।

# इस महीने खत्म हो रहीं एसबीआई की दो खास स्कीम: एसबीआई अमृत कलश और वीकेयर स्कीम में मिल रहा एफडी से ज्यादा ब्याज

**नई दिल्ली।**
इस महीने यानी 30 जून को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की दो खास डिपॉजिट स्कीम एसबीआई अमृत कलश और वीकेयर खत्म हो रही हैं। इस दोनों ही डिपॉजिट स्कीम्स पर आम फिक्स्ड डिपॉजिट यानी एफडी से ज्यादा ब्याज दिया जा रहा है। ऐसे में अगर आप अपने डिपॉजिट पर ज्यादा ब्याज चाहते हैं तो इन स्कीम्स में निवेश कर सकते हैं। हम आपको इनके बारे में बता रहे हैं।




### क्या है वीकेयर स्कीम

एसबीआई की नई इस स्कीम में 5 साल या उससे ज्यादा की अवधि के डिपॉजिट पर 50 बेसिस पॉइंट्स का एक्स्ट्रा ब्याज मिलेगा। यह स्कीम सिर्फ 30 जून 2023 तक लागू रहेगी। तय अवधि में इस स्कीम में निवेश करने वाले ग्राहकों को ही फायदा मिलेगा।

### सीनियर सिटिजन के लिए टर्म डिपॉजिट पर ब्याज

सीनियर सिटिजन को 5 साल से कम के रिटेल टर्म डिपॉजिट पर आम पब्लिक के मुकाबले 0.50प्रतिशत ज्यादा ब्याज मिलता है। वहीं वीकेयर डिपॉजिट स्कीम के तहत 5 साल या इससे ज्यादा की एफडी पर 1प्रतिशत ब्याज मिलेगा। हालांकि, मैच्योरिटी से पहले निकासी पर अतिरिक्त ब्याज नहीं दिया जाएगा।

### एसबीआई अमृत कलश स्कीम भी इस महीने हो रही खत्म

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की नई फिक्स डिपॉजिट स्कीम अमृत कलश इसी महीने यानी 30 जून को खत्म होने वाली है। इसके तहत सीनियर सिटिजन को एफडी पर 7.60प्रतिशत और अन्य को 7.10प्रतिशत सालाना ब्याज दिया जा रहा है। इस फिक्स डिपॉजिट स्कीम में 400 दिन के लिए निवेश करना होता है।

# गूगल उत्पादों को सशक्त बनाते हैं भारतीय प्रतिभा व नवाचार, भारत पर बोले गूगल के अधिकारी

**नई दिल्ली।**
गूगल के लिए भारत सबसे महत्वपूर्ण बाजारों में से एक है और यह अविश्वसनीय प्रतिभा व नवोन्मेष का स्रोत है जो वैश्विक स्तर पर कंपनी के उत्पादों को बनाने और उन्हें सशक्त बनाने में मदद करता है। गूगल के सरकारी मामलों और सार्वजनिक नीति के वैश्विक प्रमुख करण भाटिया ने कहा कि कंपनी भारत और इसके बाजार को लेकर बहुत उत्साहित है। उन्होंने कहा, भारत दुनिया भर में हमारे सबसे महत्वपूर्ण बाजारों में से एक है। यह वास्तव में हमारे लिए दूसरा घर है। हम लगभग दो दशकों से यहां हैं। वहां हमारे हजारों कर्मचारी हैं। यह अविश्वसनीय प्रतिभा और नवाचार दोनों का एक स्रोत है जो वास्तव में दुनिया भर में गूगल उत्पादों को बनाने और उन्हें सशक्त बनाने में मदद करते हैं। भाटिया ने कहा कि भारत एक




गतिशील बाजार है जहां आप इंटरनेट के उपयोग और नए छोटे व्यवसायों और स्टार्टअप दोनों में तेज वृद्धि हो रही है। पिछले नौ वर्षों में भारत में डिजिटल विस्तार की कहानी अविश्वसनीय उन्होंने कहा कि पिछले नौ वर्षों में भारत के डिजिटल विस्तार की एक अविश्वसनीय कहानी रही है। यहां इंटरनेट के उपयोग के मामले में एक विस्फोट हुआ है, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट का इस्तेमाल बढ़ा है और डिजिटल-फर्स्ट व्यवसायों के मामले में हम वृद्धि का अनुभव कर रहे हैं। हम अधिक यूनिकॉर्न, अधिक स्टार्टअप, अधिक कंपनियां देख रहे हैं जो पहले डिजिटल रूप से सोच रहे हैं। भाटिया ने कहा, आप एक ऐसी सरकार देख रहे हैं जो वास्तव में डिजिटलीकरण, डिजिटल नीतियों की महत्वपूर्ण भूमिका को समझती है। उन्होंने कहा कि भारत में एक पारिस्थितिकी तंत्र मौजूद है जो वैश्विक डिजिटल नेटवर्क में देश की उपस्थिति को आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री (नरेंद्र) मोदी की शुरुआत से ही डिजिटल-फर्स्ट मानसिकता रही है। आप देख सकते हैं कि उन्होंने किस तरह से सरकार को डिजिटल तकनीक अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया है। आप आधार जैसी चीज को देखें। यह, निश्चित रूप से एक महत्वपूर्ण घटक है जो सरकार के नेतृत्व का परिणाम रहा है। भाटिया ने 2005 से 2007 तक उप अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि के रूप में कार्य किया। उन्हें संयुक्त राज्य अमेरिका कोरिया मुक्त व्यापार समझौते और भारत के साथ ओपन स्काई समझौते की बातचीत का नेतृत्व करने का श्रेय दिया जाता है।

## 19 जून से खुल रही सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड सीरीज

# 1 ग्राम सोने के लिए चुकाने होंगे 5,876 रुपए, 23 जून तक कर सकेंगे निवेश

**नई दिल्ली।**
आरबीआई ने सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड स्कीम की आठवीं सीरीज के लिए सोने का दाम तय कर दिया है। इस बार के लिए सोने की कीमत 5,926 रुपए प्रति 1 ग्राम तय की है। इसमें ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से निवेश किया जा सकता है। जो इनके लिए ऑनलाइन आवेदन और डिजिटल पेमेंट के जरिए भुगतान करेंगे, उन्हें प्रति ग्राम 50 रुपए का डिस्काउंट मिलेगा। यानी उन्हें 1 ग्राम के लिए 5,876 रुपए चुकाने होंगे। ये स्कीम 19 से 23 जून 2023 तक खुलेगी। सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड में आप 24 कैरेट यानी 99.9प्रतिशत शुद्ध सोने में निवेश करते हैं। ऑनलाइन और ऑनलाइन दोनों तरह से इसमें निवेश किया जा सकता है। एसजीबीस में निवेश पर 2.50प्रतिशत का सालाना ब्याज मिलता है। पैसों की जरूरत पड़ने पर बॉन्ड के बदले लोन भी लिया जा सकता है। भारतीय बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन लिमिटेड के पब्लिश्ड रेट के आधार पर बॉन्ड की कीमत तय होती है। इसमें सब्सक्रिप्शन पीरियड से पहले वाले हफ्ते के आखिरी तीन दिनों के रेट का एवरेज निकाला जाता है। यहां हम आपको सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड के बारे में बता रहे हैं ताकि आप भी इसमें निवेश करके फायदा कमा सकें।

**क्या है सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड** - सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड एक सरकारी बॉन्ड होता है। इसे डीमैट के रूप में परिवर्तित कराया जा सकता है। यदि बॉन्ड पांच ग्राम सोने का है, तो पांच ग्राम सोने की जितनी कीमत होगी, उतनी ही बॉन्ड की कीमत होगी। इसे आरबीआई की तरफ से जारी किया जाता है।

**शुद्धता और सुरक्षा की कोई चिंता नहीं** - एसजीबीसमें शुद्धता की चिंता करने की कोई जरूरत नहीं होती है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के मुताबिक गोल्ड बॉन्ड की कीमत इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन द्वारा प्रकाशित




24 कैरेट शुद्धता वाले सोने की कीमत से लिंक होती है। इसके साथ ही इसे डीमैट के रूप में रखा जा सकता है, जो काफी सुरक्षित है और उस पर कोई खर्च भी नहीं होता है।

**अधिकतम 4 किलो सोने में कर सकते हैं निवेश** - एसजीबीस के जरिए कोई शख्स एक वित्त वर्ष में कम से कम 1 ग्राम और अधिकतम 4 किलोग्राम सोने में निवेश कर सकता है। जॉइंट होल्डिंग के मामले में 4 किलोग्राम की निवेश सीमा पहले आवेदक पर ही लागू होगी। वहीं किसी ट्रस्ट के लिए खरीद की अधिकतम सीमा 20 किलो है।

**8 साल से पहले निकालने पर देना होता है टैक्स** - सॉवरेन 8 साल के मैच्योरिटी पीरियड के बाद इससे होने वाले लाभ पर कोई टैक्स नहीं लगता। वहीं अगर आप 5 साल बाद अपना पैसा निकालते हैं, तो इससे होने वाले लाभ पर लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन के रूप में 20.80प्रतिशत टैक्स लगता है।

**ऑफलाइन भी कर सकते हैं निवेश** - आरबीआई ने इसमें निवेश के लिए कई तरह के विकल्प दिए हैं। बैंक की शाखाओं, पोस्ट ऑफिस, स्टॉक एक्सचेंज और स्टॉक होल्डिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के जरिए इसमें निवेश किया जा सकता है। निवेशक को एक आवेदन फॉर्म भरना होगा। इसके बाद आपके अकाउंट से पैसे कट जाएंगे और आपके डीमैट खाते में ये बॉन्ड ट्रांसफर कर दिए जाएंगे। निवेश करने के लिए पैन होना अनिवार्य है। यह बॉन्ड सभी बैंकों, स्टॉक होल्डिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंजों, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड के माध्यम से बेचे जाएंगे।

**7 सालों में दिया 120प्रतिशत का रिटर्न** - 2015-16 में जब सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड स्कीम को लॉन्च किया गया था, तब इसका प्रति ग्राम भाव 2,684 रुपए था। इस पर 50 रुपए का डिस्काउंट था। यानी, भाव 2,634 रुपए हो गया था। सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड की अभी जो सीरीज लॉन्च हुई है, उसका भाव 5,926 रुपए है। 50 रुपए डिस्काउंट के साथ यह भाव अब 5,876 रुपए पर पहुंच गया है। इस तरह से पिछले 7 सालों में इस स्कीम से करीब 120प्रतिशत का रिटर्न मिला है।

**इसमें निवेश करना कैसा रहेगा** - केडिया कमोडिटी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि सोने में लम्बे समय के लिए निवेश सही रहता है, क्योंकि इससे इस पर होने वाले उतार चढ़ाव का असर नहीं होगा और आपको सही रिटर्न मिल सकेगा। सोने में कम से कम 3 से 5 साल के लिए रिटर्न करना सही रहेगा। आने वाले 1 साल की बात करें तो सोना 65 हजार तक जा सकता है।

# अजय देवगन और मोहनलाल एक साथ करंगे दृश्यम 3 की शूटिंग



**मुंबई (ईएमएस)।** खबर है कि अभिनेता अजय देवगन व मोहनलाल एक साथ आगामी फिल्म दृश्यम 3 की शूटिंग करेंगे। गौरतलब है कि अभिनेता मोहनलाल और निर्देशक जीतू जोसेफ ने वर्ष 2013 में दृश्यम के नाम से एक मनोरंजक थ्रिलर फिल्म बनाई, जिसने बॉक्स ऑफिस पर बेहतरीन सफलता प्राप्त की। इस फिल्म को वर्ष 2015 में हिन्दी में रीमेक करके इसी नाम से बनाया गया, जिसने मोहनलाल की भूमिका को अजय देवगन ने दोहराया। हिन्दी भाषा में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर बेहतरीन कारोबार करने में सफलता प्राप्त की। हालांकि तब यह फिल्म बाहुबली के शोर में कुछ दब गई थी। वर्ष 2022 में दृश्यम-2 आई जिसे दोनों भाषाओं में जबरदस्त सफलता मिली। हिन्दी भाषा में बनी इस फिल्म ने तो बॉक्स ऑफिस पर 250 करोड़ का कारोबार करके हैरान कर दिया था। अब, दृश्यम 2 की सफलता के बाद, मोहनलाल और जीतू जोसेफ अपनी इस सफल रहस्यपूर्ण सीरीज के 3रे और अन्तिम भाग को बनाने की तैयारी कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि दृश्यम-2 को निर्देशित करने वाले अभिषेक पाठक ने मोहनलाल और जीतू जोसेफ को एक आइडिया दिया था जो उन्हें पसन्द आया। अब दृश्यम 3 अब विकास के चरण में है, जिसमें निमार्ता हिंदी और मलयालम दोनों संस्करणों के लिए एक सहयोगात्मक प्रयास पर काम कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार अभिषेक पाठक और उनकी लेखकों की टीम ने दृश्यम 3 के लिए एक बुनियादी कोर प्लॉट तैयार किया है, जिसे जीतू जोसेफ और उनकी टीम ने पसंद किया था। उन्होंने हिंदी दृश्यम की टीम से विचार लिया है और अब इसे दृश्यम 3 की पटकथा में विकसित करने की दिशा में काम कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार दृश्यम 3 को एक साथ शूट करने और उन्हें पूरे भारत में एक ही तारीख पर रिलीज करने का विचार है। जहां केरल मलयालम में मोहनलाल के साथ गोर्ज कुट्टी के रूप में रिलीज होगा, वहीं शेष भारत में विजय सालगांवकर के रूप में अजय देवगन की यात्रा देखने को मिलेगी। एक बार स्क्रीनप्ले लॉक हो जाने के बाद, तेलुगु दृश्यम निमार्ता भी एक ही तारीख पर एक साथ रिलीज की योजना में शामिल हो सकते हैं। दृश्यम की शक्ति सस्पेंस में है और जैसा कि अतीत में हुआ है, एक वर्ग है जो पहले आने वाले संस्करण को पहले ही देख चुका है। दृश्यम में काम करने वाला हर कोई अपने दर्शकों को बेहतरीन अनुभव देना चाहता है, न कि ट्विस्ट और टर्न खराब करना।

# फिल्मों से अधिक तो टीवी में कमाई, बिग बॉस का एक एपिसोड 12 करोड़ में करते हैं सलमान

**– अमिताभ को केबीसी के लिए एक करोड़, तो कपिल को एक शो का मिलता है 50 लाख रुपया**




**मुंबई(ईएमएस)।** सुपर स्टार्स अब फिल्मों से अधिक तो टीवी से कमा रहे हैं। बिग बॉस की बात करें तो एक एपिसोड के सलमान खान को 12 करोड़ रुपए मिलते हैं। वहीं अमिताभ बच्चन को केबीसी के लिए एक करोड़ तो कपिल शर्मा को 50 लाख रुपया प्रति एपिसोड मिलता है। इस तरह कमाई के मामले में अब टीवी फिल्मों को टक्कर देने लगा है। क्योंकि टीवी सीरियल और शो में काम करे वाले कलाकारों को भी अच्छा-खासा पैसा मिलने लगा है। बॉलीवुड के नामी सितारे भी पिछले लंबे समय से टीवी शो होस्ट कर रहे हैं। ये एक एपिसोड जितना पैसा कमाते हैं, उसके बारे में आप सोच भी नहीं सकते। आपको बता दें कि बॉलीवुड के भाईजान सलमान खान टीवी शो से कमाई के मामले में सबसे ऊपर है। बिग बॉस के एक एपिसोड के लिए उन्हें जितना पैसा मिला, उतना अमिताभ बच्चन, कंगना रनौत और करण जौहर मिलकर भी एक एपिसोड के लिए नहीं कमा पाए। सलमान खान को बिग बॉस के एक एपिसोड के लिए 12 करोड़ रुपये मिले। हालांकि, उनको कितना पैसा दिया गया, इसका खुलासा न टीवी चैनल ने किया और न ही सलमान ने कभी किया। लेकिन, टीवी इंडस्ट्री सूत्रों का कहना है कि बिग बॉस के लेटेस्ट सीजन के लिए उन्हें 1,000 करोड़ रुपये मिले थे। अमिताभ बच्चन का कौन बनेगा करोड़पति शो भी खूब लोकप्रिय हुआ। इसका हर सीजन सुपरहिट साबित हुआ। अमिताभ बच्चन ने भी एक करोड़ रुपये से ज्यादा ही फीस इस शो के प्रत्येक एपिसोड के लिए ली। इसी तरह से कंगना रनौत भी टीवी पर लॉकअप नाम के टीवी शो को लेकर आई। कहा जाता है कि उनको भी इस शो के निमार्ताओं ने हर एपिसोड के लिए एक करोड़ रुपये दिए। वहीं करण जौहर का कॉफी विद करण ने भी खूब सुर्खियां बटोरीं। मशहूर फिल्मकार ने इस टॉक शो के लिए भी जमकर पैसा लिया और हर एपिसोड के लिए उनका मेहनताना एक करोड़ से ऊपर ही रहा। मशहूर कॉमेडियन कपिल शर्मा भी अपने शो द कपिल शर्मा शो से खूब कमाई करते हैं। कपिल शर्मा प्रति एपिसोड 50 लाख रुपये लेते हैं। पिछले कुछ सीजन के एपिसोड के लिए उन्होंने 30 से 35 लाख रुपये चार्ज किए। लेकिन अपने शो की लोकप्रियता बढ़ने के बाद उन्होंने मोटी फीस लेने लगे हैं। टीवी चैनलों के धारावाहिकों में काम करने वाले कलाकारों को टीवी शो होस्ट्स की तुलना में अब भी बहुत कम पैसा मिल रहा है। रूपाली गांगुली को प्रत्येक एपिसोड के 3 लाख रुपये मिलते हैं। हिना खान, रोनित राय और राम कपूर जैसे कलाकारों को एक एपिसोड के 1।5 लाख से ज्यादा रुपये मिलते हैं।

# मुझे लगा था कि मुन्ना भाई एमबीबीएस मेरी आखिरी मूवी होगी : अरशद



**मुंबई (ईएमएस)।** कॉमेडी ड्रामा मूवी मुन्ना भाई एमबीबीएस ने साल 2003 में बॉक्स ऑफिस पर खूब धमाल मचाया था। आज भी फिल्म को लेकर दीवानगी कम नहीं है। मुन्ना से ज्यादा सर्किट ने अपने किरदार से लोगों का दिल जीत लिया था। अरशद ने मूवी में सर्किट का किरदार निभाया था। अरशद ने यूं तब कई फिल्मों में काम किया है, लेकिन वह अपने सर्किट के रोल के लिए मशहूर हैं। हालांकि, शायद ही आपको पता हो कि ये फिल्म करने से पहले अरशद ने मान लिया था कि उनका मूवी इंडस्ट्री में करियर खत्म है। वे मूवी को अपनी आखिरी फिल्म समझ रहे थे। हाल ही में, अरशद वारसी ने बताया कि उन्हें लगा था कि इस फिल्म के बाद उनकी जिंदगी बर्बाद है। मैं जानता था कि ये फिल्म करने के बाद मेरी जिंदगी बर्बाद है। ये हो गया। ये मेरे करियर की आखिरी फिल्म है। हीरो के पीछे घूमने वाले 5 लोगों को आखिर कौन याद रखता है। फिल्म चले भी, मेरा नुकसान है और ना चले भी नुकसान है। मुझे नहीं लगता है कि संजू को भी पहली वाली में इतना कॉन्फिडेंस था। धीरे-धीरे हमें लगा। ऐसा इसलिए क्योंकि उस वक्त फिल्में अलग बन रही थीं और ये अलग ही फिल्म थी। ये जानते हुए कि फिल्म के बाद करियर बर्बाद हो जाएगा, तब भी उन्होंने ये मूवी क्यों की। तब अरशद ने कहा कि वह राजू भाई (राजकुमार हिरानी) के बहुत करीब हैं और उन्हें मूवी की कहानी भी पसंद आई थी। मुझे राजू पसंद हैं, क्योंकि वह अच्छे इंसान और डायरेक्टर हैं। मुझे फिल्म की कहानी भी पसंद आई थी। मुझे उससे कोई फर्क नहीं पड़ा था। अरशद वारसी इन दिनों अपनी वेब सीरीज असुर 2 का प्रमोशन कर रहे हैं। हाल ही में जियो सिनेमा पर रिलीज हुई इस सीरीज को बहुत पसंद किया जा रहा है। वेब शो में बरुन सोबती भी लीड रोल में हैं।

# सनी लियोनी बिग बॉस ओटीटी सीजन 2 में आएंगी नजर



बॉलीवुड अभिनेत्री सनी लियोनी, जिनकी फिल्म केनेडी ने हाल ही में कान फिल्म फेस्टिवल में धमाल मचाया, बिग बॉस ओटीटी सीजन-2 में नजर आएगी। सनी शो के 5वें सीजन के दौरान टीवी काउंटरपार्ट में एक कंटेस्टेंट थीं, जहां से उन्होंने अपनी बॉलीवुड जर्नी शुरू की थी। बिग बॉस में अपनी एंट्री को लेकर सनी ने कहा, बिग बॉस ओटीटी में आना मेरे लिए घर वापसी जैसा होगा। यह मेरे करियर के महत्वपूर्ण मोड़ में से एक है। मैं शो को करीब से देख रही हूं और इस अगले लेवल पर ले जाने के लिए पूरी तरह से तैयार हूं। इंतजार करें और देखें, मौसम बदलने वाला है। बिग बॉस सीजन 5 में आने के बाद, सनी ने कुछ गानों और फिल्मों में काम किया। शो के फैंस अनुमान लगा रहे हैं कि क्या सनी लियोनी सरप्राइज कंटेस्टेंट के तौर पर शो में एंट्री कर रही हैं या वह सिर्फ बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के साथ को-होस्ट होंगी। बिग बॉस ओटीटी सीजन 2 स्ट्रीमिंग के लिए 17 जून से जियोसिनेमा पर उपलब्ध होगा।

# गणपथ पार्ट 1 रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार

**–टाइगर श्रॉफ और कृति सेनन मुख्य भूमिका में**



**मुंबई (ईएमएस)।** फिल्म गणपथ पार्ट 1 रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म में टाइगर श्रॉफ और कृति सेनन मुख्य भूमिकाओं में हैं। दर्शक सिनेमाघरों में फिल्म की रिलीज को लेकर सुपर एक्साइटेड है। यह फिल्म अपनी घोषणा से ही दर्शकों का ध्यान खींचने में कामयाब हुई है। फिल्म का निर्माण वाशु भगनानी, जैकी भगनानी, दीपशिखा देशमुख और विकास बहल ने किया हैं। यह फिल्म 20 अक्टूबर 2023 को हिंदी, तेलुगु, तमिल, मलयालम भाषाओं में रिलीज होगी। फिल्म को लेकर आई एक ताजा अपडेट ने फैन्स को वाकई खुश कर दिया है। दरअसल जैकी भगनानी ने अपने सोशल मीडिया पर सबसे कम उम्र के एक्शन सुपरस्टार टाइगर श्रॉफ और निर्देशक विकास बहल के साथ एक ही फ्रेम में सोफे पर लेटे हुए एक तस्वीर साझा की हैं। इसी के साथ उन्होंने फिल्म के फाइनल एडिट को भी लॉक कर दिया है।

कह सकते है कि फिल्म पर अपडेट की घोषणा करने का यह वाकई एक कूल तरीका है। यह फोटो निमार्ता, अभिनेता और निर्देशक के बीच के बॉन्ड को भी दिखाती है, जिन्होंने दर्शकों के लिए अपनी तरह की इस अनूठी फिल्म को लाने के लिए कड़ी मेहनत की है, अपना खून-पसीना बहाया और रातों को जागे है। इसे अपने सोशल मीडिया पेज पर शेयर करते हुए एक्टर-प्रोड्यूसर जैकी भगनानी ने लिखा, वो फीलिंग्स जब आपने # गनपथ पार्ट 1 की एडिट को लॉक कर दिया है, इस दशहरा सिनेमाघरों में मिलते हैं! पूजा एंटरटेनमेंट प्रेजेंट करता है गुड कंपनी के सहयोग से गणपथ पार्ट 1, जो विकास बहल द्वारा निर्देशित हैं।

# अपनी फिटनेस रुटीन में लौट आई कंगना रनौत



एक्ट्रेस कंगना रनौत अगली फिल्म के लिए तैयारी शुरू करने के साथ ही अपनी फिटनेस रुटीन में लौट आई हैं। वीडियो में वह जंपिंग जैक, माउंटेन क्लाइंबिंग, रोप स्किपिंग और स्पॉट जॉगिंग जैसे फॉर्म के साथ फंक्शनल ट्रेनिंग करते हुए दिखाई दे रही हैं। एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर अपने वर्कआउट सेशन का एक वीडियो शेयर किया। एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, मिसेज गांधी (पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी) की भूमिका निभाने के लिए अपने एक्सरसाइज रूटीन से दो साल के ब्रेक के बाद अब मैं अपनी फिटनेस रूटीन में वापस आ गई हूं। आगामी एक्शन फिल्म के लिए ट्रांसफॉर्मेशन के इंतजार में हूं। एक्ट्रेस की तेजस, चंद्रमुखी 2, मणिकर्णिका रिटर्न्स : द लीजेंड ऑफ दिद्दा और द अवतारः सीता जैसी कई फिल्में जल्द ही आने वाली हैं। फिलहाल, उनकी फिल्म, जिसे उन्होंने प्रोड्यूस किया है, नवाजुद्दीन सिद्दीकी-स्टारर टीकू वेड्स शेरू रिलीज होने वाली है। बता दें कि कंगना की बतौर निर्देशक इमरजेंसी दूसरी फिल्म है और इसमें वह पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका भी निभाएंगी।

# एक्ट्रेस क्लो ने शेयर की गॉर्जियस तस्वीरें

हाल ही में किम कार्दशियन की बहन और एक्ट्रेस क्लो कार्दशियन ने इंस्टाग्राम पर बेटी ट्रू थॉम्पसन के साथ कुछ गॉर्जियस तस्वीरें शेयर की हैं, जो इंटरनेट पर आते ही वायरल हो गईं। फैंस इन तस्वीरों पर खूब लाइक बरसा रहे हैं। इन तस्वीरों में देखा जा सकता है कि क्लो जमीन पर बैठकर बेटी ट्रू को अपनी गोद में लिए जबरदस्त पोज दे रही हैं। इस दौरान वह अपनी बेटी को खूबसूरत फूलों वाला बुके भेंट कर रही हैं। तस्वीरों में मां-बेटी का प्यार देखते ही बन रहा है। लुक की बात करें तो इस दौरान क्लो कार्दशियन ब्लैक लैदर जैकेट और डेनिम पैंट में बेहद अट्रैक्टिव लग रही हैं। हाई पोनी के साथ बालों पर चश्मा लगाए एक्ट्रेस का स्टाइल देखते ही बन रहा है। वहीं उनकी बेटी ट्रू बेबी पिंक टॉप और कर्ली बालों की पोनी में बेहद क्यूट लग रही हैं। मां बेटी की इन तस्वीरों पर फैंस जमकर प्यार बरसा रहे हैं।

# राम चरण ने शादी की 11वीं सालगिरह की सेलिब्रेट



साउथ के एक्टर राम चरण ने अपनी पत्नी उपासना कामिनेनी कोनिडेला के साथ शादी की 11वीं सालगिरह सेलिब्रेट किया। ऑस्कर विजेता फिल्म आरआरआर में अपने काम से दर्शकों का दिल जीतने वाले एक्टर की सालगिरह के समारोह में फिल्म इंडस्ट्री के कई लोग शामिल हुए। राम के पिता और तेलुगू मेगास्टार चिरंजीवी कोनिडेला ने बेटे-बहू की शादी की 11वीं सालगिरह के मौके पर ट्वीट कर शुभकामनाएं दी और उन्हें आशीर्वाद भी दिया। मेगास्टार ने ट्वीट किया, हाय चरण और उप्सी। इस खास दिन पर हम आप दोनों को शादी की सालगिरह की शुभकामनाएं देते हैं। आप दोनों ने हमें हद से ज्यादा गौरवान्वित और खुश किया है। आप माता-पिता बनने जा रहे हैं, इसके लिए हम आपको शुभकामनाएं देते हैं। अपने बच्चे के लिए आपका प्यार एक ऐसी स्टोरी हो जिसे दूसरों को प्रमाणित करना अच्छा लगेगा। प्यार और आशीर्वाद, मां और अप्पा। बता दें कि राम चरण और उपासना माता-पिता बनने वाले हैं और वह जल्दी ही अपने बच्चे का वेलकम करेंगे।

# बेटे करण देओल के संगीत में तारा सिंह के लुक में नजर आए सनी देओल, वीडियो वायरल



बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता सनी देओल के बेटे करण देओल 18 जून को अपनी गर्लफ्रेंड द्रशा आचार्य के साथ शादी के बंधन में बंधने वाले है। पिछले कुछ दिनों से करण और द्रशा के प्री-वेडिंग फंक्शन चल रहे हैं। हाल ही में करण और द्रशा की संगीत सेरेमनी हुई। खास मौके पर धर्मेंद्र, सनी देओल, बॉबी देओल सहित कई तमाम बॉलीवुड हस्तियां भी मौजूद रहीं। सनी देओल ने करण के कॉन्सर्ट में "मैं निकला गड्डी लेके" गाने पर डांस किया। उनकी परफॉर्मेंस का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सनी ने करण और द्रशा के संगीत समारोह में ब्लॉकबस्टर फिल्म गदरः एक प्रेम कथा के गाने "मैं निकला गड्डी लेके" पर डांस किया। करण और द्रशा के संगीत समारोह के लिए, सनी देओल "गदर" के तारा सिंह की तरह नजर आए। उनकी तस्वीरें इंटरनेट वायरल हो रही है। धर्मेंद्र ने न सिर्फ अपने पोते के संगीत समारोह में शिरकत की, बल्कि डांस भी किया। धर्मेंद्र ने पोते करण और राजवीर के साथ "यमला पगला दीवाना" गाने पर डांस किया।

उनके डांस का वीडियो वायरल हो रहा है। अभिनेता रणवीर सिंह भी करण और द्रशा के संगीत कार्यक्रम में शामिल हुए। करण और द्रशा की शादी 18 जून को होगी। उनकी शादी के समारोह में करीबी दोस्त और परिवार वाले शामिल होंगे। सनी देओल की गदरः एक प्रेम कथा 9 जून को फिर से रिलीज हुई थी। इस फिल्म में सनी के अभिनय को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। अब फिल्म "गदर 2" 11 अगस्त 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। सनी देओल की इस अपकमिंग फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अनिल शर्मा ने फिल्म "गदर 2" का निर्देशन किया है।

## सूडोकु नवताल- 6465

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6464 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

## शब्दजाल - 7212

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सु | ष्मि | ता | से | न | द | रि | ला | या | र | क |
| दा | इ | ल | ग | व | जी | ग | रा | इ | ता | ली |
| गि | री | चे | ल्सी | स्मि | थ | ची | द | रा | क | क |
| री | ने | र | दो | पु | ज | न | त्ता | न | त | क |
| क | सी | दो | ब्रु | क | ली | का | मो | ग | व | क |
| जी | ज | ल | प | य | ज | पू | ना | ना | र | को |
| ए | र्मि | कु | से | ला | प | स्टि | श | र | ग्रु | ल |
| क | र्ज | ल्जा | ई | धा | ब | क | न | लो | श | ड |
| ने | बा | म | न्न | ब्रा | ह | त्या | री | पा | प | क |
| शा | न | वि | थ | र | ले | र्त | ऐ | बें | से | त |
| क | मि | शे | ल | मै | क | ली | न | द | प | क |

*शब्द जाल में 10 मिस यूनिवर्स के नाम ढूंढिए. नाम ऊपर से नीचे एवं तिरछे हो सकते हैं.*

सुष्मिता सेन, लारा दत्ता, जस्टिन पासेक, चेल्सी स्मिथ, ब्रुक ली, मिशेल मैकलीन, इरीने सीज, मोना ग्रुड, एर्मी कुसेला, शान विथरले

**शब्दजाल - 7211 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ती | स | री | मं | जि | ल | ब | रे | ली | झ | क |
| ज | ल | ल | प | का | रिं | पू | ना | दि | शा | ऊ |
| अं | इ | रा | म | स | ज | ल | श | जिं | द | गी |
| क | कु | दा | म | धा | ब | ल | प | ख | श | रा |
| क | ति | शि | न | इं | क | र | ल | ग | वी | म |
| शो | ले | ल | का | का | र | र्त | ऐ | ढ़ | प | ब |
| ती | अ | ल | श | र | प | म | ग | कौ | ला | ल |
| क | झ | अ | ब | त | क | म | प्प | न | श | रा |
| क | न | थो | तें | ज्वे | ल | थी | फ | शा | जू | म |
| द | ढ़ | ल | प | आ | रं | र्त | ऐ | बें | प | रु |
| थो | त | सा | वो | कौ | न | थी | जा | एं | प | क |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग-6165

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | 5 | | | 6 | |
| | 35 | 3 | 27 | 1 | 28 | |
| 6 | | 4 | | 2 | | 3 |
| | 26 | | 40 | | 34 | |
| 1 | 3 | | 7 | 5 | | 4 |
| | 27 | | 41 | 4 | 29 | 5 |
| 4 | 3 | | | 6 | 1 | |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

**अष्टयोग 6164 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 4 | 7 | 2 | 5 | 3 |
| 5 | 35 | 3 | 27 | 1 | 28 | 7 |
| 7 | 4 | 5 | 2 | 3 | 6 | 1 |
| 3 | 31 | 2 | 37 | 7 | 34 | 6 |
| 1 | 3 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 |
| 2 | 27 | 1 | 41 | 4 | 29 | 5 |
| 4 | 3 | 7 | 5 | 6 | 1 | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore




# बांग्लादेश की टेस्ट में सबसे बड़ी जीत: अफगानिस्तान को 546 रन से हराया, शांतो ने दोनों पारियों में शतक जमाए

**ढाका।**
बांग्लादेश ने अफगानिस्तान को इकलौते टेस्ट मैच में 546 रनों से हराया। ये बांग्लादेश की टेस्ट में सबसे बड़ी जीत है, जबकि इंटरनेशनल टेस्ट इतिहास में किसी भी टीम की रनों के लिहाज से तीसरी सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले इंग्लैंड ने 1928 में ऑस्ट्रेलिया को 675 रनों से हराया था, जबकि 1934 में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 562 रनों से हराया था। बांग्लादेश के खिलाफ दूसरी पारी में मिले 662 रनों के टारगेट का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान की टीम 115 रन ही बना सकी। अफगानिस्तान ने चौथे दिन आखिरी 5 विकेट 35 रन के अंदर गंवा दिए। बांग्लादेश की ओर से नजमुल हुसैन शांतो ने दोनों पारियों में शतक लगाए। इसके अलावा बांग्लादेश की ओर से शोरीफुल इस्लाम और एबोदत हुसैन ने दोनों पारियों में 5-5 विकेट लिए। इससे पहले बांग्लादेश ने टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 382 रन और दूसरी पारी में 4 विकेट पर 425 रन बनाने के बाद पारी घोषित कर दी। वहीं अफगानिस्तान ने पहली पारी में 146 और दूसरी पारी में 115 रन बनाए।

**अफगानिस्तान ने दूसरी पारी में जल्दी-जल्दी विकेट गंवाए** – अफगानिस्तान ने चौथे दिन दूसरी पारी में 30 रन के अंदर 3 और 35 रन के अंदर 5 विकेट गंवा दिए। चौथे दिन 45/2 से आगे खेलने उतरी अफगानिस्तान की टीम ने तीसरा विकेट जल्द ही गंवा दिया। अफगानिस्तान के 48 रन के स्कोर पर नासीर जमाल आउट हो गए। उनका विकेट एबादोत हुसैन ने विकेटकीपर लिटन दास के हाथों कैच कराकर लिया। अफगानिस्तान की दूसरी पारी में नासीर के बाद अफसर जजाई और बासिर शाह भी जल्द ही लौट गए। अफगानिस्तान के 78 रन के स्कोर पर आधे खिलाड़ी आउट हो चुके थे। उसके बाद आए खिलाड़ी भी कुछ खास नहीं कर पाए और 35 रन के अंदर ही आखिरी 5 विकेट गिर गए। इस तरह 662 रनों के टारगेट के जवाब में 115 रन ही बना सकी।

**नजमुल हुसैन शांतो ने दोनों पारियों में लगाए शतक** – बांग्लादेश की ओर से नजमुल हुसैन ने दोनों पारियों में शतक लगाए। उन्होंने 270 रन बनाए। शांतो ने पहली पारी में 175 गेंदों पर 146 रन और दूसरी पारी में 151 गेंदों पर 124 रन बनाए। मोइनुल हक बांग्लादेश की ओर से दूसरे टॉप स्कोरर रहे। उन्होंने 136 रन बनाए। हक पहली पारी में 15 रन और दूसरी पारी में 145 गेंदों पर 121 रन बनाकर नाबाद रहे। बांग्लादेश की ओर से शोरीफुल इस्लाम और एबोदत हुसैन सबसे सफल गेंदबाज रहे। दोनों ने दोनों पारियों को मिलाकर 5-5 विकेट लिए।

## न्यूज ब्रीफ

### नीरज चोपड़ा जून के आखिर तक हो जाएंगे रिकवर: मांसपेशियों में खिंचाव की वजह दो बड़े इवेंट से चूके; एथलेटिक्स चैंपियनशिप में मिली छूट



**पानीपत।** देश के गोल्डन ब्यॉय एवं टोक्यो ओलिंपिक के गोल्ड मेडल विजेता नीरज चोपड़ा अपनी मांसपेशियों की खिंचाव से लगातार उबर रहे हैं। नीरज, बहुत जल्द रिकवरी कर रहे हैं। इस बात की जानकारी एएफआई के कोच राधाकृष्णन नायर ने भुवनेश्वर में इंटर-स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने कहा कि हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण यूरोप में बैक-टू-बैक टूर्नामेंट से चूकने वाले नीरज चोपड़ा के इस महीने के अंत तक फिट होने की उम्मीद है। नीरज चोपड़ा ने पिछले सप्ताह अपना प्रशिक्षण शुरू किया और इस महीने के अंत तक अच्छे स्वास्थ्य में होंगे। हालांकि नीरज पहले की तरह प्रैक्टिस में दमखम नहीं दिखा पा रहे हैं। मगर, जल्द ही वे रिकवर हो जाएंगे। नीरज चोपड़ा, स्टीपलचेजर अविनाश साबले के साथ, अंतरराज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप से छूट दी गई है। बाकी एथलीटों को एशियाई खेलों के लिए क्वालीफाई करने के लिए प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कहा गया है। नीरज चोपड़ा ने पावो नूरमी खेलों से अपना नाम वापस ले लिया था। ये प्रतियोगिता 13 जून को फिनलैंड के तुर्कू में हुई थी। मई में दोहा डायमंड लीग जीतकर अपने सीजन की शुरुआत करने वाले नीरज चोपड़ा ने 4 जून में नीदरलैंड में हुई एफबीके गेम्स में भी हिस्सा नहीं लिया था। नीरज चोपड़ा ने सोशल मीडिया के जरिए बताया था कि मांसपेशियों में खिंचाव के कारण गेम्स से नाम वापस लिया है। ये मांसपेशियां अभ्यास के दौरान खींची थी। इसी वजह नीरज ने पावो नूरमी गेम्स में भी इसी कारण से भाग नहीं लिया था। नीरज चोपड़ा ने पावो नूरमी खेलों के पिछले संस्करण में 89.30 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता था। फिनलैंड के ओलिवर हेलेंडर के बाद दूसरे स्थान पर रहे। गौरतलब है कि इवेंट में नीरज चोपड़ा का थ्रो उस समय उनका बेस्ट था। हालांकि, उन्होंने 2022 विश्व कप के दौरान अपने रिकॉर्ड को बेहतर किया।

### एफ1 कनाडा ग्रैंड प्रिक्स प्रैक्टिस सेशन के दो राउंड पूरे: 18 जून को होगी रेस, लुईस हैमिलटन- मैक्स वेरस्टैपेन पर सबकी नजरें

**मॉन्ट्रियल।** कनाडा के मॉन्ट्रियल में 16 जून से एफ1 ग्रैंड प्रिक्स जारी है। अभी प्रैक्टिस हो रही है। पहली



प्रैक्टिस हुई थी। वहीं, दूसरी प्रैक्टिस आज हो चुकी है। तीसरी प्रैक्टिस रात 10 बजे होगी। इसके बाद क्वालीफाईंग राउंड होगा और आखिरी रेस 18 जून यानी रविवार को होगी। इस टूर्नामेंट में एफ1 जगत टॉप रेसर हिस्सा ले रहे है। कनाडा ग्रैंड प्रिक्स में ब्रिटेन के लुइस हैमिलटन सबसे सफल रेसर है। उन्होंने 7 जीत के साथ लीजेंड माइकल शूमाकर की बराबरी की है। कनाडा ग्रैंड प्रिक्स की पहली प्रैक्टिस में सिर्फ 3 ही लैप हो सकी। इसमें फिनलैंड के वाल्टेरी बोटास अपनी एस्टन मार्टिन कार के साथ टॉप पर रहे। उनका बेस्ट लैप टाइम 1 मिनट 18.728 सेकंड रहा। प्रैक्टिस एक घंटे की होनी थी, लेकिन कुछ ही मिनटों में रेसर पियरे गैस्ली की कार प्रॉब्लम के चलते प्रैक्टिस रुक गई। इसके बाद कैमरा फेल हो गए और प्रैक्टीस सेशन खत्म हो गया।

### रूट ने टेस्ट शतक में ब्रैडमैन को पीछे छोड़ा: एशेज के पहले टेस्ट में जड़ा अपना 30वां शतक

**लंदन।** इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट ने शुरू हुए पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 152 गेंदों पर नाबाद



118 रन की पारी खेली। यह उनके टेस्ट क्रिकेट का 30वां शतक है। इसके साथ ही उन्होंने ब्रैडमैन के 29 शतकों के रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ दिया है। इससे पहले उन्होंने भारत के विराट कोहली और न्यूजीलैंड के केन विलियमसन को पीछे छोड़ा था। दोनों के 28-28 शतक हैं। 1948 तक टेस्ट क्रिकेट खेलने वाले सर डॉन ब्रैडमैन ने अपने करियर में कुल 29 टेस्ट शतक लगाए थे। वहीं टेस्ट में सबसे ज्यादा शतक लगाने में सचिन तेंदुलकर सबसे ऊपर हैं। उनके नाम 51 शतकों का रिकॉर्ड है। रूट अब संयुक्त रूप से 10वें स्थान पर आ गए हैं। एक्टिव क्रिकेटर्स में उनसे ऊपर सिर्फ स्टीव स्मिथ हैं, जिनके नाम 31 टेस्ट शतक दर्ज हैं। वहीं वे सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में इंग्लैंड के दूसरे बैटर हैं। उनसे ज्यादा एलिस्टर कुक ने 33 शतक लगाए हैं। इंग्लैंड ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी की। इंग्लैंड की ओर से जैक क्रॉले और बेन डकेट ने ओपनिंग की। बेन डकेट चौथे ही ओवर में जोश हेजलवुड का शिकार बन गए।

दलीप ट्रॉफी 28 जून से, 28 आईपीएल स्टार्स खेलेंगे

# इन्हीं में से टेस्ट का बैच तैयार करेंगे सिलेक्टर्स, वेस्टइंडीज टूर में मिल सकता है मौका

**नई दिल्ली।**
वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के लगातार दो फाइनल गंवाने के बाद बीसीसीआई सिलेक्टर्स अब नया बैच तैयार करने में जुटे हैं। यही कारण है कि भारतीय टेस्ट टीम की बेंच स्ट्रेंथ को मजबूत करने के लिए इंडियन प्रीमियर लीग में दमदार प्रदर्शन करने वाले युवाओं को दलीप ट्रॉफी के लिए जोनल टीमों में चुना गया है। यह हम नहीं कह रहे, बल्कि आंकड़े बता रहे हैं। मौजूदा सीजन की बात करें तो इस पर दलीप ट्रॉफी में हिस्सा लेने जा रही 6 जोनल टीमों में 28 आईपीएल स्टार हिस्सा ले रहे हैं। इस स्टोरी में देखेंगे दलीप ट्रॉफी का शेड्यूल, आईपीएल में प्रदर्शन से प्रभावित करने वाले खिलाड़ियों का करियर और पिछले सीजन में प्रदर्शन और ये भविष्य की टीम इंडिया में कहां फिट बैठ सकते हैं।




**28 जून से 12 जुलाई तक आयोजन, 6 टीमें हिस्सा लेंगी** – दलीप ट्रॉफी 28 जून से 12 जुलाई तक बेंगलुरु के कई वेन्यू पर खेली जाएगी। इस टूर्नामेंट के साथ बीसीसीआई के डोमेस्टिक सीजन की शुरुआत भी हो जाएगी। इस प्रतियोगिता में नार्थ, साउथ, ईस्ट, वेस्ट, सेंट्रल और नार्थ-ईस्ट जोन की टीमें खेली जाएंगी। पहला प्लेऑफ मुकाबला नार्थ जोन और ईस्ट जोन के बीच खेला जाएगा। खिताबी मुकाबला बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में 12 जुलाई को होगा।

**ऋतुराज गायकवाड : 600 से ज्यादा रन बनाए** – ऋतुराज गायकवाड वेस्ट जोन में चुने गए हैं। गायकवाड ने डिफेंडिंग चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए डेवोन कॉन्वे के साथ लाजवाब ओपनिंग की है। दोनों ने मौजूदा सीजन में पहले विकेट के लिए 849 रन बनाए हैं। गायकवाड ने 28 फर्स्ट क्लास मैच खेले हैं। उनके नाम 1941 रन हैं। इनमें 6 शतक और 9 अर्धशतक शामिल हैं। ऐसे में गायकवाड ओपनिंग के अच्छे विकल्प हो सकते हैं।

**तिलक वर्मा : प्रभावी पारियां खेलीं, मिडिल ऑर्डर पर खेलते हैं** – तिलक वर्मा ने इंडियन प्रीमियर लीग के पिछले सीजन में छोटी लेकिन अहम पारियां खेलीं। उन्होंने मुंबई इंडियंस की ओर से 11 मुकाबलों में 42.88 के एवरेज से 343 रन बनाए हैं। तिलक के बल्ले से एक अर्धशतक भी आया। तिलक वर्मा ने 7 फर्स्ट क्लास मुकाबले खेले हैं। इनमें उनके बल्ले से 409 रन निकले हैं। उनके बल्ले से 1 शतक और दो अर्धशतक आ चुके हैं। साउथ जोन से खेल रहे तिलक आईपीएल के बाद इस टूर्नामेंट में भी प्रभाव छोड़ सकते हैं।

**रिंकू सिंह : गुजरात के खिलाफ 5 छक्के से चर्चा में आए** – सेंट्रल जोन से खेल रहे रिंकू सिंह कोलकाता नाइट राइडर्स की ओर से मैच फिनिशर की भूमिका में खेलने उतरे थे और अपने छक्कों के कारण पिछले सीजन में सबसे ज्यादा चर्चा में रहे। उन्होंने गुजरात टाइटंस के खिलाफ अहमदाबाद में यश दयाल के आखिरी ओवर में 5 छक्के जमाकर अपनी टीम को जिताया था। रिंकू ने आईपीएल के मौजूदा सीजन में 59.25 के एवरेज से 474 रन बनाए हैं। रिंकू ने 40 फर्स्ट क्लास मैच में 2875 रन बनाए हैं। इनमें 7 सेंचुरी और 19 हाफ सेंचुरी शामिल हैं। रिंकू फर्स्ट क्लास में भी करीब 60 की बेहतरीन औसत से खेलते हैं। ऐसे में वे डेज फॉर्मेट में भी अपनी फॉर्म कायम रखना चाहेंगे। वे बड़े शॉर्ट खेलने के लिए जाने जाते हैं।

**बी साई सुदर्शन : आईपीएल में तीन फिफ्टी जमाई, 50+ का एवरेज** – फाइनल के टॉप स्कोर साई सुदर्शन को साउथ जोन में चुना गया है। गुजरात टाइटंस के बल्लेबाज सुदर्शन ने आईपीएल के पिछले सीजन में 362 रन बनाए हैं। इस सीजन में सुदर्शन का एवरेज 51.71 का रहा है। उनके बल्ले से 5 फिफ्टी आई हैं। साई सुदर्शन ने 7 फर्स्ट क्लास मुकाबलों में 572 रन बनाए हैं। इनमें दो शतक और एक अर्धशतक शामिल हैं। सुदर्शन टॉप-मिडिल ऑर्डर पर बल्लेबाजी करते हैं। उन पर भी सिलेक्टर्स की नजर रहेगी।

**यशस्वी जायसवाल: फर्स्ट क्लास में 80+ का एवरेज** – राजस्थान रॉयलस के ओपनर यशस्वी जायसवाल को वेस्ट जोन में चुना गया है। वे आईपीएल 2023 के टॉप बैटर्स में से एक रहे हैं। उन्होंने 14 मुकाबलों में 48.08 के एवरेज से 625 रन बनाए हैं। पिछले सीजन में यशस्वी के बल्ले से एक शतक और 5 अर्धशतक आए हैं। जायसवाल ने 15 फर्स्ट क्लास मैचों में 1845 रन बनाए हैं। इनमें उनका एवरेज 80.21 का रहा है। उनके नाम 9 सेंचुरी और 2 हाफ सेंचुरी हैं। यशस्वी राजस्थान की ओर से ओपनिंग करते हैं और सफल भी रहे हैं। ऐसे में सिलेक्टर्स उनमें भविष्य का ओपनर देख सकते हैं।

**प्रभसिमरन सिंह : 150.42 के स्ट्राइक रेट से बैटिंग** – आईपीएल के पिछले सीजन में प्रभसिमरन सिंह ने अपनी बल्लेबाजी से प्रभावित किया है। उन्होंने पंजाब किंग्स की ओर से ओपन करते हुए सेंचुरी जमाई थी। प्रभसिमरन ने पिछले सीजन में 25.57 के एवरेज और 150.42 के स्ट्राइक रेट से 358 रन बनाए हैं। प्रभसिमरन सिंह ने 11 फर्स्ट क्लास मैच खेले हैं। उनके नाम 689 रन हैं। फोर डे फॉर्मेट में प्रभसिमरन 49.21 के एवरेज से रन बनाते हैं। उनके नाम तीन सेंचुरी और एक हाफ सेंचुरी है। प्रभसिमरन नॉर्थ जोन से खेलते नजर आएंगे।

**यश ठाकुर : पिछले आईपीएल सीजन में हर 15वीं बॉल पर विकेट चटकाया** – सेंट्रल जोन की टीम से खेल रहे यश ठाकुर ने लखनऊ की ओर से पिछले आईपीएल सीजन में 13 विकेट चटकाए। वे हर 15वीं बॉल पर विकेट ले रहे थे, हालांकि उनकी इकोनॉमी 9.07 की रही। यश ठाकुर ने 13 फर्स्ट क्लास मुकाबलों में 37 विकेट चटकाए हैं। वे एक दफा 5 विकेट होल भी हासिल कर चुके हैं। यश एक बॉलिंग ऑप्शन हो सकते हैं।

# सात्विक-चिराग की जोड़ी और प्रणय सेमीफाइनल में, ली शी फेंग ने श्रीकांत को हराया



**नई दिल्ली।**
भारत की सात्विक साईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने शीर्ष वरीय इंडोनेशियाई फजर अलफियान और मोहम्मद रियान अरादियांतो की जोड़ी को हराकर इंडोनेशिया ओपन विश्व टूर सुपर 1000 बैडमिंटन के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। पुरुष एकल में भारत के एच एस प्रणय ने जापान के कोदई नोराका को 21-18, 21-6 से हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया। अब प्रणय की टक्कर डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसन और चीनी ताइपे के टिन चिन चोऊ के बीच होने मैच के विजेता से होगा। किदांबी श्रीकांत को क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। सातवीं वरीयता के सात्विक और चिराग ने इंडोनेशियाई जोड़ी को 41 मिनट में 21-13, 21-13 से पराजित किया। अब भारतीय जोड़ी की टक्कर कोरिया के मिन हयूक कैंग और सियंग जेई सियो और इंडोनेशिया के लियो रोली कैरनेंडो और डेनियल मार्थिन के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगी। विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता किदांबी श्रीकांत को क्वार्टर फाइनल में दुनिया के 10वें नंबर के खिलाड़ी चीन के ली शी फेंग से एक घंटे और नौ मिनट तक चले कड़े मुकाबले में 14-21 21-14 12-21 से शिकस्त मिली। इस जीत के साथ ही फेंग ने श्रीकांत से मिली पिछली हार का बदला भी चुकता कर लिया। दोनों खिलाड़ियों के बीच दो मुकाबलों में दोनों ने एक-एक जीत दर्ज की है। विश्व रैंकिंग में 22वें स्थान पर काबिज श्रीकांत और फेंग दोनों इस स्पर्धा में गैरवरीय है। श्रीकांत ने शुरुआती सेट में 2-0 की बढ़त कायम की लेकिन इसके बाद उन्हें लगातार कई गलतियां करने का खामियाजा भुगतना पड़ा। चीन के खिलाड़ी ने पहले गेम में ब्रेक के समय 11-7 की बढ़त बना ली। फेंग ने इसके बाद अपनी बढ़त जारी रखी और पहला गेम आसानी से अपने ना किया। दूसरे गेम की शुरुआत में दोनों खिलाड़ियों के बीच बराबरी का मुकाबला दिखा लेकिन श्रीकांत जल्द ही अपने पुराना लय हासिल कर ब्रेक तक 11-6 की बढत बना ली। उन्होंने आक्रामक खेल जारी रखते हुए यह गेम जीत लिया। वह हालांकि तीसरे गेम में इस लय को बरकरार नहीं रख सके और फेंग ने 11-6 की बढ़त बना ली। ब्रेक के दौरान चीन के खिलाड़ी को चिकित्सा मदद की जरूरत पड़ी।

# मुदित अमेरिकी नेशनल कॉलेजिएट के साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने, यह उपलब्धि पाने वाले पहले भारतीय

**नई दिल्ली।**
**मुंबई के टेबल टेनिस खिलाड़ी मुदित दानी को अमेरिका के नेशनल कॉलेजिएट टेबल टेनिस एसोसिएशन (एनसीटीटीए) के वर्ष का खिलाड़ी चुना गया है। यह उपलब्धि हासिल करने वाले वह पहले भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी हैं। जूनियर वर्ग में विश्व नंबर छह की वरीयता रख चुके 24 वर्षीय मुदित के कोच पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और टेबल टेनिस एसोसिएशन ऑफ इंडिया के महासचिव कमलेश मेहता हैं। उन्हें यह पुरस्कार 2022-23 में उनके सानदार प्रदर्शन के लिए दिया गया है।**



**भारत का प्रतिनिधित्व करना संतोषजनक**

मुदित ने यह उपलब्धि हासिल करने के बाद कहा कि एनसीटीटीए वर्ष का पुरुष खिलाड़ी बनना अविश्वसनीय है। यह पुरस्कार हासिल करने वाला पहला भारतीय बनना और भी हर्ष का विषय है। मुदित कहते हैं कि किसी भी स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करना उनके लिए हमेशा संतोषजनक होता है।

**दो स्वर्ण अपने विश्वविद्याल को दिलाए**

एनसीटीटीए अमेरिकी टेबल टेनिस का सदस्य है और यह पुरस्कार सत्र केअंत में अमेरिका और कनाडा के विश्वविद्यालय में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को मिलता है। मुदित ने हाल ही में न्यूयार्क विश्वविद्याल के स्टर्न स्कूल ऑफ बिजनेस से अपनी मास्टर्स पूरी की है। उन्होंने अपनी टीम को लगातार दूसरी बार खिताब जिताने की राह में दो स्वर्ण पदक जीते। मुदित का 2022-23 में प्रदर्शन 11-0 रहा। आठ वर्ष की उम्र में टेबल टेनिस शुरू करने वाले मुदित अल सल्वाडोर में अंतरराष्ट्रीय कैडेट टूर्नामेंट का खिताब भी जीत चुके हैं।

# यूरो 2024 क्वालिफायर राउंड में इंग्लैंड ने माल्टा को हराया: 4-0 से जीत कर ग्रुप सी के टॉप पर पहुंचा, केन-आर्नोल्ड ने दागे गोल

**अट्टार्ड (माल्टा)।**
फुटबॉल का दूसरा सबसे बड़ा इंटरनेशनल टूर्नामेंट यूरो कप 2024 अगले साल जर्मनी में होना है। इससे पहले यूरो 2024 के क्वालिफायर जारी है। देर रात हुए मुकाबले में इंग्लैंड ने माल्टा को 4-0 से एकतरफा मैच में हराया। इसके साथ ही अब टेबल में इंग्लैंड टॉप पर पहुंच गया है। इंग्लैंड के साथ टेबल में यूक्रेन, इटली, नार्थ मैकेंडोनिया और माल्टा है।



**आठवें मिनट में आया पहला गोल** – मैच की शुरुआत से ही इंग्लैंड माल्टा पर भारी रहा। मैच के आठवें मिनट में ही इंग्लैंड ने बढ़त हासिल कर ली। माल्टा के खिलाड़ी फेर्डिनांडो अपाप से आत्मघाती गोल हो गया। इसके बाद 28वें मिनट में इंग्लैंड के राइट बैक खिलाड़ी ट्रेंट एलेक्जेंडर अर्नोल्ड ने शानदार गोल स्कोर किया। अर्नाल्ड ने बॉक्स के बाहर से 23 मीटर दूर से शानदार गोल दागा। इससे इंग्लैंड को एकतरफा बढ़त मिल गई।

**हैरी केन ने पेनल्टी से दागा गोल** – मैच के 31वें मिनट में टीम के कप्तान और ऑल टाइम टॉप स्कोरर हैरी केन ने पेनल्टी से गोल दागा। दरअसल माल्टा के खिलाड़ी ने बॉक्स के अनादर फाउल कर दिया। इस वजह से इंग्लैंड को पेनल्टी मिली को हैरी केन ने इसे आसानी से गोल में तब्दील कर दिया।

**84वें मिनट में आया चौथा गोल** – 84वें मिनट में इंग्लैंड ने आखिरकार अपने चौथा गोल दागा। यह गोल कैलम विल्सन ने किया। 31 साल के विल्सन बॉल लेकर बॉक्स में आए और राइट कार्नर में बिना किसी गलती गोल दाग दिया। विल्सन इंग्लिश प्रीमियर लीग में न्यूकासल यूनाइटेड के खिलाड़ी हैं।

**माल्टा एक भी शॉट नहीं लगा सका** – माल्टा पूरे मैच में बिक्री हुई नजर आई। टीम ने एक भी गोल अटेम्पट नहीं किया। माल्टा ने बॉल पोजीशन 34प्रतिशत रखी। टीम ने 10 फाउल किए और 1 यलो कार्ड भी लिया।

**इंग्लैंड ने यूरो 2020 में फाइनल खेला था** – यूरो कप के इतिहास में इंग्लैंड ने आज तक कप नहीं जीता है। हालांकि गेराथ साउथगेट की कोचिंग में टीम ने पिछले कुछ सालों में शानदार प्रदर्शन किया है। इंग्लैंड फुटबॉल टीम ने यूरो 2020 में इटली के खिलाफ फाइनल खेला था। मैच 1-1 से ड्रॉ रहा था। इसके बाद इटली ने पेनल्टी में मैच जीता था। क्वालिफायर में ग्रुप की टॉप 2 टीम क्वालिफाई करेंगी।

महिला खिलाड़ियों को कपड़े उतार साबित करना पड़ा जेंडर

# खेलों में इंटरसेक्स जेंडर में फंसता है पेंच, इनके जननांग अंदर और बाहर अलग-अलग

**नई दिल्ली।**
स्वीडन की एक पूर्व महिला फुटबॉलर की किताब ने सनसनी मचा दी है। इस किताब में पूर्व स्वीडिश फुटबॉलर नीला फिशर ने लिंग जांच के बारे में दहला देने वाला खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि 2011 के वर्ल्ड कप से पहले पूरी स्वीडिश टीम की लिंग जांच की गई। इसके लिए उन्हें डॉक्टर्स के सामने अपने पूरे कपड़े उतारने पड़े थे। ऐसा इसलिए किया गया क्योंकि अफवाह थी कि कुछ टीमों में पुरुष खिलाड़ी महिला बनकर खेल रहे हैं। फिशर के खुलासे के बाद पूरी दुनिया में इस तरह हुए जेंडर टेस्ट की आलोचना हो रही है।

**सबके कपड़े उतरवाए, नहीं निकला कोई पुरुष** – साल 2011 का वर्ल्ड कप जर्मनी में हुआ था। इसी दौरान अफवाह फैली कि अलग-अलग देशों की टीम में पुरुष खिलाड़ी भी शामिल हैं। जिसके बाद जर्मनी और दूसरे कुछ देशों में टूर्नामेंट का विरोध हुआ और जांच की मांग की गई। जिसके बाद टूर्नामेंट कराने वाली 'फीफा' ने जेंडर टेस्ट का यह रास्ता अपनाया। इसमें टीम की सभी महिला खिलाड़ियों को डॉक्टर्स की मौजूदगी में अपने प्राइवेट पार्ट्स दिखाने पड़े। फिशर के मुताबिक पूरी स्वीडिश टीम के कपड़े उतरवाकर जांच की गई। बावजूद इसके टीम में कोई पुरुष खिलाड़ी नहीं पाया गया। एक-एक कर डॉक्टर्स ने सभी खिलाड़ियों के प्राइवेट पार्ट देखे और उनके महिला होने का प्रमाणपत्र जारी किया। स्वीडिश टीम के खिलाड़ी तभी अपना बाकी मुकाबला खेल पाए।

**खिलाड़ी ने कहा- अपमानजनक था अनुभव** – नीला फिशर ने बताया कि यह पूरी प्रक्रिया अपमानजनक थी। एक अनजान देश में अनजान डॉक्टर्स के सामने महिला खिलाड़ियों को अपने कपड़े उतारने पड़े। फिशर ने यह भी कहा कि वे नहीं चाहती थीं कि उन्हें मुकाबले से बाहर किया जाए या लोग उनपर पुरुष होने के आरोप लगाएं। जिसके चलते वो और उनके साथी चाहकर भी इस जांच का विरोध नहीं कर पाए और उन्हें अपना




जेंडर टेस्ट करवाना पड़ा। जबकि मुकाबला शुरू होने से पहले ही सभी देशों से लिखवाकर लिया गया था कि उनकी टीम में कोई पुरुष खिलाड़ी मौजूद नहीं है।

**मुंह के लार से भी होता है जेंडर टेस्ट, फीफा ने इसे नहीं चुना** – 2011 में हुई जेंडर जांच का विरोध इसलिए भी हो रहा है क्योंकि इसके दूसरे तरीके भी हो सकते हैं। इससे पहले भी कई मुकाबलों में महिला खिलाड़ियों का जेंडर टेस्ट स्वैब यानी मुंह से लार लेकर किया जाता रहा है। इसके अलावा हॉर्मोन टेस्ट भी किया जाता है। लेकिन फीफा जैसे बड़े मुकाबले में इसकी जगह फिजिकली टेस्ट किया गया। हालांकि कई लोगों का कहना है कि स्वैब या हॉर्मोन टेस्ट से जेंडर रिपोर्ट आने में काफी वक्त लगता है और 2011 वर्ल्ड कप में अफवाह काफी फैल चुकी थी। पूरे टूर्नामेंट के विवादों में पड़ने का खतरा था। ऐसे में फीफा ने आनन-फानन में फिजिकली जेंडर टेस्ट कराने का फैसला किया।

**इंडियन एथलीट पर भी लगे पुरुष होने के आरोप** – दुती चंद देश की रिकॉर्ड होल्डर रनर रही हैं। उन्होंने अलग-अलग मुकाबलों में देश को कई पदक दिलाए हैं। लेकिन 2014 में ओलिंपिक से ठीक पहले उनके करियर पर ब्रेक लग गया। हॉर्मोन टेस्ट के बाद दुती पर पुरुष होने के आरोप लगे। हालांकि दुती ने इन आरोपों से इनकार किया और खुद को महिला बताती रहीं। आरोप के बाद एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने उन्हें ओलिंपिक में हिस्सा लेने से रोक दिया।

**पुरुष साबित होने के बाद लौटाना पड़ा मेडल** – तमिलनाडु की शांति सौंदर्यराजन ने 2006 के एशियन गेम्स में रनिंग में देश के लिए सिल्वर मेडल जीता। लेकिन मुकाबले के फौरन बाद उनके जेंडर टेस्ट कराया गया। जिसमें बताया गया वो 'महिला होने के मानकों भी खरी नहीं उतरती हैं'। जिसके बाद उनके स्पोर्ट्स में हिस्सा लेने पर रोक लगा दी गई और उनके एशियन गेम्स में जीता गया सिल्वर मेडल भी वापस ले लिया गया।

**'इंटरसेक्स' के मामले में फंसता है पेंच, ये महिला-पुरुष से अलग** – खेल की दुनिया में महिलाओं और पुरुषों के अलग-अलग मुकाबले होते हैं। दोनों को एक-दूसरे के मुकाबले में खेलने की इजाजत नहीं होती। इसी तरह ट्रांसजेंडर यानी जेंडर चेंज कराने वाले खिलाड़ियों को लेकर भी कई बार विवाद होता है। विवाद कई बार इंटरसेक्स के मामले में भी होता है।

G20 भारत 2023 INDIA वसुधैव कुटुम्बकम् ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE
Azadi Ka Amrit Mahotsav
জনতাৰ চৰকাৰ myGOV मेरी सरकार
Government of Assam

# Towards an Enlightened Assam

## A new dawn in the State's education sector






**18** Adarsha Vidyalayas

**Inauguration**

**19** Tea Garden Model High Schools

**Inauguration of Academic Year 2023-24**

| To be inaugurated by | District | School Name | Date |
|---|---|---|---|
| **Dr Himanta Biswa Sarma** Chief Minister, Assam | Sonitpur | Arun Tea Garden Model High School | 22 June 2023 23 June 2023 |
| | | Ketla Tea Garden Model High School | |
| | | Adabari Tea Garden Model High School | |
| | | Jingia Tea Garden Model High School | |
| | | Sonabil Tea Garden Model High School | |
| | | Pabhoi Tea Garden Model High School | |
| | Kamrup | Adarsha Vidyalaya, Jalukbari | |
| **Shri Ranjeet Kumar Dass** Minister, Panchayat & Rural Development; General Administration, etc. | Barpeta | Adarsha Vidyalaya, Gobardhana | 19 June 2023 |
| | Tinsukia | Powai Tea Garden Model High School | 20 June 2023 |
| | | Balijan Tea Garden Model High School | |
| **Shri Atul Bora** Minister, Agriculture, Animal Husbandry & Veterinary, etc. | Lakhimpur | Madhupur Tea Garden Model High School | 20 June 2023 |
| | | Ananda Tea Garden Model High School | |
| | | Adarsha Vidyalaya, Ghilamara | |
| **Shri Urkhao Gwra Brahma** Minister, Handloom & Textiles, Soil Conservation, etc. | Kamrup (Metro) | Adarsha Vidyalaya, Pub-Guwahati | 19 June 2023 |
| **Shri Chandra Mohan Patowary** Minister, Environment & Forest, Welfare of Minorities, etc. | Kamrup | Adarsha Vidyalaya, Hajo | 19 June 2023 |
| | | Adarsha Vidyalaya, Kamalpur | 20 June 2023 |
| | | Adarsha Vidyalaya, Chaygaon | |
| **Shri Parimal Suklabaidya** Minister, Transport, Fisheries and Excise. | Cachar | Adarsha Vidyalaya, Dewan TE | 19 June 2023 |
| **Shri Keshab Mahanta** Minister, Health & Family Welfare, Medical Education & Research, etc. | Sivasagar | Adarsha Vidyalaya, Demow | 19 June 2023 |
| **Dr Ranoj Pegu** Minister, Education, Tribal Affairs, etc. | Dibrugarh | Bhitor Chabua Tea Garden Model High School | 19 June 2023 |
| | | Romai Tea Garden Model High School | |
| | | Nahartali Tea Garden Model High School | |

| To be inaugurated by | District | School Name | Date |
|---|---|---|---|
| **Shri Ashok Singhal** Minister, Housing & Urban Affairs and Irrigation. | Goalpara | Adarsha Vidyalaya, Lakhipur | 21 June 2023 |
| **Shri Jogen Mohan** Minister, Revenue & Disaster Management, Mines & Minerals, etc. | Sonitpur | Adarsha Vidyalaya, Jamuguri | 19 June 2023 |
| **Shri Sanjoy Kishan** Minister, Tea Tribes Welfare and Labour Welfare. | Tinsukia | Sukanpukhuri Tea Garden Model High School | 19 June 2023 |
| | | Chandmari Tea Garden Model High School | |
| | | Adarsha Vidyalaya, Itakhuli | 20 June 2023 |
| **Smt Ajanta Neog** Minister, Finance and Woman & Child Development. | Charaideo | Adarsha Vidyalaya, Mahmara | 19 June 2023 |
| **Shri Pijush Hazarika** Minister, Water Resources, Information & Public Relations, etc. | Karbi Anglong | Adarsha Vidyalaya, Lumbajong | 20 June 2023 |
| | | Adarsha Vidyalaya, Nilip | |
| | | Adarsha Vidyalaya, Rongmongve | |
| **Shri Bimal Borah** Minister, Industries, Commerce & Public Enterprises and Cultural Affairs. | Tinsukia | Margherita Tea Garden Model High School | 19 June 2023 |
| | | Hatimara Tea Garden Model High School | |
| **Shri Jayanta Mallabaruah** Minister, Public Health Engineering, Tourism, etc. | Dhubri | Chapar Tea Garden Model High School | 19 June 2023 |
| **Smt Nandita Gorlosa** Minister, Power, Sports & Youth Welfare, etc. | West Karbi Anglong | Adarsha Vidyalaya, Chinthong | 20 June 2023 |
| | | Adarsha Vidyalaya, Socheng | |
| | Karbi Anglong | Lengree Tea Garden Model High School | |

-- Janasanyog ID/5267/ 23

Published by Directorate of Information and Public Relations, Assam Follow us @diprassam dipr.assam.gov.in